CMYK

हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...



वर्ष: 14, अंक: 70 पृष्ठ :8

www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, गुरुवार 29 दिसम्बर, 2022 मूल्य 1.50

## संक्षिप्त समाचार

### प्राणी उद्यान में बाघ किशन की स्थिति चिंताजनक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ के नवाब वाजिद अली शाम प्राणी उद्यान में किशन नामक बाघ कान और मुंह कैंसर से ग्रसित होने से उसकी स्थिति चिंता जनक बनी हुई है।

प्राणी उद्यान के निदेशक वी के मिश्र ने बुधवार को बताया कि बाघ किशन कान और मुंह कैंसर से ग्रसित है और उसका उपचार निरंतर प्राणि उद्यान की वन्यजीव चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों की देखरेख में किया जा रहा है। बाघ ने अब पूरी तरह से भोजन त्याग दिया है और उसका जीवन पीनी पर आधारित है। उन्होंने बताया कि किशन बाघ अब ज्यादातर लेटे रहता है और उसके लिए पुआल का गद्दा बनाया गया है और ठंड से बचाया जा रहा है। इसके अलावा उद्यान में वृद्ध बाघिन कजरी की स्थिति भी पूर्वत बनी हुई है।

### जम्मू में पुलिस और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़, तीन आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के जम्मू जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि, जम्मू जिले के सिधरा इलाके में हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकियों की शिनाख्त की जा रही है। आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया हैं। आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने सुबह जम्मू शहर के बाहरी इलाके सिदरा इलाके को घेर लिया था। पुलिस ने आगे कहा है, जब छिपे हुए आतंकवादियों को ललकारा गया, तो उन्होंने आसपास के सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी थी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई की गई।

### कोयले की गैस से दम घुटने से 3 बच्चों सहित परिवार के 4 सदस्यों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बुधवार को कोयले से चलने वाले हीटर से निकले धुएं से दम घुटने के कारण एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बनिहाल तहसील के सुदूर चक नरवाह गांव की है। इसमें मरने वालों की पहचान 35 वर्षीय नूरजहां और उसके बेटे जफ्फ़र अहमद (12) व बेटियों-शाहिजा बानो (8) तथा आसिया बानो (5) के रूप में की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दिल्ली एनसीआर और उत्तर भारत में शीत लहर से ठिठुरन बढ़ी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली-एनसीआर आज सुबह भी कडाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित रहा। लोग धुंध और कोहरे के बीच सड़क किनारे, फल और सब्जी मंडियो में अलाव सेकते देखे गये। इसके साथ ही उत्तर भारत के कई राज्यों में चल रही शीत लहर से ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3-4 दिनों तक दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड और घना कोहरा छाया रहेगा। अगले 24 घंटों के दौरान हरियाणा, चंडीगढ़ और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों समेत उत्तरी राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। दिल्ली में आज सुबह तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। दिल्ली में इस मौसम का सबसे अधिक कोहरा मंगलवार को देखा गया जिसके कारण रेल और अन्य यातायात प्रभावित हुए। मंगलवार को अधिकतम तापमान 17.2 डिग्री रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री दर्ज किया गया था।

# योगी बोले, ब्रांड यूपी से दुनिया का परिचय कराएगा जी-20 सम्मेलन

## भारत को विश्व के बड़े राष्ट्रों के समूह जी-20 की अध्यक्षता करने का गौरव प्राप्त हुआ

**संवाददाता**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता में होने वाले जी-20 सम्मेलनों के सफल आयोजन के लिए उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की और अफसरों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में भारत को विश्व के बड़े राष्ट्रों के समूह जी-20 की अध्यक्षता करने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह वैश्विक समारोह उत्तर प्रदेश के लिए अपार संभावनाएं लेकर आया है। यह कार्यक्रम ब्रांड यूपी को दुनिया से परिचय कराने का शानदार मंच है। हमें इस वैश्विक समारोह का अधिकाधिक लाभ लेना चाहिए। भारत की अध्यक्षता वाले जी-20 के एक वर्ष की अवधि में उत्तर प्रदेश के वाराणसी, लखनऊ आगरा और ग्रेटर नोएडा में अलग-अलग कार्यक्रम होने प्रस्तावित हैं। इन जनपदों में अतिथि देवो भव की भारतीय भावना के अनुरूप आयोजन को भव्य बनाने की तैयारी की जाए। यह आयोजन स्वच्छता, सुंदरता, सुरक्षा और

**आयोजन**

- » वैश्विक समारोह उत्तर प्रदेश के लिए अपार संभावनाएं लेकर आया
- » ब्रांड यूपी को दुनिया से परिचय कराने का शानदार मंच
- » विदेशी आगन्तुकों की सुरक्षा के मानक अनुरूप प्रबंध किए जाएं

सुव्यवस्था का मानक हो, इसके लिए एक टीम के रूप में सभी को प्रयास करना होगा।

विदेशी आगन्तुकों की सुरक्षा के मानक अनुरूप प्रबंध किए जाएं। मेडिकल इमरजेंसी, ट्रैफिक आदि के संबंध में भी आवश्यक व्यवस्था की जाए। अतिथियों के भोजन में उत्तर प्रदेश की विविधतापूर्ण खान-पान संस्कृति का समावेश होना चाहिए।जी-20 सम्मेलनों की मेजबानी वाले शहरों को भव्य स्वरूप दिया जाए। शहर में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक महत्व वाली विरासतों पर आकर्षक लाइटिंग की जानी चाहिए। अतिथियों के भ्रमण



रूट पर दीवारों पर प्रदेश की संस्कृति को दर्शाने वाले चित्रों को प्रदर्शित किया जाए।

भारत की योग परंपरा को आज पूरी दुनिया अपना रही है, ऐसे में सूर्य नमस्कार के विभिन्न मुद्राओं को प्रदर्शित करती हुई प्रतिमाएं लगाई जा सकती हैं। सभी चार शहरों में होने वाले आयोजन में स्थानीय संस्कृति को थीम बनाया जाए। जैसे, राजधानी लखनऊ में अवध संस्कृति, आगरा में ब्रज संस्कृति, रंगोत्सव, वाराणसी में गंगा संस्कृति को थीम बनाकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। प्रदेश आगमन पर पुष्पवर्षा के साथ अतिथियों का स्वागत किया जाए। स्थानीय सांस्कृतिक समूहों, स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लें।

जी-20 सम्मेलनों की मेजबानी एक ऐतिहासिक अवसर है। इसे अविस्मरणीय बनाने के लिए राजधानी लखनऊ में एक जी-20 पार्क की स्थापना की जानी चाहिए। इस संबंध में स्थान का चिन्हांकन कर पार्क की रूपरेखा के संबंध में कार्ययोजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जी-20 सम्मेलनों में सुरक्षा व्यवस्था एक महत्वपूर्ण विषय है। गृह विभाग द्वारा सभी डेलीगेट्स की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाए। हर डेलीगेट्स के साथ एक लाइजनिंग अधिकारी की तैनाती की जाए। लाइजनिंग अधिकारी की विधिवत ट्रेनिंग कराई जाए। हर प्रकार के बाह्य और आतंरिक सुरक्षा की आशंकाओं के दृष्टिगत कड़े सुरक्षा इंतज़ाम किये जायें। साइबर अपराध के प्रयासों पर भी नजर रखी जाए। अग्निशमन के लिए मानक अनुरूप इंतजाम होने चाहिए। बेहतर सर्विलांस, इंटेलिजेंस इनपुट आदि के लिए भारत सरकार से यथा आवश्यक मार्गदर्शन लिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को मदर ऑफ डेमोक्रेसी की संज्ञा दी है। उत्तर प्रदेश के पास समृद्ध इतिहास की विरासत है। जी-20 के मंच पर प्रदेश की प्राचीन कला, संस्कृति, इतिहास, पुरातात्विक विशिष्टताओं का संकलन कर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। प्रदेश की समृद्ध अर्थव्यवस्था, जीडीपी, औद्योगिक विकास आदि का भी प्रदर्शन किया जाना चाहिए।

प्रदेश सरकार के हर आयोजन, प्रत्येक पत्राचार पर जी-20 के लोगो का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि व्यापक जनसहभागिता से ही यह सम्मेलन अपने उद्देश्यों में सफल होगा। जी-20 आयोजन से अधिकाधिक युवाओं को जोड़ा जाना चाहिए। विश्वविद्यालयों में इस विषय पर विशेष चर्चा-परिचर्चा आयोजित की जानी चाहिए। आयोजन वाले सभी चार शहरों में प्रदेश के युवा चित्रकारों के चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाए। इसके अलावा, पुस्तक मेला, योग चैलेंज, क्राफ्ट मेला, स्कूल स्तर पर नृत्य एवं संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। स्थानीय प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक वाहनों पर जी-20 की ब्रांडिंग की जाए। ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित कार्यक्रमों के आयोजन में तीनों स्थानीय विकास प्रधिकारणों को भी जोड़ा जाए। जी-20 की मेजबानी सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर, सुंदरीकरण के लिए भी अच्छा मौका है। जिस रूट पर डेलीगेट्स का आवागमन होना है, आवश्यकतानुसार वहां की सड़कों को व्यवस्थित कराया जाए। स्वच्छता पर हमें खास ध्यान देना होगा। जिन शहरों में सम्मेलन होने हैं, वहां कार्यक्रम की तिथि से एक सप्ताह पूर्व स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाए। इन शहरों को प्लास्टिक फ्री बनाने का प्रयास हो। जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें, जनसहभागिता को बढ़ाएं। जी-20 सम्मेलन के सफ़ल आयोजन में इंटरनेट कनेक्टिविटी की बड़ी भूमिका होगी। कार्यक्रम स्थल पर ग्लोबल मानकों के अनुरूप हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध हो। वैकल्पिक व्यवस्था भी रखी जाए।

# अमित शाह ने की अहम बैठक

## लेह-लद्दाख और जम्मू-कश्मीर पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लेह-लद्दाख के विकास और जम्मू-कश्मीरकी सुरक्षा को लेकर बुधवार (28 दिसंबर) शाम को करीब तीन-चार बजे एक अहम बैठक बुलाई है। इस बैठक में लेह-लद्दाख के उपराज्यपाल, डीजीपी और अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे. गृह मंत्री अमित शाह के अलावा केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया एजेंसी आईबी और रॉ के चीफ भी बैठक में शामिल होंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जम्मू के सिधरा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच बुधवार को हुई मुठभेड़ के बाद गृह मंत्रालय ने यह अहम बैठक बुलाई है। सूत्रों की मानें तो अमित शाह के नेतृत्व में होने वाली इस हाई लेवल मीटिंग में जम्मू-कश्मीर में

**बैठक**

- » कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास समेत टारगेट किलिंग जैसे मुद्दे पर चर्चा की जा सकती है

आतंकवादी गतिविधियों, ड्रोन एक्टिविटी, कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास समेत टारगेट किलिंग जैसे मुद्दे पर चर्चा की जा सकती है। बता दें कि खुफिया एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की साजिश को लेकर पिछले 15 दिनों में 2 अलर्ट जारी किए थे। इनमें लश्कर की नापाक साजिश का खुलासा किया गया था। अधिकारी ने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के पहले सुरक्षा



व्यवस्था को बढ़ा दिया गया है. एडीजीपी ने बताया कि इस दौरान बुधवार सुबह संदिग्ध ट्रक दिखाई दिया। ट्रक को चेकिंग के लिए रोका गया। इसी दौरान ट्रक में छिपे आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी. इसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी फायरिंग में तीन आतंकियों को मार गिराया। जम्मू-कश्मीर से आतंकियों के खात्मे के लिए सुरक्षाबलों का ऑपरेशन ऑल आउट जारी है। सुरक्षाबल घाटी में आतंकियों को चुन-चुन कर उनका सफाया कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में अब सुरक्षाबलों के इस खास ऑपरेशन का असर भी दिखने लगा है। सूत्रों के मिली जानकारी के मुताबिक, जम्मू कश्मीर में स्थानीय स्तर पर आतंकियों की रिक्रूटमेंट अब कुछ इलाकों तक ही सीमित रह गई है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां की तबीयत बिगड़ी, हालत गंभीर

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन की आज अचानक तबीयत बिगड़ गई है जिसके बाद उन्हें अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, हीराबेन को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी जिसके बाद उन्हें अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हीराबेन को आज सुबह-सुबह अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि हीराबेन गांधीनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे भाई पंकजभाई के साथ रायसन में वृंदावन बंगला-2 में रह रही हैं। हीराबेन का जन्म 18 जून 1923 को हुआ था। इस साल उन्होंने 18 जून को अपने जीवन के 100वें साल में प्रवेश किया था और इससे पहले पीएम मोदी 5 दिसंबर को मां हीराबा से मुलाकात भी



**मुलाकात**

- » अहमदाबाद मां हीराबेन को देखने यूएन मेहता अस्पताल पहुंचे पीएम मोदी, डॉक्टर बोले, हालत स्थिर

की थी। गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान गांधीनगर के पास रायसन गांव में वोट डाला था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपनी बीमार मां से मिलने अस्पताल पहुंचने की खबर है। अहमदाबाद के 'यू एन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटरश् में पीएम मोदी की मां हीराबेन को तबीयत खराब होने पर भर्ती कराया गया है। वहीं पीएम मोदी के अहमदाबाद पहुंचने की खबरों के बीच अस्पताल के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

# योगी सरकार पर फिर हमलावर हुए अखिलेश यादव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अखिलेश यादव ने बुधवार को ट्वीट के जरिए बीजेपी पर वार किया। उन्होंने लिखा, आरक्षण को ख़त्म करने की कोशिश बीजेपी की नकारात्मक राजनीति की विद्रूप साज़िश है। बता दें कि कोर्ट के फैसले से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी निराश नजर आए। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया है कि सरकार हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। उन्होंने इस मामले में सपा को

**राजनीति**

- » कोर्ट के फैसले से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी निराश नजर आए

भी आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि सपा का चरित्र पिछड़े वर्ग के साथ धोखा करने का है भले का नहीं, अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण के बिना नगरीय निकाय चुनाव नहीं होंगे,



सरकार ने स्पष्ट कर दिया है, सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले के विरूद्ध सरकार अपील करेगी, सपा समाप्त वादी पार्टी बनेगी, सपा डूबता हुआ जहाज है। लखनऊ पीठ ने अपने आदेश में बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव कराने को कहा है। कोर्ट के आदेश के बाद अब तक जो सीटें ओबीसी कैंडिडेट के लिए आरक्षित रहती थीं वह सभी जनरल कैटिगरी में शामिल कर दी जाएंगी। कोर्ट ने चुनाव तत्काल कराने के भी आदेश दिए गए हैं। कोर्ट ने भले ही तत्काल चुनाव कराने के आदेश दिए हों लेकिन जिस तरह से सरकार ने इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में ले जाने का फैसला किया है ऐसे में निकाय चुनाव की तारीख आगे खिंच सकती है।

# जनवरी के मिड में तांडव मचा सकता है कोरोना, स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली।** चीन में हाहाकार मचा रहा कोरोना भारत में भी तांडव मचा सकता है। स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े



आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अगले 40 दिन बेहद अहम होने जा रहे हैं क्योंकि पिछले रुझानों को देखते हुए माना जा सकता है कि जनवरी के मध्य में भारत में कोरोना के मामलों में वृद्धि देखी जा सकती है। देश में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के मामले पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिशा-निर्देश भी जारी कर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों की रेंडम जांच की जा रही है। साथ ही कोरोना संक्रमित व्यक्तियों के नमूनों की जीनोम सीक्वेंसिंग कराए जाने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

# मुर्मू ने भद्राचलम मंदिर में किया पूजा-अर्चना

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को भद्राद्री कोठागुडेम जिले के भद्राचलम स्थित सीता रामचंद्र स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। मुर्मू इस मंदिर में जाने वाली पहली महिला राष्ट्रपति हैं। इस दौरान वह मंदिर में प्रसाद योजना के तहत पर्यटन बुनियादी ढांचे के निर्माण की नींव भी रखेंगी। बाद में, वह वनवासी कल्याण परिषद द्वारा आयोजित सम्मक्का सरलम्मा जनजाति पुजारी सम्मेलन में शामिल होंगी। इसके साथ ही वह तेलंगाना के कोमाराम भीम आसिफाबाद और महबूबाबाद जिलों में जनजातीय मामलों के मंत्रालय के



एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने 13 जुलाई, 1965 को भद्राचलम में गोदावरी नदी पर एक पुल का उद्घाटन करने आए थे। उस समय उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इसके बाद राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी ने 1980 में मंदिर का दौरा किया था।

## कांग्रेस स्थापना की 138वीं सालगिरह पर आयोजित समारोह में कहा

# कांग्रेस ने हमेशा किया लोकहित का काम : खड़गे-राहुल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को पार्टी के 138वें स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस ने शुरू से ही जनहित का काम किया है और जिस प्रगति का लाभ देश को मिल रहा है उसकी बुनियाद में कांग्रेस का ही योगदान है। दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोगों की भलाई एवं प्रगति के लिए काम किया है और संविधान में निहित राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों तथा सबको

**समारोह**

- » कांग्रेस ने हमेशा लोगों की भलाई एवं प्रगति के लिए काम किया
- » कांग्रेस पार्टी ने 75 वर्षों के सफ़र में आधुनिक भारत की सफलता की इबारत लिखी

समानता का अवसर देने में विश्वास करती है। गांधी ने ट्वीट किया मुझे गर्व है, मैं ऐसे संगठन का हिस्सा हूं जिसने





हर परिस्थिति में सत्य, अहिंसा और संघर्ष का रास्ता चुना और हर कदम हमेशा लोकहित में उठाया है। खड़गे ने बाद में यहां पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस स्थापना की 138वीं सालगिरह पर आयोजित समारोह में कहा कि आज ही के दिन 28 दिसंबर 1885 को मुम्बई में कांग्रेस पार्टी की नींव रखी गई थी। आज़ादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने 75 वर्षों के सफ़र में आधुनिक भारत की सफलता की इबारत लिखी है। इस अवसर पर उन्होंने सेवादल के 100 साल पूरे होने पर संगठन की कार्यकर्ताओं को भी बधाई दी।

उन्होंने कहा कि भारत की आज़ादी के आसपास कई दूसरे देश भी आज़ाद हुए थे। लेकिन बहुत से देश में सत्ता की बागडोर तानाशाही ने ले ली। भारत न सिर्फ़ सफल और मज़बूत लोकतंत्र बना बल्कि कुछ ही दशकों में हम आर्थिक, परमाणु, मिसाइल, रणनीतिक क्षेत्र में सुपर पॉवर बन गये। कृषि, शिक्षा, मेडिकल, आईटी और सेवा क्षेत्र में भारत, दुनिया के टॉप देशों में शामिल हो गया। खड़गे ने देश की प्रगति की इस बुनियाद में कांग्रेस के योगदान को बताया और कहा कि ये सब अपने आप नहीं हुआ। यह कांग्रेस की लोकतंत्र में आस्था के कारण हुआ, सभी को साथ ले कर चलने की हमारी ऑडियोलॉजी के कारण ये सब कुछ हुआ, ज्ञान-विज्ञान में हमारे विश्वास के चलते हुआ।

CMYK

# कांग्रेस पार्टी पिछड़ों-दलितों के संवैधानिक हको को लेकर प्रतिबद्ध, सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी: खाबरी

## प्रदेश सरकार की घोर लापरवाही के कारण स्थानीय निकाय चुनाव रुक गये

**संवाददाता**

**लखनऊ।** आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने कहा कि प्रदेश सरकार की घोर लापरवाही के कारण स्थानीय निकाय चुनाव रुक गये हैं। जब सुप्रीम कोर्ट ने गवरी बनाम महाराष्ट्र के मामले में आदेश दिया हुआ था तो आखिर वह ऐसे कौन से कारण थे कि सरकार द्वारा उनकी अनदेखी की गई। जनता को दिखाने के लिए सरकार इस आदेश के विरूद्ध सुप्रीम कोर्ट जा सकती है। अब उन्हें कौन समझाये कि सुप्रीम कोर्ट अपने ही आदेश को कैसे परिवर्तित करेगी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के ट्रिपल टेस्ट फार्मूले के अनुसार राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग की आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्थिति क्या है? इसके लिए प्रकृति और प्रभाव का डेटा एकत्र करने के लिए एक विशेष आयोग का गठन किया जाना आवश्यक था। राज्य सरकार को इस विशेष आयोग की सिफारिशों के आधार पर ही नगर निगम और नगर पालिका चुनाव में अनुपातिक आधार पर आरक्षण देना था। राज्य सरकार को यह भी ध्यान देना था कि एस सी,एस टी,ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 50 फीसद के कुल आरक्षण सीमा से बाहर नहीं जाये। तब प्रश्न यह उठता है कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिये गये इन सभी दिशा निर्देशों का अनुपालन न करना किसकी जवाबदेही तय करता है। श्री खाबरी ने सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि क्या यह सरकार का कर्त्वय नहीं था कि देश के सुप्रीम कोर्ट का सम्मान उसके दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पूरा किया जाये। माननीय उच्च न्यायालय ने ओबीसी आरक्षण के सम्बन्ध में दाखिल की गई 93 रिट याचिकाओं को एक साथ जोड़ते हुए निर्णय दिया है। अभी तक चुनाव में धार्मिक और क्षेत्रीय बंटवारे की राजनीति करती हुई भाजपा सरकार अब अतिरिक्त जातियों में बंटवारा करना चाहती है। यह सरकार 2024 तक इस मामले को गर्माये रखना चाहती है।

**आदेश**

» आखिर वह ऐसे कौन से कारण थे कि सरकार द्वारा उनकी अनदेखी की गई

» कौन समझाये कि सुप्रीम कोर्ट अपने ही आदेश को कैसे परिवर्तित करेगी



उन्होंने आगे कहा कि ओबीसी मतों के दम पर सत्ता में आयी भाजपा सरकार विगत 6 वर्षों में पिछड़ा वर्ग आयोग तक नहीं गठित नहीं कर पाई। भाजपा की रणनीति है ओबीसी वर्ग को प्राप्त आरक्षण को समाप्त करना सरकार को यदि आरक्षण देना ही होता तो पहले ही सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रक्रिया को पूरी कर लेती। निकाय चुनाव में पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व खत्म करने की सुनियोजित साजिश कर रही है योगी सरकार। पहले पिछडो के नौकरियों सहित अन्य संसाधनों पर डाका डाल चुकी है योगी सरकार। ट्रिपल टेस्ट न करा कर स्थानीय निकायों में पिछड़ो के हको पर डाका डालने का काम कर रही है योगी सरकार। श्री खाबरी ने आगे कहा कि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का अनुपालन न करते हुए पिछडे वर्ग के लोगों का सिर्फ शैक्षिक एवं सामाजिक पिछडे पन का ध्यान रखकर सर्वे कराया। जो आरक्षण का खाका सर्वे के अनुसार दिया गया वह नियमानुसार नहीं था। इसीलिए कोर्ट ने कहा राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट की पहली की दी गई व्यवस्था को मानने के लिए बाध्य है। कोर्ट ने फिर कहा कि राज्य सरकार द्वारा कराया गया सर्वे सुझाये गये सर्वे से मेल नहीं खाता। इस कथन से सरकार की यह मंशा स्वतः स्पष्ट हो जाती है कि वह जनता के हित कार्य करने की पक्षधर ही नहीं है। अगर ऐसा नहीं होता तो सरकार सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करती। उन्होंने कहा कि जिस तरह वर्तमान सरकार अपनी कथनी और करनी के अंतर को प्रदर्शित करती रही है कोर्ट का यह फैसला उसके उसी चरित्र को उजागर कर रहा है। ओबीसी वर्ग की हितैषी बनकर कोर्ट के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट में जाने की बात करने वाली योगी सरकार कहीं न कहीं अपने दोहरे चरित्र को दिखा रही है। अगर उसे कोर्ट की बात माननी ही होती तो पहले ही सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार ही कार्य करती। इस तरह देरी करके जनता को गुमराह करने की इनकी आदत लोगों और न्यायालयों के समय को मात्र खराब नहीं करती। श्री खाबरी ने कहा कि सरकार की मंशा अगर पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने की ही होती तो ट्रिपल टेस्ट कराकर आरक्षण की व्यवस्था लागू कराती ताकि कोर्ट में कोई विपरीत स्थिति उत्पन्न न हो। लेकिन समझने वाली बात यह है कि सरकार की मंशा क्या है, बस आम जनमानस के बीच में असमंजस की स्थिति को पैदा करना। भारतीय जनता पार्टी सामाजिक न्याय की अवधारणा और संविधान की मूल आत्मा को हमेशा से ही दरकिनार करती रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### डा जियाउद्दीन अहमद डेंटल कॉलेज में 1997 बैच के छात्रों का पुनर्मिलन समारोह

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के डा जियाउद्दीन अहमद डेंटल कालेज (जेडएडीसी) के 1997 बैच के छात्र पुरानी यादों को ताजा करने और नए रिश्ते बनाने के लिए बीडीएस कोर्स में शामिल हुए। 25 साल के दाखिले के बाद अलग-अलग हिस्सों से लोग कालेज में आयोजित रीयूनियन समारोह में देश-विदेश के ख्यातिलब्ध दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। डेंटल कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर डा आरके तिवारी ने पूर्व छात्रों के पुनर्मिलन कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन पर जोर दिया और पूर्व छात्रों के नेटवर्क को उनके अमूल्य समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। पूर्व छात्र डा नीता शर्मा, डा निशात सुल्तान, डा अंकित बहल, डा अभिनव सिंह, डा समरीन हनीफ, डा शाइस्ता परवीन, डा राजेश शर्मा, डा विक्रांत गोटी डा सीरत रहमान, डा गौरव गर्ग , डा वंदना सिंह, डा आनंद गुप्ता, डा मोहम्मद सबीह खान, डा जुनैद अशरफ, डा नसीम अशरफ, डा एम असलम, डा इरफानुल हक, डा सैयद अल-इन्सान अहमद, डा जावेद खान डा राशि शर्मा और डा काजी कबीरुल इस्लाम ने अपने विचार व्यक्त किए और मातृसंस्था से अपना लगाव व्यक्त किया और रिश्ते का जिक्र किया। पूर्व छात्रों ने कालेज के विभिन्न विभागों में और कॉलेज के मुख्य द्वार के सामने तस्वीरें खिंचवाईं, जबकि उनमें से कुछ ने उन छात्रावासों का भी दौरा किया जहां वे अपने छात्र जीवन के दौरान रहे थे। इस रीयूनियन में डेंटल कालेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर एचए अल्वी और डेंटल कालेज के सभी वरिष्ठ शिक्षक भी शामिल हुए। सभी पूर्व छात्रों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। पूर्व छात्रों ने इस अवसर पर कहा कि पुनर्मिलन कई यादगार पलों को याद करता है और अल्मा मेटर का अपने प्रेम के संकल्प को मजबूत करता है। उन्होंने सभी वरिष्ठ शिक्षकों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### आवास योजना में रिश्वत लेने को लेकर सख्त हुई सीडीओ, जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार जहां भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। वहीं मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सान्या छाबड़ा ने सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार को लेकर कड़ा रुख अख्तियार किया है। सीडीओ छाबड़ा ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों से किसी को भी अवैध रूप से धनराशि न देने की अपील की है। उन्होंने किसी भी शिकायत के लिए जिला स्तर से लेकर ब्लाक स्तर तक हेल्पलाइन सूची जारी किया है।मुख्य विकास अधिकारी ने आवास प्राप्त लाभार्थियों से सीधी अपील की है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत केन्द्र सरकार द्वारा आवास प्लस सूची जारी की गई है। उन्होंने बताया की बीते वर्ष में ग्राम पंचायतों को सीधा आवास आवंटित किए गए हैं। आवास प्लस की स्थाई पात्रता सूची के आधार पर क्रम से पात्र लाभार्थियों को नियमानुसार आवास आवंटित किया जा रहा है। पात्र व्यक्तियों को पारदर्शी व्यवस्था रखी गई है। उन्होंने कहा कि रिश्वत खोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा की ग्राम प्रधान पंचायत सचिव अथवा किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी को कोई विशेष अधिकार नहीं है। उपरोक्त लोगों को अधिकार नहीं है कि किसी भी लाभार्थी को आवास दिला सके। सीडीओ ने कहा कि चयनित लाभार्थियों के खाते में शासन स्तर से सीधा 1,20,000 रुपए की तीन किस्तों के रूप में आवास निर्माण हेतु धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। जिस पर स्वयं लाभार्थी का हक है। यदि आवास दिलाने हेतु कोई अवैध रूप से धनराशि की मांग करता है तो उस संबंध में संबंधित विकास खंड के खंड विकास अधिकारी के दूरभाष नंबर पर संपर्क कर उन्हें उस प्रकरण से अवगत कराएं। उन्होंने कहा की इसके साथ ही जनपद स्तर पर परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के दूरभाष नंबर पर भी शिकायत की जा सकती है।उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायत के लिए फोन नंबर जारी किए गए हैं।

### न्यूनतम पारा 8 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, पछुआ हवा चलने से बढ़ी गलन

**बहराइच।** जिले में दो दिनों से कड़ाके की ठंड व शीतलहर पड़ रही है। सुबह बच्चे ठिठुरते हुए स्कूल पहुंच रहे हैं। दिन भर पछुआ हवाएं चलती रहीं। सूर्य देव बादलों में छिपे रहे। न्यूनतम पारा 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गलन बढ़ने से लोग घरों में कैद रहे। मवेशी भी अलाव का सहारा लेकर ठंड से बचाव करते दिखे। पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी के बीच चल रही पछुआ हवाओं के हिलारे से तराई में ठंड प्रचंड हो गई है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक ठंड से लोग बेहाल दिखे। दो दिनों से चल रही शीत लहर से तराई का पारा लुढ़का रहा। दिन का पारा दो डिग्री लुढ़ककर 18 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 08 डिग्री रिकार्ड किया गया है। 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवाएं चलने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह कोहरा छाया रहा। हवाएं चलने से मौसम साफहुआ, लेकिन सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। मौसम पर्यवेक्षक ने बताया कि अगले 24 घंटे में न्यूनतम पारा के तीन डिग्री पहुंचने की संभावना है। हालांकि पछुआ हवाएं 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं। इससे गलन और बढ़ेगी।

### गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती पर राज्यपाल ने दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। आनंदीबेन पटेल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि गुरू गोविन्द सिंह जी ने समाज से जुल्म और पाप को समाप्त करने का बीड़ा उठाया और गरीबों एवं असहायों की रक्षा के लिये सदैव तत्पर रहे। उनका आदर्श जीवन हम सभी को ईश्वरीय निष्ठा के साथ समता, करूणा, प्रेम, सहानुभूति, त्याग और बलिदान जैसे मानवीय गुणों के लिये प्रेरित करता है।

### जेल मंत्री ने लखनऊ जेल में कंबल वितरित किया,अपराध न करने की अपील की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने जिला जेल लखनऊ में बंदियों के साथ वार्ता किया। वार्ता के बाद बंदियों को भगवत गीता, जपमाला और कम्बल वितरित किया। कंबल वितरण कार्यक्रम कृष्णा मूवमेन्ट वृन्दावन एवं अक्षयपात्र फाउन्डेशन लखनऊ के तत्वाधान में आयोजित किया गया था। धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी प्रदेश का मंत्री विभागीय उपलब्धियों एवं प्रगति के संबंध में प्रधानमंत्री से मिलकर प्रजेन्टेशन दिया। संवाद के दौरान बंदियों से अपील की कि वे अपनी दिनचर्या में सुधार लाये, मंत्रों का उच्चारण करें और नकारात्मक चर्चा से दूर रहें। जेल में बंद बंदियों के कार्यशैली एवं जीवन में सकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। जेलों का वातावरण भी अब मानवीय सोच और दूसरों के लिए अच्छा करने की भावना से ओत प्रोत हो रहा है।

### मण्डलीय फैसिलीटेशन काउंसिल की बैठक सम्पन्न, सभी प्रकरण का निस्तारण समय से हो

**लखनऊ।** मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में मण्डलीय फैसिलीटेशन काउंसिल की बैठक आयुक्त सभागार में संपन्न हुई। उन्होंने सभी प्रकरण को एक एक करके पक्ष और विपक्ष की दलीलों को गंभीरता से सुना। मंडलायुक्त द्वारा सर्वप्रथम शिवगंगा कंस्ट्रक्शन, हरदोई बनाम ओयसएम प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड बल्लभगढ़, फरीदाबाद,हरियाणा तथा दूसरा प्रकरण टीएंड यल गैसेस प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ बनाम सिद्धिविनायक इंटरप्राइजेज पुणे महाराष्ट्र, तथा तीसरा प्रकरण जेनी बायो हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ बनाम पैराडाइम एंटरप्राइजेज तथा चौथा प्रकरण शंकर एंटरप्राइजेज लखनऊ बनाम सीजीएम, इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड, भोपाल मध्य प्रदेश तथा पाचवां प्रकरण लाइव साइंस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ बनाम नेशनल इंस्ट्रक्शनल उमकपं प्देजपजनजम चेन्नई प्रकरणों को मंडलायुक्त द्वारा पक्ष और विपक्ष की दलीलों को गंभीरता से सुना। मण्डलायुक्त ने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रकरण का निस्तारण समय से करने को कहा हैं।

### भुगतान न होने से नाराज आशाओं ने निकाली रैली

**शाहजहांपुर।** जिले में आशा वर्करों ने सीएमओ कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट परिसर तक रैली निकालकर भुगतान कराने की मांग की है। नारेबाजी करते हुए आशा वर्करों और आशा संगिनियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर अवैध वसूली करने वाले अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही प्रदेश भर में आशा के साथ अधिकारियों द्वारा अभद्रता करने की घटनाओं को रोकने और उनके ऊपर कार्रवाई की भी मांग की है। आशा कार्यकताओं ने चेतावनी दी है कि जल्द मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे कार्य ठप कर देंगी। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर यूनियन की जिलाध्यक्ष कमलजीत कौर के नेतृत्व में आज दर्जनों आशा वर्कर और आशा संगिनी इकट्ठा होकर सीएमओ कार्यालय से कलेक्ट्रेट परिसर तक रैली निकालकर जमकर नारेबाजी की। आशाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में सिटी मजिस्ट्रेट 13 सूत्रीय ज्ञापन देकर मांग की। प्रदेश भर में आशाओं के भुगतान के बदले अधिकारियों द्वारा की जा रही अवैध वसूली को रोका जाए। वर्ष 2021 से वर्ष 2022 तक आशाओं को विभिन्न मदों से किया जाने वाला भुगतान रोक दिया गया है, उसको दिलाया जाए। गोल्डन आयुष्मान कार्ड, दस्तक अभियान, वेलनेस सेंटर, टीवी कुष्ठ रोक अभियान, पोलियो के विरूद्ध अभियान, हेल्थ प्रमोशन की वर्षों से बकाया राशि का भुगतान नही किया गया है। आशाओं ने मांगों को पूरा करने के लिए ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। जिलाध्यक्ष कमलजीत कौर ने बताया कि आशा वर्कर और आशा संगिनी भुखमरी की कगार पर पहुंच गई है।

# नए साल में कटेगा बिजली कनेक्शन, लखनऊ समेत पूरे मध्याचंल में चलेगा अभियान


**संवाददाता**

**लखनऊ।** बिजली बिल जमा नहीं करने वालों के खिलाफ नए साल में अभियाल चलेगा। लेसा समेत मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सभी जिलों में कनेक्शन काटने का अभियान व्यापक पैमाने पर चलेगा। इसमें 10 हजार से बड़े बकाएदारों का कनेक्शन काटा जाएगा और पैसा जमा होने के बाद भी उनको जोड़ा जाएगा। इसमें घरेलू और कर्मशल सभी तरह के कनेक्शन धारी शामिल होंगे। लेसा ट्रांस गोमती के अधिकारियों ने बताया कि इसकी

**अभियान**

» 10 हजार से ज्यादा का बकाया तो तत्काल कनेक्शन कट जाएगा

लेकर सभी डिवीजन स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है। लखनऊ में ट्रांस और सिस गोमती को मिलाकर करीब दो लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे है, जिनका बिजली बकाया 10000 रुपए से ज्यादा है। लखनऊ समेत मध्यांचल के 20 से ज्यादा जिलों में कनेक्शन काटने का अभियान



चलाया जाएगा। इसको लेकर डिवीजन स्तर पर एक्सईएन को निर्देश जारी कर दिया गया है। हालांकि, इसमें उन उपभोक्ताओं को शामिल नहीं किया गया, जिनका एक महीने का ही बिल 10 हजार रुपए से ज्यादा आता है। इसमें यह देखना होगा कि कम से कम उसने दो से तीन महीने तक अपना बिजली बिल न जमा किया हो। अभी शहर में ऐसे सैकड़ों लोग शामिल हो गए है, जिनका हजारों रुपए का बकाया हो गया है। सूत्रों की मानें तो लेसा के उपभोक्ताओं पर बीस करोड़ रुपए से ज्यादा का बकाया है।

छोटे बकाएदारों को अब नोटिस भी जारी नहीं होगी, क्योंकि बिल में लास्ट डेट दिया होता है। ऐसे में अगर आप संबंधित तारीख तक बिल जमा

# शैल बाला मेमोरियल शतरंज प्रतियोगिता

**लखनऊ।** प्रिसिशन चौस अकादमी में खेली जा रही शैल बाला मेमोरियल शतरंज प्रतियोगिता के दूसरे चक्र में पहले बोर्ड पर डॉ विजयंत मेहरोत्रा ने किंग पान ओपनिंग से खेल की शुरुआत की जिसका जवाब दूसरी वरीयता प्राप्त राजेन्द्र कुमार ने फ्रेंच डिफेन्स से दिया 12वीं चाल में डॉ विजयंत द्वारा क्वीन साइड कास्लिंग करते ही राजेन्द्र ने राजा की किलेबंदी को तोड़ते हुए मात्र 20 चालों में मात लगा कर पूरा अंक हासिल किया, दूसरे बोर्ड पर मेधांश सक्सेना ने अंत खेल में अक्षत भटनागर को परास्त किया, तीसरे बोर्ड पर आदित्य सक्सेना और संयम श्रीवास्तव के बीच गुइको पिआनो ओपनिंग में संयम ने मात्र 23 चालों में जीत दर्ज की, वहीं चौथे बोर्ड पर पाचवीं वरीयता प्राप्त शनि कुमार सोनी ने समीर मुखर्जी के खिलाफ इंग्लिश ओपनिंग से खेल की शुरुआत की मध्य खेल में समीर ने राजा पर हमला करते हुए किलेबंदी को तोड़ कर 54 चालों में बाजी अपने नाम करते हुए दूसरे चक्र का बड़ा उलटफेर किया, दूसरे चक्र की समाप्ति पर अंक स्थिति इस प्रकार है राजेन्द्र कुमार, मेधांश सक्सेना, संयम श्रीवास्तव, अनुभव सिंह, बसंत सिंह, शान तिवारी, समीर मुखर्जी,और सुनील रमानी 2 दृ 2 अंको के साथ संयुक्त बढ़त पर चल रहे है।

# पेड़ से लटके मिले थे प्रेमी-प्रेमिका के शव

**प्रतापगढ़।** जिले में प्रेमी युगल के शव एक ही दुपट्टे के सहारे मंगलवार को पेड़ पर लटके मिले थे। दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। लड़के के पैर जमीन से छूते मिले हैं जबकि लड़की के पैर जमीन से बमुश्किल 20 सेमी ऊपर थे। लड़के के ताऊ ने लड़की के घर वालों पर हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया। घटना जेठवारा थाना क्षेत्र के बलापुर गांव की है। बेटे की मौत की सूचना पर पिता नासिक से घर पहुंचे। पिता जवाहर लाल पटेल ने अंतिम संस्कार करने से किया मना कर दिया। उनका कहना है कि जब तक आरोपियों के खिलाफ केस नहीं दर्ज हो जाता, तब तक बेटे का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। ऐसे में जेठवारा पुलिस ने मृतक शिवम के भाई सत्यम पटेल की

**घटना**

» पिता बोले, जब तक केस नहीं दर्ज होता, नहीं करेंगे अंतिम संस्कारय पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

तहरीर पर बुधवार की सुबह मृतका कल्पना के पिता विजय पटेल पुत्र बंशीलाल पटेल, शशिकांत मिश्र, सूरज मिश्र पुत्रगण श्याम शंकर मिश्र निवासी बलापुर थाना जेठवारा के खिलाफ धारा 302, 201 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्रा ने बताया कि मृतक युवक शिवम के भाई की तहरीर पर युवती के पिता समेत गांव के दो लोग पर मुकदमा दर्ज किया गया।

# मनाया गया कांग्रेस का स्थापना दिवस

**प्रतापगढ।** कांग्रेस के स्थापना दिवस पर बुधवार को कांग्रेसी गढ़ रामपुर खास में जश्न का माहौल दिखा। संग्रामगढ़ मे क्षेत्रीय विधायक एवं पार्टी विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने पार्टी का समारोहपूर्वक ध्वजारोहण किया। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने पार्टी के झण्डे को सलामी भी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि आजादी के मूल्यों से लेकर देश के आधुनिक विकास की संरक्षा करने मे सिर्फ कांग्रेस की नीतियां ही देश को मजबूत बनाने मे समर्थ है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने

**कार्यक्रम**

» संवैधानिक मूल्यों तथा जनता की आवाज की रक्षा में सिर्फ कांग्रेस समर्थ: मोना

बुधवार को संग्रामगढ़ मे कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होनें कहा कि कांग्रेस जहां देश के संवैधानिक ढांचे को बचाए रखने के लिए भाजपा की तानाशाही से संघर्ष कर रही है वहीं यही पार्टी किसानो तथा महिलाओं व युवाओं के साथ भी सरकारी दमन एवं मंहगाई तथा बेरोजगारी को लेकर संघर्ष की आवाज भी बनी हुई है। सीएलपी नेता मोना ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पं. नेहरू तथा इन्दिरा गांधी और राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के राष्ट्रीय विकास की उपलब्धियों को वह जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लें। स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए पार्टी की केन्द्रीय स्टेयरिंग कमेटी के सदस्य व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा देश के मान सम्मान को बचाये रखने का भाजपा की लोगों को बांटने और नफरत के माहौल के खिलाफ जंग और मजबूती से जारी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा से घबराई भाजपा सरकार सरकारी एजेंसियों का भी यात्रा को प्रभावित करने के लिए दुरूपयोग कर रही है। श्री तिवारी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा देश में बीजेपी के उन्माद के माहौल के खात्मे का भी ऐलान साबित होगी। स्थापना दिवस पर बड़ी संख्या मे मौजूद कार्यकर्ताओं मे सांसद प्रमोद तिवारी को कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का मध्य प्रदेश का समन्वयक बनाए जाने को लेकर भी खासी खुशी देखी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लालजी यादव व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल व संयोजन प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने किया।

# हिन्दू महासभा ने अयोध्या के राजा भगवान हनुमान को छतरी समर्पित की

**संवाददाता**

**लखनऊ।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने आज तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष रमेश बाबू के नेतृत्व में चेन्नई से चलकर अयोध्या पहुंची हनुमान छतरी यात्रा हनुमानगढ़ी पर संपन्न हुई। रमेश बाबू और अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में अयोध्या के बिड़ला धर्मशाला से हनुमानगढ़ी तक भव्य छतरी यात्रा निकाली गई । हनुमान गढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास जी महाराज के माध्यम से छतरी भगवान हनुमान को समर्पित की गई। हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने आज जारी बयान में यह जानकारी दी। निकाली गई हनुमान छतरी यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं और साधु संतों ने हनुमान गढ़ी के राष्ट्र रक्षा, धर्म रक्षा और गौरक्षा का संकल्प लिया। छतरी यात्रा निकालने से पूर्व अयोध्या आगमन पर हिन्दू महासभा जिला अयोध्या के पदाधिकारियों ने तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष रमेश बाबू और उनके 50 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल का फूलमालाओं से भव्य अभिनंदन किया गया । सभी पदाधिकारियों ने श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान राम लला के दर्शन किए। भगवान हनुमान को छतरी समर्पित करने के बाद चेन्नई से आया 50 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल कल सुबह अयोध्या से वाराणसी के लिए रवाना हो जायेगा।

### डिप्टी कमिश्नर ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**अमेठी।** जिले में भीषण ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रशासन के साथ ही समाजसेवी भी जुटे हुए हैं। अमेठी प्रशासन, जहां सड़क पर उतरकर जरूरतमंदों को कम्बल वितरण कर रहा है तो दूसरी तरफ गाजियाबाद में तैनात डिप्टी कमिश्नर जीएसटी भी जरूरतमंदों की मदद के लिए सामने आए हैं।

एक दिन के दौरे पर अपने गृह नगर पहुंचे डिप्टी कमिश्नर ने बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को कम्बल का वितरण किया है। अमेठी जिले के जिला मुख्यालय गौरीगंज के पूरब गांव के मूल निवासी भूपेंद्र शुक्ला गाजियाबाद में डिप्टी कमिश्नर जीएसटी के पद पर तैनात हैं।

### भारत रक्षा दल ट्रस्ट ने नगर निगम चुनाव पर न्यायालय के फैसले का किया स्वागत

**बहराइच।** भारत रक्षा दल ट्रस्ट के संस्थापक श्रीनिवास राय राष्ट्रवादी ने नगर निगम चुनाव को लेकर लखनऊ हाई कोर्ट के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय ने नगर निकाय के चुनाव के लिए बिना आरक्षण चुनाव कराने का जो आदेश दिया है वह अत्यंत प्रशंसनीय है। साथ ही बताया कि राजनीतिक दल अपने स्वार्थ व सत्ता के लिए आरक्षण को हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। लेकिन वास्तव में समाज में हर जाति वर्ग संप्रदाय का विकास हो चुका है। लेकिन फिर भी यदि आरक्षण की आवश्यकता है तो आरक्षण का आधार अमीरी और गरीबी के आधार पर होना चाहिए। श्रीनिवास राय ने राजनैतिक दलो पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब राजनीतिक दल की मंशा के अनुकूल कोई फैसला न्यायालय से आता है। तो कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए फैसले को तुरंत इंप्लीमेंट करते हैं।

# डाक विभाग ने की कन्याओं के भविष्य की चिंता

**संवाददाता**

**लखनऊ।** भारतीय डाक विभाग देश के हर घर तक सीधी पहुंच रखने वाला महकमा है। चाहे बचत योजनाओं के जरिए हो या फिर पत्र पहुचाने के लिए डाकिया दरवाजे दस्तक देता हो। डाक विभाग हर वर्ग के लिए सोचता है। यह उदगार व्यक्त करते हुए पीएमजी लखनऊ रीजन विवेक कुमार दक्ष ने कहा कि नन्ही नन्ही बच्चियों के भविष्य को सुरक्षित और उज्वल बनाने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना लाई गई जो बहुत लोकप्रिय हुई है। सबसे खास बात, डाकघर में जमा धन पूरी तरह सुरक्षित है। डाकघर की विभिन्न बचत तथा बीमा योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु शाखा डाकघर रसौली लेखा कार्यालय प्रधान डाकघर बाराबंकी में एक विशाल डाक व्यवसाय मेले का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पोस्टमास्टर जनरल लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र विवेक कुमार दक्ष उपस्थित रहे।

**योजना**

» डाक विभाग की हर घर तक है सीधी पहुँच-दक्ष

» डाकघर में जमा धन पूरी तरह सुरक्षित

» डाक व्यवसाय मेले में पीएमजी ने लोगों को दी योजनाओं की जानकारी




पीएमजी ने मेले में प्रतिभाग करने वाले मण्डल के शाखा डाकपालों तथा ग्रामवासियों को विभाग की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए बालिकाओं के उज्वल भविष्य हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित सुकन्या समृद्धि योजना के लाभों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला तथा मेले के दौरान डाकघर की विभिन्न बचत बैंक योजनाओं बचत बैंक खाते, आवर्ती खाते , सावधि खाते, पीपीएफ खाते तथा डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा यानि आरपीएलआई के विषय में भी चर्चा करते हुए शाखा डाकपालों को प्रेरित किया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के शेष कार्य दिवसों में अपने क्षेत्र की अधिक से अधिक जनता को उपरोक्त योजनाओं से जोड़ा जाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने आधार आधारित भुगतान सेवा सहित इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक द्वारा दी जारी सुविधाओं के विषय में ग्रामवासियों को अवगत कराया तथा आईपीपीबी से जुड़ने हेतु सभी से अपील की। उन्होंने डाक विभाग द्वारा दी जा रही डीबीटी आधारित भुगतान तथा आरटीजीएस ,एनईएफ्टी के जरिये धन स्थानांतरण सुविधा के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु भी जन समुदाय से संपर्क करने पर जोर दिया ।

### संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला युवक

**बहराइच।** कैसरगंज थाना क्षेत्र के देवलखा निवासी युवक का शव बुधवार सुबह खेत में पेड़ से लटकता मिला। शौच के लिए गई महिलाओं ने देखो तो परिजनों को जानकारी दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कैसरगंज थाना क्षेत्र के देवलखा निवासी जीवन लाल मौर्य (45) का शव बबूल के पेड़ से लटका मिलने की सूचना पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। रोते-बिलखते परिवारवाले भी मौके पर पहुंचे। जीवन लाल के चार बेटियों व एक बेटा है। परिवारवालों ने बताया कि वे मानसिक बीमारी से ग्रस्त था। उसका इलाज चल रहा था। थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव पेड़ से नीचे उतरवाया।

# बलरामपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में दो बच्चों समेत मां की मौत

## मंटोले की सांस चल रही थी, ऐसे में तत्काल उसे अस्पताल भिजवाया गया

**दुर्घटना**

- पुलिस अधिकारी मौके पर छानबीन कर रह
- छह साल से उतरौला कस्बे से सटे लालगंज में किराए के मकान में रहते थे
- आवाज देने पर भी कोई जवाब नहीं मिला तो पुलिस को जानकारी दी

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के उतरौला कोतवाली के लालगंज में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में दो बच्चों समेत मां की मौत हो गई। जबकि पिता की हालत गम्भीर है। उसे सीएचसी ले जाया गया है। मौत कैसे हुई, इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस अधिकारी मौके पर छानबीन कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के थाना लहर के बौढ़खरी निवासी मंटोले (42) पुत्र कालीचरन छह साल से उतरौला कस्बे से सटे लालगंज में किराए के मकान में रहते थे। वह कस्बे में पानी पूरी का ठेला लगाते थे। उनके साथ पत्नी रेखा (38) के अतिरिक्त बेटी लक्ष्मी (11) व बेटा कान्हा (8) रहता था।

बुधवार को जब सुबह दस बजे के बाद भी कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों को कुछ शक हुआ। आवाज देने पर भी कोई जवाब नहीं मिला तो पुलिस को जानकारी दी गई। इस पर डॉयल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा काटकर खुलवाया। अंदर देखा तो चारों बेसुध पड़े थे। मंटोले की सांस चल रही थी, ऐसे में तत्काल उसे अस्पताल भिजवाया गया। जबकि रेखा, लक्ष्मी व कान्हा दम तोड़ चुके थे। मौके पर चिकित्सकों की टीम बुलाई गई। इमरजेंसी मेडिकल अफसर डॉ. विनय गुप्ता ने बताया कि मौके पर तीन की मौत हो गई है व एक को अस्पताल



भेजा गया। मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। कोतवाल संजय कुमार दुबे का कहना है कि अभी मौत का कारण कुछ भी पता नहीं चल सका है। जानकारी की जा रही है। मौके पर पहुंचे एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने स्थानीय लोगों से जानकारी हासिल की।इस घटना से हर कोई हतप्रद है। मंटोले कस्बे में विधायक के घर के सामने पानी पूरी का ठेला लगाता था। बताते हैं कि वह सीधा साधा था। आसपास के लोगों से ज्यादा मेलजोल नहीं था। वह अपने काम से काम रखता था। दोपहर में ठेला लाकर जाता था। शाम को वापस आता था। पत्नी रेखा घर पर ही रहती थी। ऐसे में पड़ोसी भी घटना को लेकर सकते में हैं।प्राथमिक विद्यालय मधुपुर के शिक्षक दिनेश सिंह कहते हैं कि 11 वर्षीय लक्ष्मी उनके यहां पांचवीं की छात्रा थी। आठ वर्षीय कान्हा चौथी का छात्र था। लक्ष्मी पढ़ाई में तेज थी।

### झोपड़ी में लगी आग, चार बच्चों और एक महिला की जलकर मौत

**लखनऊ।** मऊ में चिंगारी से भड़की आग की चपेट में आए 4 बच्चों और 01 महिला की मौत हो गई। जिला मजिस्ट्रेट ने परिवार को सहायता का आश्वासन दिया है।आग लगने के दौरान सभी लोग खाना खाने के बाद सो रहे थे। फूस की झोपड़ी में आग लग गई। लोगों ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीन राहत-बचाव कार्य में जुट गई। हादसे की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे। यह हादसा मंगलवार देर रात कोपागंज थाना के शाहपुर गांव में हुआ है। लोगों के मुताबिक महिला गुड्डी अपने 3 बच्चों 12 वर्षीय अभिषेक, 10 वर्षीय दिनेश और 6 वर्षीय अंजेश के साथ मायके में रहती थी। गुड्डी की बहन की बेटी चांदनी भी उनके साथ रहती थी। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। ग्रामीणों ने अंदेशा जताते हुए कहा कि पानी गर्म करने के लिए आग जलाई गई हो और हवा तेज होने के कारण चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई हो। आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को भी भागने का मौका नहीं मिला, जिससे सभी की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जिलाधिकारी ने तहसील स्तर से मृतक के परिवार को 4 लाख की सरकारी सहायता दिलाए जाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिक्षक अविनाश पांडेय ने बताया कि पांचों मृतकों के शवों को बरामद कर लिया गया है।

# ओबीसी आरक्षण को लेकर भाजपा-सपा में जुबानी जंग तेज

## केशव बोले, पिछड़ों को आरक्षण मिलना तय

**तीखें बोल**

- उत्तर प्रदेश की 60 फीसदी आबादी को आरक्षण से वंचित किया
- सपा और सैफई परिवार को पिछड़े वर्ग का एक उपमुख्यमंत्री बर्दाश्त नहीं हो रहा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव बिना ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) आरक्षण के कराने के अदालती फैसले के बाद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा पर तीखा प्रहार करते हुए बुधवार को दावा किया कि निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण मिलना और सपा का सफाया होना तय है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ का फैसला आने के बाद मंगलवार को सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने राज्य के पिछड़ा वर्ग के मंत्रियों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए ट्वीट किया था, निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण खत्म करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण। उन्होंने आरोप लगया था कि उत्तर प्रदेश सरकार की साजिश। तथ्य न्यायालय के समक्ष जानबूझकर प्रस्तुत नहीं किए। उत्तर प्रदेश की 60 फीसदी आबादी को आरक्षण से वंचित किया। ओबीसी मंत्रियों के मुंह पर ताले। मौर्या (केशव प्रसाद मौर्य) की स्थिति बंधुआ मजदूर जैसी! जवाब में बुधवार को उप मुख्यमंत्री मौर्य ने ट्वीट किया, सपा और सैफई परिवार को पिछड़े वर्ग का एक उपमुख्यमंत्री बर्दाश्त नहीं हो रहा है। अखिलेश यादव सहित सैफई परिवार और उनकी पार्टी के नेता मेरे प्रति कितने अपमानजनक व अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हैं, यह सर्वविदित है।÷ इसी ट्वीट में उन्होंने दावा किया, ÷निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण मिलना और सपा का सफाया होना तय है।÷ उल्लेखनीय है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार की नगर निकाय चुनाव संबंधी मसौदा अधिसूचना को रद्द करते हुए राज्य में बिना ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया था। इसके साथ ही पीठ ने राज्य सरकार एवं राज्य चुनाव आयोग को आदेश दिया कि पिछड़ा वर्ग की सीटों को सामान्य करते हुए स्थानीय निकाय चुनाव को 31 जनवरी 2023 तक संपन्न करा लिया जाए। न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने यह आदेश दिया था। इस फैसले से राज्य में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया था।

## योगी सरकार पर सपा ने साधा निशाना, कहा, यूपी पुलिस बंदूक की नली से डाल रही गोली, चरम पर अज्ञानता

संवददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जिस पुलिस वाले के भरोसे उत्तर प्रदेश की जनता की सुरक्षा का बड़ा दावा कर रही है। वहीं पुलिस डीआईजी के सामने बंदूक की नली से गोली डाल कर फायर करने लगी। एसआई की इस करतूत को देखकर पीछे खड़े एसपी साहब भी माथा पकड़ कर हंसने लगे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो को लेकर समाजवादी पार्टी ने योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा है।

समाजवादी पार्टी ने अपने आधिकारिक ट्विटर से वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि योगी जी की पुलिस को बंदूक में गोली डालना भी नहीं आता! यूपी पुलिस बंदूक की नली से डाल रही गोली, चरम पर अज्ञानता। पार्टी ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों और निर्दोषों का उत्पीड़न करने वाली अनुशासनहीन पुलिस के एसआई को बंदूक चलाना भी नहीं आता, शर्मनाक। ऐसे पुलिसकर्मियों से बेहतर होगी पुलिस फोर्स? जानकारी के मुताबिक मामला बस्ती जिले का बताया जा रहा है जहां पर डीआईजी सहाब ने एसआई से अपने सामने बंदूक में गोली डालकर फायर करने के लिए कहा, इस पर सिपाही ने बंदूक की नली से गोली डालने लगा। यह देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए।

अब बढ़ा सवाल उठ रहा है कि जब पुलिस को बंदूक में गोली डालने के तरीके नहीं पता है तो वह सुरक्षा कैसे करेगी। ऐसे में उत्तर प्रदेश सुरक्षा तो रामभरोसे ही है। वीडियो वायरल के बाद डीआईजी ने सफाई देते हुए कहा कि ऐसे हालातों से निपटने के लिए कड़ी और रेगुलर ट्रेनिंग देने की जरूरत है। जिससे उनकी गुणवत्ता को बढ़ाया जा सकता है। हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद यूपी पुलिस की खूब किरकिरी हो रही है। सोशल मीडिया पर यूजर अपनी अलग-अलग कमेंट कर रहे है।

## कक्षा 9वीं की छात्रा को मिला 80वां स्थान

**सफलता**

- आल इण्डिया एजुकेशनल कम्पटीशन में मिला स्थान

**बस्ती।** जिले में कुछ बेहतर करने का जज्बा हो तो कोई भी काम मुश्किल नहीं होता। इसे सार्थक कर दिखाया है कि ग्रामीण परिवेश की कक्षा 9 की छात्रा हर्षिता पाण्डेय ने लालगंज थाना क्षेत्र के पगार गांव की रहने वाली हर्षिता ने आकाश बायजुएस के आल इण्डिया कम्प्टीशन में प्रतिभाग कर देश में 80वां स्थान प्राप्त किया। इस परीक्षा में लगभग 16 लाख बच्चों ने हिस्सा लिया था। ग्रामीण क्षेत्र के शुभम ग्लोबल स्कूल महसों में कक्षा 9 की छात्रा हर्षिता के पिता प्रमोद कुमार पाण्डेय एक प्राइवेट स्कूल में टीचर है, जबकि उसकी मां गृहणी है। उसका बड़ा भाई कन्हैया पाण्डेय सीए की तैयारी कर रहा है। हर्षिता का कहना है कि वह पढ़ लिखकर एमबीबीएस बनना चाहती है, जिससे वह अपने पिता के सपनों को साकार कर सके और लोगों की बेहतर सेवा कर सके। हर्षिता को आल इण्डिया कम्प्टीशन में मिली सफलता के बाद संस्थ्था उसके 4 साल की पढाई लिखाई का खर्चा उठाएगी।

हर्षिता ने बताया कि आकाश वायजुएस पूरे देश से 100 मेधावी छात्रों को सलेक्ट कर उनकी शिक्षा का खर्च स्वयं उठाती है। हर्षिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्कूल के शिक्षकों और परिजनों को दिया है। शुभम ग्लोबल स्कूल की कोआर्डिनेटर रेशु बताती हैं कि हर्षिता उनके स्कूल की होनहार छात्रा है, पिछले 3 सालों से वह लगातार स्कूल में टॉप कर रही है।

# पोर्टर ने लखनऊ में पैकर्स एंड मूवर्स सेवाएं शुरू की

## शहर में रिलोकेशन की प्रक्रिया का विस्तार करना और एक जगह से दूसरी जगह मूव करने का अनुभव सुगम बनाना

संवाददाता

**लखनऊ।** भारत की सबसे बड़ी टेक-आधारित, ऑन-डिमांड लॉजिस्टिक्स कंपनी पोर्टर ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश में अपनी पैकर्स एंड मूवर्स सेवाएं शुरू की हैं। पैकर्स एंड मूवर्स सेगमेंट में इस विस्तार का उद्देश्य शहर में रिलोकेशन की प्रक्रिया का विस्तार करना और एक जगह से दूसरी जगह मूव करने का अनुभव सुगम बनाना है। इसके साथ ही पोर्टर टेक-इनेबल्ड मैच-मेकिंग आर्किटेक्चर का उपयोग कर घर बदलने की सेवाओं के लिए ग्राहकों और साझेदारों के बीच लॉजिस्टिक दक्षता प्रदान करेगा। कंपनी पहले छः महीनों में 5 प्रतिशत बाजार अंश हासिल करने



की योजना बना रही है। इस विस्तार के बारे में उत्तम डिग्गा, को-फाउंडर एवं सीओओ ने कहा, ''पोर्टर आधुनिक टेक्नॉलॉजी सपोर्ट के साथ प्रभावशाली मूवमेंट सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। लखनऊ इन्फ्रास्ट्रक्चर पर आधारित मजबूत वृद्धि के साथ एक लॉजिस्टिक्स और रियल इस्टेट हब के रूप में उभर रहा है। यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार होगा, जो शहर में हमारी पैकर्स एंड मूवर्स सेवा के साथ एक सस्टेनेबल लॉजिस्टिक्स ईकोसिस्टम संभव बनाएगा। हमारे ग्राहकों को रिलोकेशन का सुगम अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से हम एक साल में प्रतिमाह 300 से 400 ट्रिप करने लगेंगे। हमारा मानना है कि हमारे साझेदार और ग्राहक हमारे प्लेटफॉर्म द्वारा सुरक्षित और सुगम शिफ्टिंग के लिए एक वन-स्टॉप समाधान प्राप्त कर पाएंगे, जिसका विस्तार कर हम भविष्य में इंटरसिटी सेवाएं भी शुरू करेंगे। लखनऊ 13वाँ शहर है, जहाँ पोर्टर ने अपनी पैकर्स एवं मूवर्स सेवाएं शुरू की हैं। यह शहर में तीव्र इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के कारण पोर्टर के पैकर्स और मूवर्स व्यवसाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्थानों में से एक होगा।

## निकाय चुनाव अप्रैल-मई तक टलने के आसार

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के फैसले के बाद योगी सरकार ने कहा कि पिछड़ों का आरक्षण तय करने के बाद ही निकाय चुनाव होगा। इससे साफ हो गया है कि अब यूपी निकाय चुनाव टलेगा। पहले सरकार को आयोग का गठन करेगी फिर आयोग की निगरानी में ही अन्य पिछड़ा वर्ग यानि ओबीसी को आरक्षण देने की प्रक्रिया शुरू होगी। फरवरी में ग्लोबल इंवेस्टर समिट होनी है। फरवरी-मार्च में यूपी समेत विभिन्न बोर्डों की परीक्षाएं भी हैं।

## देश में समान नागरिक संहिता लागू होने का आ गया समय: जितिन प्रसाद

**वाराणसी।** यूपी की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने वाराणसी में समान नागरिक संहिता पर बड़ा बयान दिया है। बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान जितिन प्रसाद ने कहा कि अब देश में समान नागरिक संहिता लागू (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि भारत विकास के पथ पर अग्रसर हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत को विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। अब समय आ गया है जब देश में समान नागरिक संहिता लागू हो। समान नागरिक संहिता लागू होने से न्यायालय से बोझ कम होगा।

लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने केदारघाट स्थित श्री करपात्री धाम में युवा चेतना की ओर से आयोजित समान नागरिक संहिता और उसकी आवश्यकता विषयक व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वाराणसी और प्रदेश के विकास के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। वाराणसी में सड़क, पुल और भवन निर्माण के क्षेत्र में अनवरत कार्य हो रहे हैं। व्याख्यान का उद्घाटन स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती, स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी, युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह, संत दिव्य स्वरूप ने दीप जलाकर किया। स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती ने कहा की सामान नागरिक संहिता लागू होने से देश में एकरूपता आएगी। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा की एक विधान, एक प्रधान और अब एक कानून होना चाहिए।

## श्री श्याम परिवार ने किया ध्वजा यात्रा का भव्य स्वागत

**लखनऊ।** बीरबल साहनी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पर नेपालगंज बॉडर रूपईडिया से चलकर श्री खाटू धाम राजस्थान तक श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा रथ यात्रा का आगाज लखनऊ महानगर में हुआ जिसका श्री श्याम परिवार लखनऊ ने जगह-जगह पुष्प वर्षा, स्वल्पाहार वितरित करने साथ रथ पर विराजे खाटू श्याम बाबा की आरती कर भव्य स्वागत किया यह जानकारी महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने दि। रुपेश अग्रवाल बताया कि 21 दिसंबर रूपईडिहा से चलकर रथयात्रा शाम 6 बजे गाजे बाजे के साथ श्री श्याम मन्दिर लखनऊ पहुंची है विश्राम के साथ बाबा के भजनों को गुणगान श्याम प्रमियो द्वारा दिया गया यह यात्रा 31 जनवरी 2023 को खाटू धाम ध्वजा पदयात्रा पहुंचेगी। इस अवसर पर वीरेंद्र अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, पंकज मिश्रा, महावीर अग्रवाल, कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया ।

## प्राइवेट स्कूलों से वापसी कर दाखिला ले रहे बच्चे

# रायबरेली के सरकारी स्कूल ने बदली लोगों की सोच

**विकास**

- जिम्मेदार जिम्मेदारी समझे तो सब मुमकिन है, यह साबित हो गया

संवाददाता

**लखनऊ।** सरकारी स्कूलों की पढ़ाई पर प्रायः सवाल उठते हैं। सरकार पानी की तरह पैसा बहाती है, बावजूद इसके गरीब व ग्रामीण बच्चों को भी अच्छी शिक्षा नही मिल पाती। जिम्मेदार जिम्मेदारी समझे तो सब मुमकिन है, यह साबित हो गया है। रायबरेली के गदागंज विकासखंड के गाँव अंबारा मतई में संचालित विद्यालय ने आशा जगाई है। इस विद्यालय के शिक्षकों ने सरकारी स्कूलों के प्रति लोगों की धारणा बदल दी। विद्यालय की साफ-सफाई से लेकर पढ़ाई तक बेहतर है और बच्चों को काबिल बना रही है। विद्यालय में



स्मार्ट क्लास, आनलाइन क्लास की सुविधा से विद्यालय किसी कान्वेंट स्कूल से कम नहीं लगता। विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या काफी कम थी, लेकिन समय के साथ शिक्षा का स्तर सुधरा है।प्रधानाध्यापक समेत सात शिक्षक और एक शिक्षामित्र यहां हैं। अब कान्वेंट स्कूल छोड़कर अमीरों के बच्चों ने भी यहां दाखिल लेने लगे है।

विद्यालय में शिक्षक अनुराग मिश्र की तैनाती 2016 में हुई। विद्यालय में छात्रों की संख्या लगभग सवा सौ थी। बच्चों को स्कूल लाने का प्रयास तेज किया। बच्चे स्कूल पहुंचने लगे,आज यहां 567 बच्चे पंजीकृत हैं। शिक्षण कार्य के साथ विद्यालय के कायाकल्प पर भी ध्यान दिया। अनुराग मिश्रा ने बताया कि मैंने 2012 तक सेना में कार्य किया है ,उसके बाद मैं शिक्षक बना। विद्यालय के बच्चों को सैनिक स्कूल की तरह ही शिक्षा प्रदान की जा रही है, कॉन्वेंट स्कूल जैसी सुविधाएं है। सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, झूलों से लेकर खेलकूद के सामान की व्यवस्था है। टीवी लगाकर स्मार्ट क्लास से बच्चों की पढ़ाई शुरू कराई।

# संक्षिप्त समाचार

### निकाय चुनावः ओबीसी आरक्षण को लेकर राजनीति तेज

**लखनऊ।** यूपी निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के हाईकोर्ट के फैसले पर राजनीतिक हलचल तेज है। ओबीसी आरक्षण को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। समाजवादी पार्टी ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण खत्म किये जाने सम्बंधित आदेश के लिए सीधे सरकार को निशाने पर लेते हुए जिम्मेदार ठहराया है। विपक्ष सरकार पर पिछड़ों का हक मारने का आरोप लगा रहा हैं, तो वहीं यूपी सरकार बिना ओबीसी आरक्षण के निकाय चुनाव न कराने की बात कह रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य साफसाफकह रहे हैं कि बिना पिछड़ों को आरक्षण निकाय चुनाव नही कराये जायेंगे। निकाय चुनाव में आरक्षण के मसले पर राजनीति तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी ने बीजेपी को जमकर घेरा है। संविधान बचाओ, आरक्षण बचाओ यात्रा पर सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल कहते हैं कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आने के बाद फैसला लिया जाएगा। यात्रा कब निकलेगी ये अखिलेश जी तय करेंगे। बीजेपी ओबीसी विरोधी है। यूपी निकाय चुनाव को लेकर मंगलवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने अहम फैसला सुनाते हुए ओबीसी आरक्षण को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट ने तत्काल निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने साफकहा है कि बिना ट्रिपल टेस्ट और शर्तों के ओबीसी आरक्षण तय नहीं किया जा सकता।

### गन्ना किसानों की मांगों को लेकर रालोद का संदेश अभियान

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के निर्देश पर गन्ना किसानों की मांगो को लेकर किसान संदेश अभियान की शुरूआत की जा रही है। विकास कादियान को अभियान का प्रदेश संयोजक तथा वेद्र प्रकाश शास्त्री को अभियान के प्रदेश प्रभारी की जिम्मेंदारी सौंपी गयी है। श्री सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चौधरी जयन्त सिंह ने सरकार को विभिन्न मंचों के माध्यम से कहा है कि गन्ने का लाभकारी मूल्य जल्द से जल्द घोषित किया जाए मगर उत्तर प्रदेश सरकार ने अभी तक उस मांग पर ध्यान नहीं दिया है। पिछले वर्ष चुनाव थे तो 26 सितंबर 2021 को ही गन्ने का मूल्य घोषित किया गया था, अब 2022 का वर्ष खत्म होने को आया है और इस सरकार ने गन्ने का लाभकारी मूल्यघोषित नहीं किया है। उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना किसानों के प्रति इस उदासीन रवैया को बदलने के लिए और सरकार को जगाने के लिए जयंत चौधरी ने किसान संदेश अभियान की शुरुआत की है जिसमें एक लाख पत्र गन्ना किसान अपने अपने जिले से मुख्यमंत्री को प्रेषित करेंगे और मांग करेंगे कि जल्द से जल्द गन्ने का लाभकारी मूल्य घोषित किया जाए जिससे गन्ना किसान अपने और अपने बच्चों के भविष्य की योजना को बना सकें। उन्होंने बताया कि उनके स्वयं के द्वारा भी मुख्यमंत्री को किसान संदेश अभियान का पत्र प्रेषित किया जा चुका है।

### पति ने ईंट से सिर कूचकर की थी हत्या,

**बस्ती।** जिले की वाल्टरगंज पुलिस ने एक महिला की हत्या का खुलासा किया है। हत्या के मामले में उसके पति की गिरफ्तारी की है। मामले का खुलासा करने वाली टीम को एसपी ने 25 हजार रूपए का नकद पुरस्कार दिया है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बक्सई पुल के नीचे 27 नवम्बर को एक महिला का शव मिला था, जिसकी शिनाख्त संतकबीरनगर जिले के दुधारा थाना क्षेत्र के दानोकुईंया गांव निवासी मृतका की मां सविता पत्नी राजेन्द्र शर्मा ने पोस्टर में छपी फोटो देखकर की थी। इसके बाद उसके द्वारा वाल्टरगंज थाने पर तहरीर दी गई। उन्होंने बताया कि पुत्री गुड़िया की शादी रूधौली थाना क्षेत्र के हटवा बाजार निवासी राकेश शर्मा के साथ हुई थी। आरोप लगाया कि उसकी बेटी का पति उसे अक्सर मारता-पीटता था और उससे पीछा छुड़ाना चाहता था। इसके बाद वाल्टरगंज पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की तो उसके पति की हत्या में संलिप्तता के साक्ष्य मिले। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो हत्या की इस घटना का खुलासा किया। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि पूछताछ में हत्यारोपी राकेश शर्मा ने बताया कि उसकी पत्नी गुड़िया अर्धविक्षिप्त थी, जो अक्सर भागकर गन्ने के खेत में छिप जाती थी। कभी किसी के घर जाकर मांगकर खाना खाती थी और नशा भी करती थी, जिससे वह परेशान हो गया था। जब भी उसे घर लेकर आता था तो वह किसी से मोबाइल मांगकर फोन कर परेशान करती थी। 26 नवम्बर को वह उसे साथ लेकर हरदिया पहुंचा और सुनसान पुलिया देख उसको सीढ़ियों पर ले गया। सिर पर ईंट से प्रहार करने के बाद उसके गले पर ब्लेड से वार कर दिया। इसके बाद उसका शव सीढ़ी के बगल में सीमेंट के स्लैप के नीचे छिपा दिया और घर चला आया। ससुराल वालों के हालचाल पूछने पर उनसे 30 नवम्बर की सुबह उसके कहीं चले जाने की जानकारी दी। 10 दिसम्बर को रूधौली थाने पर पत्नी के 30 नवम्बर से ही गायब होने की सूचना दी, ताकि उसके ऊपर किसी को कोई शक न होने पाए।

### किशोरी से दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाए, धमकी देकर मांगे 10 लाख रुपए

**बस्ती।** जिले में कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ल्ला निवासी 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने फोटो और अश्लील वीडियो बना लिए। आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए 10 लाख रूपए की मांग करने का मामला सामने आया है। मामले में पीडित किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी और उसके पिता के खिलाफ आईपीसी, आईटी एक्ट एवं पाक्सो एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी 15 वर्षीय किशोरी से मोहल्ले के ही एक युवक का सम्पर्क हो गया। बहकावे में आई किशोरी के साथ आरोपी ने कई बार दुष्कर्म किया, किशोरी की आपत्तिजनक, अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया। फोटो और वीडियो के आधार पर आरोपी ने किशोरी से 10 लाख रूपए की डिमांड की। पैसा न देने पर फोटो, वीडियो को यू टयूब, सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दिया। इसके बाद पीडित किशोरी ने अपने परिवार वालों को इस बारे में जानकारी दी। बेटी की आपबीती सुन परिवार सकते में आ गया। पीडित किशोरी के पिता के अनुसार जब उसने इस बारे में आरोपी से पूछताछ की, और इस तरह की हरकत की उसके पिता से शिकायत किया तो आरोपी के पिता ने उल्टे उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता के पिता ने बेटी के साथ हुए दुष्कर्म और उसकी आपत्तिजनक अश्लील, फोटो और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रूपए मांगने के मामले में कोतवाली थाने में तहरीर देते हुए बेटी को न्याय दिलाए जाने और परिवार को बदनामी से बचाने की गुहार लगाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में आरोपी और उसके पिता के खिलाफबलात्कार, भय कारित कर धन की वसूली करने, जानमाल की धमकी देने और पाक्सो एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामले में आरोपी और पीडिता दोनो एक ही मोहल्ले में रहते हैं। आरोपी मूल रूप से नगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पीडिता के पिता की तहरीर पर दोनो के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है, आरोपियों की गिरफ्तारी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### हर घर जल पहुंचाने का दिया गया 2 दिवसीय प्रशिक्षण

**बस्ती।** सॉऊघाट विकास खंड के ब्लॉक सभागार में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजनार्न्तगत 2 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक प्रमुख अभिषेक कुमार, बीडीओ योगेन्द्र राम त्रिपाठी ने प्रशिक्षण का शुभारम्भ करते हुए इसके उद्देश्य की जानकारी दी। बीडीओ ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से विकास खंड के प्रत्येक ग्राम पंचायतों के 2-2 व्यक्तियों को प्लम्वर एवं पम्प आपरेटर का प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जा रहा हैं। जिससे गाँव में ही रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। कहा कि 6 ट्रेड के माध्यम से राजमिस्त्री के 3, प्लम्बर के 2, फिटर के 2, इलेक्ट्रीशियन के 3, पम्प आपरेटर के 2 तथा मोटर मैकेनिक के दो व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। कहा कि सरकार की मंशा हैं कि शहर की ही तरह गाँव को भी बेहतर पानी उपलब्ध कराया जा सके, जिसके लिए विकास खंड के दर्जनों ग्राम पंचायतों में वाटर टैंक का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। प्रशिक्षक राजमन राव, जितेन्द्र कुमार वर्मा, परमानंद पाण्डेय ने बताया कि सरकार द्वारा इंडिया मार्का हैण्डपम्प प्रत्येक ग्राम पंचायतों में लगवाया गया था। गांव का मिस्त्री न होने के कारण लगवाए गए कई नल खराब पड़े हैं। जब गांव के ही लोगों को प्रशिक्षित कर दिया जाएगा तो इस तरह की समस्याएं आने पर उसका त्वरित निदान होने लगेगा, लोगों को शुद्ध जल मिलने में समस्या नहीं आएगी। पम्प आपरेटर एवं प्लम्बर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लोगों को ब्लॉक प्रमुख अभिषेक कुमार द्वारा संबंधित किट प्रदान किया गया। किट में हथौड़ा, रिंच, पिलास, एलएनकी किट, स्करू ड्राइवर सहित दो सेट कपड़े भी प्रदान किए गए हैं। जयराम दिवाकर, सपना यादव,सुप्रिया, ऑचल चौधरी, निशा कुमारी, रामा देवी, मो0 असलम, मान्सी गुप्ता, मनीष चौधरी सहित करीब 280 लोगो को पम्प आपरेटर एवं प्लम्बर का प्रशिक्षण दिया गया।

### छात्र हिंसा के मामले में एएमयू कड़ी कार्रवाई करेगा

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने हिंसा, गुंडागर्दी और अशांति के दोषी पाए जाने वाले छात्रों के खिलाफकठोर कार्रवाई करने की घोषणा की है। यूनिवर्सिटी प्राक्टर प्रोफेसर मुहम्मद वसीम अली ने कहा कि 'यूनिवर्सिटी सुचारू रूप से चल रही है, पहले सेमेस्टर की कक्षाएं जोर-शोर से चल रही हैं और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं हो रही हैं। शांतिपूर्ण माहौल में किसी को बाधा डालने की इजाजत नहीं दी जाएगी।' हाल ही में एक आवास हाल में बैडमिंटन कोर्ट पर हुए विवाद में, कुछ छात्रों में झगड़ा हो गया था।

# सम्पादकीय

## आज से छुट्टियां....

मुझे मालूम है आप सबको यह सूचना सुनकर बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगेगा क्योंकि आपकी खुशियां, आपकी व्यवस्थाएं वरिष्ठ नागरिक क्लब से जुड़ी हैं, परन्तु मेरी खुशियां आपके स्वास्थ्य से जुड़ी हैं क्योंकि सबसे बड़ा सुख निरोगी काया है। इतनी शीत लहर चल रही है और ठंड बहुत है और मेरे लिए आपकी सेहत, आपकी सुरक्षा बहुत जरूरी है। मुझे मालूम है जब मैंने यह संदेश दिया तो बहुत से ब्रांच हैड और सदस्यों के फोन आए कि प्लीज बंद न करें, हमें ठंड नहीं लगती, हम अपना ध्यान रखेंगे, परन्तु मेरा दिल है कि मानता ही नहीं जो अपने सभी सदस्यों के लिए एक मां की तरह धड़कता है और इस मां को अपने बच्चों की जिद के आगे झुकना नहीं और रुकना भी नहीं, इसलिए आपको सर्दी में व्यस्त रखने के लिए आपके लिए नया आनलाइन प्रोग्राम लेकर आ रही हूं। क्योंकि अभी कोरोना का संकट भी नहीं टला इसलिए घर में रहकर कुछ रचनात्मक कार्य करेंगे। हां एक आप सबसे प्रार्थना करूंगी कि आप अपने गर्म कपड़े अच्छे से पहन कर रखिये। अपने घर के कर्मचारियों और फिर कोशिश कीजिए सड़क पर या आसपास कोई भी जरूरतमंद जिसके पास जुराबें नहीं, स्वेटर नहीं, रजाई, कम्बल नहीं कोशिश कीजिए उन्हें दीजिए। कहते हैं न बूंद-बूंद से घड़ा भरता है तो अगर हम सब मिलकर एक-एक वस्त्र भी बांटे तो सबका भला हो सकता है। कई बार अगर हम अपनी अलमारियां खोलें तो उसमें वो वस्त्र नजर आएंगे जो हमने कभी पहने नहीं या हम कभी पहनेंगे नहीं। कोई तंग, टाइट हो गए, कई खुले हो गए, कोई फैशन के अनुसार नहीं हैं तो उसे जल्दी से निकालिये और बांटिये। मैं सच में आपको एक बात बताती हूं कि अश्विनी जी के जाने के बाद मैंने उनके वस्त्रों को नहीं हिलने दिया था। वैसे के वैसे अल्मारियां सजी हुई थीं। बहुत ही इमोशनल हूं कि उनकी हर वस्तु ऐसे ही रहनी चाहिए जैसे होती थी। कभी-कभी कपड़ों से उनकी खुशबू महसूस करती, कभी देखती, कभी रोती। तीन साल हो रहे हैं परन्तु इस सर्दी को देखकर यही सोचा कि क्यों न मैं उनके कपड़ों से किसी का तन ढक दूं, किसी की सर्दी रोक दूं, उनको भी सुकून मिलेगा। क्योंकि वो तो ऐसे थे किसी को भी अपने कपड़े उतार कर भी पहना देते थे। वो बहुत ही बड़े दिल के इंसान थे तो मैं क्यों न उनके कपड़ों से किसी की सर्दी रोक दूं। अभी मेरे लिए यह काम बहुत ही मुश्किल था परन्तु मैंने उनके 70प्रतिशत कपड़े देकर किया। सच में पूछो तो बहुत पीड़ा महसूस हो रही थी, अन्दर से सुकून भी मिल रहा था कि आज वह खुश हो रहे होंगे। असल में मुझे लगता है क्योंकि वो हमेशा मेरे साथ रहते हैं तो उन्होंने ही यह काम मुझसे कराया।

## लापरवाही का सिलसिला

ऐसी घटना अगर सरकार की नजर में व्यवस्था में चूक का नतीजा है तो इसका सबक यह होना चाहिए कि भविष्य में ऐसी चूक रोकने के लिए पूरी तरह चाक-चौबंद इंतजाम किए जाएं। हैरानी की बात है कि परीक्षा के पहले परचा लीक होने की अनेक घटनाएं सामने आने के बावजूद सरकारें तब तक आंख मूंद कर बैठी रहती हैं, जब तक फिर अगली बार ऐसा ही मामला तूल न पकड़ ले। आमतौर पर हर बार आश्वासन दिया जाता है कि सरकार इसके खिलाफ सख्त कदम उठाएगी। मगर फिर कुछ वक्त बाद वैसी ही घटना सामने आ जाती है। राजस्थान लोक सेवा आयोग की द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में सामान्य ज्ञान परीक्षा को एहतियात के तौर पर रद्द करना पड़ा, क्योंकि प्रश्न-पत्र पहले ही माफिया के हाथ लग गया था और वे अभ्यर्थियों से मोटी रकम वसूल कर उन्हें नकल कराने की फिराक में थे। प्रश्न-पत्र के बाहर आ जाने के बाद सरकार के पास इसका तात्कालिक समाधान यह होता है कि संबंधित परीक्षा को रद्द कर दे। राजस्थान में भी यही उपाय अपनाया गया। मगर इससे उन अभ्यर्थियों पर कैसा असर पड़ता होगा, जिन्होंने बहुत मेहनत से परीक्षा की तैयारी की होती है और उसके जरिए अपना भविष्य बनाने की कोशिश में लगे होते हैं? राजस्थान सरकार का कहना सही है कि जिस परीक्षा का पर्चा पहले ही बाहर आ गया, उसे रद्द करना इसलिए जरूरी है कि किसी अन्य युवा के साथ अन्याय न हो और सरकार दोषियों को सख्त सजा दिलाएगी। राजस्थान में परीक्षा के पहले ही प्रश्न-पत्र माफिया और इसका कारोबार करने वाले गिरोहों के हाथ लग जाने का एक सिलसिला-सा चल रहा है और बार-बार ऐसी घटना सामने आने के बावजूद इस समस्या पर काबू पाने में सरकार नाकाम क्यों है! हालत यह है कि उदयपुर में एक बस में बैठ कर कुछ परीक्षार्थी बाहर आए प्रश्न-पत्र को हल कर रहे थे। यानी बेहद संगठित और योजनाबद्ध रूप से इस चोरी को सरेआम अंजाम दिया जा रहा था और सरकारी तंत्र को पहले इसकी भनक तक नहीं लग सकी थी। सही है कि प्रश्न-पत्र बाहर आने की ताजा घटना के संदर्भ में पुलिस ने पचपन लोगों को पकड़ा, लेकिन यह इसका स्थायी समाधान नहीं है। दरअसल, यह ऐसी अनेक घटनाओं की एक कड़ी की तरह है। एक प्रश्न-पत्र का रद्द होना कई बार अभ्यर्थियों के भीतर असुरक्षा और अस्थिरता की भावना पैदा कर सकता है और इसका असर बाकी पत्रों पर भी पड़ सकता है। विडंबना यह है कि राजस्थान में इस तरह की घटना पिछले कुछ सालों के दौरान कई बार हो चुकी है और हर बार सरकार का आश्वासन और दावा यही होता है कि आगे ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।

# हिंदी के मध्य उर्दू और अंग्रेजी ने अपनी जगह बनाई

वर्तमान में हिंदी को वैश्विक स्तर पर उपभोक्तावाद से जोड़ा गया है। और बीच-बीच में हिंदी के मध्य उर्दू और अंग्रेजी ने अपनी जगह बनाई है। आज स्थिति यह है कि हिंदुस्तान में ही हिंदी से ज्यादा अंग्रेजी के कई शब्द मिलाकर हिग्लिश भाषा बोली जाती है। न्यूज चौनल में न्यूज एंकर विशुद्ध हिंदी की जगह हिग्लिश ही बोलकर अपनी इतिश्री कर लेते हैं। और तो और अब हिंदी के बड़े साहित्यकार भी हिंदी में अंग्रेजी तथा उर्दू के शब्द मिलाकर लिख रहे हैं, बोल रहे हैं, और पढ़ रहे हैं। विडंबना यह है कि भारत में 135 उपभोक्ता की उपस्थिति में विशुद्ध हिंदी का प्रयोग करना थोड़ा कठिन हो जाता है।जैसे हम टी,वी, को दूरदर्शन नहीं कहते, इंटरनेट को इंटरनेट ही लिखा जाता है, अंतरजाल नहीं लिखा जाता ।यह जितनी अंग्रेजी की शब्दावली हिंदी में जुड़ी हुई है,यह संचार माध्यम टी,वी व्हाट्सएप,फेसबुक,ट्विटर, इंटरनेट सीधे-सीधे उपभोक्ताओं के बाजार वाद के कारण जुड़े हुए हैं। हिंदुस्तान में लगभग 135 करोड़ उपभोक्ता निवास करते हैं, और उन तक पहुंचने के लिए हिंदी का प्रयोग अंग्रेजी तथा उर्दू की मिलावट के साथ किया जाता है। वैश्विक स्तर पर भी देखा जाए तो हिंदुस्तानी मूल के लोग श्रीलंका,मॉरीशस,फिजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा,ऑस्ट्रेलिया,न्यू जीलैंड, साउथ अफ्रीका में फैले हुए हैं। ऐसे

> हिंदी की जगह हिग्लिश ही बोलकर अपनी इतिश्री कर लेते हैं। और तो और अब हिंदी के बड़े साहित्यकार भी हिंदी में अंग्रेजी तथा उर्दू के शब्द मिलाकर लिख रहे हैं, बोल रहे हैं, और पढ़ रहे हैं। विडंबना यह है कि भारत में 135 उपभोक्ता की उपस्थिति में विशुद्ध हिंदी का प्रयोग करना थोड़ा कठिन हो जाता है।जैसे हम टी,वी, को दूरदर्शन नहीं कहते, इंटरनेट को इंटरनेट ही लिखा जाता है, अंतरजाल नहीं लिखा जाता ।यह जितनी अंग्रेजी की शब्दावली हिंदी में जुड़ी हुई है,यह संचार माध्यम टी,वी व्हाट्सएप,फेसबुक,ट्विटर, इंटरनेट सीधे-सीधे उपभोक्ताओं के बाजार वाद के कारण जुड़े हुए हैं। हिंदुस्तान में लगभग 135 करोड़ उपभोक्ता निवास करते हैं, और उन तक पहुंचने के लिए हिंदी का प्रयोग अंग्रेजी तथा उर्दू की मिलावट के साथ किया जाता है।

में हिंदी का वैश्विक विस्तार अपने आप हिंदी भारतीय अप्रवासी, प्रवासी भारतीय लोगों के माध्यम से होने लगता है।फिर अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रॉस, इटली, जापान,चाइना इनके उत्पादक को भारत के उपभोक्ताओं के बीच बेचने के लिए उन्हें हिंदी की आवश्यकता होती है, भारत एक शक्तिशाली उपभोक्ता बाजार है। एक साथ एक ही जगह इतने ग्राहक मिलना किसी अन्य देश में असंभव है। इन परिस्थितियों में विश्व का हर देश अपने बनाए गए उत्पादन का बाजार खोजने भारत की ओर खिंचा चलाआता है। और हिंदी को माध्यम बनाकर वह अपना माल बेचना शुरू करता है। और इसके लिए टी,वी, इंटरनेट, कंप्यूटर,व्हाट्सएप तथा फेसबुक में हिंदी में विज्ञापन देकर उसका प्रचार प्रसार करता है। विज्ञापनों में हिंदी का व्यापक रूप से प्रचार और प्रसार वैश्विक स्तर पर होने लगा है।

डॉक्टर जयंती प्रसाद नौटियाल ने भाषा शोध अध्ययन 2012 में यह दावा किया है कि विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हिंदी ही है। हिंदी में अंग्रेजी सहित अन्य भाषाओं का उपयोग करने वालों को पीछे छोड़ दिया है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा बनाए जाने का निर्णय लिया था। इसी तारतम्य में भारत में प्रत्येक पर 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में व्यापक स्तर पर देश की राजधानी दिल्ली चलेगी ग्राम पंचायत तक मनाया जाता है। डॉ राजेंद्र प्रसाद ने कहा है हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द या भाषा का तिरस्कार नहीं किया। वैसे भी अंग्रेजों के आगमन के पूर्व हिंदी देवनागरी लिपि में उर्दू तथा फारसी शब्दों का समावेश होता रहा है। अंग्रेजों के आने के बाद इसने अंग्रेजी शब्दों को भी आत्मसात किया। हिंदी एक विशाल ह्रदय की विशाल भाषा है। इसमें अन्य भाषा के अपभ्रंश आने से हिंदी कभी मूल रूप से दिग्भ्रमित या विकृत नहीं हो पाई है। यही वजह है कि हिंदी वैश्विक स्तर पर धीरे-धीरे विस्तारित, प्रचारित एवं प्रसारित होती जा रही है। वर्तमान में विश्व में लगभग 45 करोड़ से अधिक लोग हिंदी भाषा बोलते हैं, इसकी सरलता विश्व के लोगों को प्रभावित करती जा रही है, भारत के विद्वानों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों, कवियों, फिल्मी गीत कारों के प्रयासों से हिंदी ने वैश्विक रूप लिया है। हिंदी को वैश्विक रूप से उपभोक्ताओं से जोड़ने के लिए फिल्म निर्माताओं गीतकार एवं संगीत, गानों का भी बड़ा योगदान रहा है। हिंदुस्तान में बनी फिल्म को विदेशों में रह रहे भारतीय तथा अन्य भाषाई लोग उसके गीतों तथा उसके संवाद के कारण उस फिल्म को देखने जाते हैं, जिससे सीधे-सीधे भारतीय फिल्मकारों को विदेशी मुद्रा का अर्जन होता है। इस तरह उपभोक्तावाद, बाजारवाद के नजरिए से देखें तो हिंदुस्तानी उपभोक्ताओं का बहुत बड़ा बाजार वैश्विक स्तर पर फैला हुआ है। जिससे हिंदी




भाषा न सिर्फ बाजारवाद की भाषा बनी है, बल्कि साहित्यिक रूप से भी गीत, गजल और गानों के रूप में समृद्ध हुई है। वर्तमान में हिंदी न सिर्फ हिंदुस्तान में बल्कि वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय होती जा रही है। भारत में हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए 14 सितंबर को हिंदी दिवस मना कर एवं वैश्विक स्तर पर विश्व हिंदी सम्मेलन अलग-अलग देशों में आयोजित किया जाता रहा है। इस संदर्भ में पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने कहा कि हिंदी के प्रचार प्रसार तथा विस्तार को कोई भाषा रोक नहीं सकती है। हिंदी भारत की एकमात्र ऐसी भाषा है, जिसके माध्यम से भारत के विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न भाषा वासी लोग आपस में अपने विचारों का आदान-प्रदान सकते हैं। एनी बेसेंट ने हिंदी भाषा को लेकर काफी सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं मैं जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह हिंदी है। वह व्यक्ति जो हिंदी जानता है पूरे भारत में किसी भी प्रांत की यात्रा कर सकता है और हिंदी बोलने वालों से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। अब तो बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने उत्पादों का प्रचार प्रसार पूर्णता हिंदी में करना शुरू कर दिया। इसी तारतम्य में यदि यह कहा जाए कि हिंदी वैश्विक बाजार वाद या उपभोक्तावाद की सबसे बड़ी एवं सशक्त भाषा बन गई है, तो यह अतिरेक नहीं होगा। अंग्रेजी जरूर अंतर राष्ट्रीय भाषा है,पर हिंदी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बोले जाने वाली द्वितीय भाषा तो जरूर है ही, एवं उपभोक्ताओं के लिए यह प्रथम स्थान रखती है।भारत में हिंदी भाषा सभी प्रांतों सभी राज्यों को एकता के सूत्र में पिरोने वाली एक मातृभाषा स्थापित रूप से है। इसीलिए इसे राजभाषा तथा राष्ट्रभाषा का वास्तविक सम्मान दिए जाने की आवश्यकता है।

# भाजपा सांसद का भड़काऊ बयान

भोपाल से जब भाजपा की उम्मीदवार प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने लोकसभा का चुनाव जीता था और संसद में अपनी सीट पक्की कर ली थी, तो इस देश के बहुत से लोगों को हैरानी हुई थी। प्रज्ञा सिंह ठाकुर को मालेगांव बम धमाकों में आरोपी बनाया गया था। 2008 को हुए इस आतंकी हमले में सौ से अधिक लोग घायल हुए थे और 6 लोगों की मौत हो गई थी। इस आतंकी हमले ने एक बार फिर साबित कर दिया था कि आतंकवाद किसी एक रंग या धर्म से बंधा नहीं होता। जब धर्म उन्माद बनकर एक बड़े समाज को वहशी बनने के लिए उकसाता है, तो वह आतंकवाद की शक्ल लेने लगता है। पिछले कुछ दशकों में अलग-अलग सूरतों में दुनियाभर में आतंकवाद ने मासूम लोगों को अपना निशाना बनाया है, भारत भी इससे अछूता नहीं है। देश के बहुत से मासूम लोगों ने धर्म के नाम पर फैलाए जा रहे आतंकवाद में अपनी जान गंवाई है। लेकिन धार्मिक भावनाएं भड़काने का यह सिलसिला थम ही नहीं रहा है। कुछ वक्त पहले धर्म संसदों से सरेआम अल्पसंख्यकों को खत्म करने का आह्वान हुआ था। हरिद्वार, रायपुर, दिल्ली ऐसे तमाम शहरों में आयोजित धर्म संसदों में धर्म के मर्म पर चर्चा की जगह हिंदू धर्म को खतरे में बताकर अल्पसंख्यकों के खिलाफ जहर उगला गया था। इनके खिलाफ शिकायतें दर्ज हुई तो कुछ एफआईआर दर्ज हुई, कुछ गिरफ्तारियां हुई, लेकिन जहर उगलने का सिलसिला जारी रहा। इसी कड़ी को अब प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने आगे बढ़ाया

> **2008 को हुए इस आतंकी हमले में सौ से अधिक लोग घायल हुए थे और 6 लोगों की मौत हो गई थी। इस आतंकी हमले ने एक बार फिर साबित कर दिया था कि आतंकवाद किसी एक रंग या धर्म से बंधा नहीं होता। जब धर्म उन्माद बनकर एक बड़े समाज को वहशी बनने के लिए उकसाता है, तो वह आतंकवाद की शक्ल लेने लगता है। पिछले कुछ दशकों में अलग-अलग सूरतों में दुनियाभर में आतंकवाद ने मासूम लोगों को अपना निशाना बनाया है, भारत भी इससे अछूता नहीं है। देश के बहुत से मासूम लोगों ने धर्म के नाम पर फैलाए जा रहे।**

है। रविवार को कर्नाटक के शिवमोग्गा में हिंदू जागरण वेदिके के एक कार्यक्रम में भाजपा सांसद ने कहा कि हिंदुओं को उन पर और उनकी गरिमा पर हमला करने वालों को जवाब देने का अधिकार है। उन्होंने साफ-साफ शब्दों में हिंदुओं से अपने घरों में हथियार रखने का आह्वान किया। और ये भी कहा कि कम से कम सब्जी काटने



का चाकू तेज रखें। अगर इससे सब्जी कटेगी तो दुश्मनों के सिर भी कटेंगे। धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले अंदाज में प्रज्ञा ठाकुर ने अपने भाषण में बार-बार उन्होंने शब्द का इस्तेमाल किया। यह सर्वनाम किस समुदाय के लिए था यह समझना कठिन नहीं है। इसके अलावा भाजपा सांसद ने कहा कि लव जिहाद में शामिल लोगों को उसी तरह जवाब दें। अपनी लड़कियों की रक्षा करें, उन्हें सही मूल्य सिखाएं। प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने मिशनरी संस्थानों में अपने बच्चों को शिक्षित करने के खिलाफ अभिभावकों को सलाह देते हुए कहा कि, ऐसा करने से आप अपने लिए वृद्धाश्रम के दरवाजे खोल देंगे। मिशनरी संस्थानों में बच्चे स्वार्थी हो जाते हैं। भाजपा के बहुत से सांसद, विधायक, नेता मिशनरी स्कूलों से ही पढ़े हुए हैं और अब बहुतों के बच्चे भी यहां पढ़ते होंगे। मिशनरी से शिक्षित भाजपा नेताओं को ही प्रज्ञा सिंह ठाकुर को बताना चाहिए कि उनमें से कितनों ने अपने मां-बाप को वृद्धाश्रम में रखा है। वैसे भाजपा में बुजुर्गों को मार्गदर्शक मंडल में शामिल करने की परंपरा तो देश ने देखी ही है। लेकिन प्रज्ञा ठाकुर के इस भाषण का इरादा वृद्धों की देखभाल के बारे में चिंतन करने का नहीं था, बल्कि वे सीधे-सीधे हिंदू धर्म को सर्वश्रेष्ठ बताने के लिए दूसरे धर्म को कमतर बता रही हैं। संस्कारों को केवल हिंदू धर्म की जागीर बता रही हैं। संविधान के हिसाब से यह गलत है ही, लेकिन जिस तरह दुश्मनों के सिर काटने की बात उन्होंने की, घर में हथियार रखने को उकसाया, यह सीधे-सीधे देश के सौहार्द्र और सांप्रदायिक सद्भाव को तोड़ने की कोशिश दिखाता है। पिछले आम चुनाव के दौरान प्रज्ञा ठाकुर ने महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त बताया था। जाहिर है, अपनी इन बातों को भी वे देशभक्ति ही बताएंगी। देखना ये है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस बयान को किस तरह देखता है। और इस पर क्या कार्रवाई करता है। गोडसे को देशभक्त बताने पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें दिल से माफ न करने की बात कहीथी। हालांकि ऐसे प्रकरणों में मन की बात नहीं कानून की किताब के मुताबिक चला जाता है। अगर तब सत्तारुढ़ भाजपा ने अपनी सांसद के खिलाफकोई कड़ा कदम उठाया होता, तो शायद वे ऐसे बयान देने से आइंदा परहेज करतीं। मगर भाजपा ने दिल से माफन करने वाली बात से ही काम चला लिया और अब मंच से खुलेआम उसकी सांसद आत्मरक्षा के नाम पर हिंसा की बात कर रही हैं। क्या भाजपा सांसद को इस देश की पुलिस और न्यायपालिका पर यकीन नहीं है कि किसी के साथ अन्याय होने पर कानूनन इंसाफ दिलाने की प्रक्रिया होगी या फिर बदले की कार्रवाइयों से अन्याय का हिसाब-किताब होने को वे सही मानती हैं। अगर ऐसा है तो फिर देश की संसद में वे किसलिए पहुंची हैं। और भाजपा ने उन्हें किस मकसद से चुनाव में उम्मीदवार बनाया था। क्या भाजपा का मकसद केवल हिंदुत्व के नाम पर वोट बटोरने और लोकसभा में संख्या बढ़ाने का था।

## आलेख

# नेपाल में फिर प्रचंड

आखिरकार नाटकीय घटनाक्रम के बाद नेपाल में नई सरकार बनी है। आम चुनावों के एक माह बाद बनी नई सरकार का नेतृत्व प्रधानमंत्री के रूप में सीपीएन-माओवादी सेंटर के नेता पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' करेंगे। दरअसल, बीस नवंबर को हुए चुनावों में एक त्रिशंकु सदन की तसवीर उभरी थी। यद्यपि इन चुनावों में पांच बार प्रधानमंत्री रह चुके व निवर्तमान प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में उभरी थी। ऐसे में देउबा प्रधानमंत्री बनने के सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे थे। लेकिन प्रचंड ने नाटकीय घटनाक्रम के बाद प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। चुनाव के दौरान नेपाली कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाले माओवादी नेता प्रचंड ने गठबंधन को धता बताकर पलटवार किया। जो हाल के दिनों में नेपाल में जारी राजनीतिक विरोधाभास का ही पर्याय है। प्रचंड ने पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. ओली की पार्टी से समझौता कर लिया है। दोनों ढाई-ढाई साल के लिये सरकार का नेतृत्व करने पर सहमत हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल प्रचंड ने ओली से नाता तोड़ लिया था, जिसके बाद ओली की सरकार गिर गई थी। फिर प्रचंड ने प्रधानमंत्री पद के लिये शेर बहादुर देउबा का समर्थन किया था। राजशाही के पतन के बाद नेपाल में सत्ता के लिये संघर्ष और राजनीतिक अस्थिरता नेपाल का स्थायी परिदृश्य बन गया है। किसी भी प्रधानमंत्री के लिये दो साल से अधिक सत्ता में बना रहना मुश्किल होता रहा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि क्या प्रचंड व ओली की जोड़ी नेपाल को स्थिर सरकार देने में सक्षम हो पायेगी? बहरहाल, नेपाल के हालिया राजनीतिक घटनाक्रम के विशेष मायने हैं।

> आम चुनावों के एक माह बाद बनी नई सरकार का नेतृत्व प्रधानमंत्री के रूप में सीपीएन-माओवादी सेंटर के नेता पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' करेंगे। दरअसल, बीस नवंबर को हुए चुनावों में एक त्रिशंकु सदन की तसवीर उभरी थी। यद्यपि इन चुनावों में पांच बार प्रधानमंत्री रह चुके व निवर्तमान प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में उभरी थी। ऐसे में देउबा प्रधानमंत्री बनने के सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे थे। लेकिन प्रचंड ने नाटकीय घटनाक्रम के बाद प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है।

इसकी वजह यह भी है कि हाल के दशक में चीन नेपाल में सत्ता बनाने व बिगाड़ने के लिये कूटनीतिक खेल खेलता रहा है। खासकर वामपंथी दलों में उसकी खासी दखल रही है। यही वजह है कि नेपाल में हालिया राजनीतिक घटनाक्रम के चलते भारतीय कूटनीतिक क्षेत्रों में असहजता है। उल्लेखनीय है कि शेर बहादुर देउबा सरकार के दौरान भारत व नेपाल के रिश्तों में आशातीत सुधार हुआ था। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल मई में बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी का दौरा किया था। इस दौरान संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर दोनों देशों के सदियों पुराने रिश्तों को मजबूती देने के मकसद से किये गये। ऐसे वक्त में जब भारत हितैषी देउबा अब सत्ता से बाहर हो गये हैं तो भारत को नेपाल के साथ संबंधों को नये सिरे से परिभाषित करना होगा। इसकी वजह यह है कि सीपीएन-माओवादी सेंटर के नेता पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' व पूर्व प्रधानमंत्री के.पी.ओली का चीन के प्रति खास झुकाव रहा है। ओली गाहे-बगाहे भारत के खिलाफ आक्रामक होते रहे हैं। दरअसल, हाल के दिनों में क्षेत्र के हिमालयी देश चीन की कूटनीति के केंद्र में रहे हैं। चीन लगातार भारत की घेराबंदी करता रहा है। वहीं चीन का लक्ष्य इन हिमालयी राष्ट्रों में व्यापार, ऊर्जा और बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना रहा है। नेपाल में चीन ने हाल के दिनों में बड़ा निवेश किया है। उसकी कोशिश नेपाल की निर्भरता भारत पर कम करने की रही है। कहा जाता है कि वर्ष 2018 में चीन ने प्रचंड और ओली के नेतृत्व वाली पार्टियों के एकीकरण में गहरी भूमिका निभाई थी।

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** महत्वपूर्ण कार्य के प्रति समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन केंद्रित होगा। नई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनेंगी किंतु समुचित साधन न होने से पूर्ति में अवरोध होगा। पुराने संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**बृषभः-** अत्याधिक कर्जभार से मन परेशान होगा। कुछ नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। रोजगार में व्यस्तता संभव। अत्याधिक पारिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी।

**मिथुनः-** महत्वपूर्ण दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। नई दायित्व अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगे। कानूनी मामलों में कठिनाइयां संभव। तामसिक विचारें पर नियंतण्ररखें।

**ककर्ः-** नये संबंधों के साथ आपकी सहज घुलसशीलता प्रशंसनीय है। कायरें को समयानुकूल पूर्ण करने का प्रयत्न करें। बिना वजह दूसरों की अलोचना न करें। आलस्य कतई न करें।

**सिंहः-** सगे-संबंधियों के सहयोग से उत्साह का संचार होगा। किसी रचनात्मक कार्य के प्रति रुचि पैदा होगी। पुराने संबंधों के भावनात्मक स्मरण से मन भावुक होगा। राजकीय क्षेत्र कुछ परिवर्तन के आसार बनेंगे।

**कन्याः-** उच्चस्तरीय लोगों के सानिध्य से मनोबल मजबूत होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**तुलाः-** समय व स्थिति के साथ अपने स्वभाव में थोड़ा लचीलापन लाने का प्रयास करें। क्षमता से अधिक कार्यो का बोझ से बोझिल होंगे। शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र मे सफलताएं मिलेंगी।

**वृश्चिकः-** कार्य-पेशे में कुछ नई तब्दीली रुचिकर लगेगी। वर्तमान स्थिति को देखते हुए भविष्य की चिंता बढ़ेगी फिर भी कुछ नये आसार आत्मबल में वृद्धि करेंगे। घर में खुशहाली रहेगी।

**धनुः-** आलस्य निजी महत्वपूर्ण दावित्वों की पूर्ति में बाधक होगा। मानसिक अवसाद व कार्य-पेशे में अरुचि से आर्थिक संकट की आशंका बनेगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्क रहें।

**मकरः-** आर्थिक सबलता हेतु मन नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कोई अचल सम्पत्ति संबंधी तनाव मन को चिंतित करेगा। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जरूरी कायरे में कतई देरी न करें।

**कुंभः-** पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। अच्छी सोच का लाभ प्राप्त करेंगे। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन में चिंता होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य के प्रति चिंताएं समाप्त होंगी।

**मीनः-** अच्छी कल्पनाएं मन पर प्रभावी होंगी परन्तु अपने मन को लक्ष्य से न भटकने दें। व्यावसायिक क्षेत्र में संबंधों का लाभ उठाएंगे। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न तीव्र होगा।

**English**

**की कमजोरी के कारण रह गए**

**वर्ना हम भी आज किसी की बाहों में होते**

**वो Cute लिखती रही**

**और हम कुत्ते समझते रहे!**



## आज का सुविचार

**:- सुविचार :-**

**बड़ी बड़ी बातें करने वाले बातों में ही रह जाते है और हलके से मुस्कुराने वाले बहुत कुछ कह जाते है।**

## संक्षिप्त समाचार

### 139 लोगों ने लगवाई बूस्टर डोज

**सुल्तानपुर।** कोरोना से बचाव के लिए मंगलवार को जिला अस्पताल समेत 14 सीएचसी पर 139 लोगों ने बूस्टर डोज लगवाई। महिला अस्पताल में बूस्टर डोज लगवाने पहुंची सुमन मिश्रा ने बताया कि कोरोना की नई लहर से बचने के लिए सभी को बूस्टर डोज लगवानी चाहिए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एएन राय ने बताया कि 139 लोगों ने मंगलवार को बूस्टर डोज लगवाई है।

### रेल ट्रैक पर मिला युवक का शव

**सुल्तानपुर।** लखनऊ-वाराणसी रेल ट्रैक पर पखरौली स्टेशन के पूरब अभियाखुर्द गांव के पास सोमवार देर शाम ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक किनारे पर एक युवक का शव पड़ा मिला। शव के पास एक बोरी भी पड़ी थी। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। देहात कोतवाली प्रभारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि 40 वर्षीय युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसके गले में स्फटिक की दो माला थीं।

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**बांदा।** जिले में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। एक अज्ञात वाहन बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। वहीं गम्भीर रूप से घायल एक व्यक्ति को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला थाना के सुनौली गांव के मोड़ के पास का है। बबेरू से बाइक पर तीन लोग सवार होकर अपने गांव जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही दो लोगों ने दम तोड़ दिया। एक गंभीर रूप से घायल का इलाज जारी है। वहीं पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक राजा के पिता ने बताया कि धान की बिक्री होने के बाद उसका बेटा और दोनों भाई बबेरू जेवर उठाने आये थे, जिसको लेकर वे गांव जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। मामले में सीओ बबेरू ने बताया कि बाइक सवार बबेरू से अपने गांव जा रहे थे, तभी रास्ते में वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई।

### डॉक्टर आवास पर घुसी बेकाबू कार, बड़ा हादसा टला

**बांदा।** मंडलायुक्त आवास के पास आवास विकास कालोनी में मंगलवार रात एक बेकाबू कार डॉक्टर के आवास में घुस गई। उनका मेन गेट तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया है। आवास विकास निवासी डॉ. गोपाल दास गुप्ता परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात करीब साढ़े 11 बजे एक बेकाबू कार उनके आवास का गेट तोड़ते हुए घुस गई। इससे गेट और कार क्षतिग्रस्त हो गई। आवाज सुनकर डॉक्टर की नींद खुल गई। कार चालक वहां से भाग निकला।

### नए रंग में नजर आएंगी रोडवेज बसें

**बांदा।** चित्रकूटधाम मंडल की रोडवेज बसें भले ही जर्जर हों, लेकिन जल्द नए रंग में नजर आएंगी। डीएम के निर्देश पर 99 फीसदी जर्जर बसों में रंगाई पुताई के साथ ही वाइपर, ऑल वेदर लाइट सहित खिड़कियों के टूटे कांच और अन्य खराबियों को दूर करने का दावा किया जा रहा है। चित्रकूटधाम मंडल की खटारा रोडवेज बसों में खिड़की के शीशे व वाइपर आदि नहीं होने से यात्रियों की समस्या को अखवारों में प्रकाशित किया था। डीएम दीपा रंजन ने खबर को संज्ञान में लेकर रोडवेज बसों की खराबी को दूर करने के लिए आरएम को निर्देश दिए थे। इसके बाद खुद क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप अग्रवाल ने बसों के रोजाना मरम्मत कराने के साथ ही समीक्षा की। आरएम ने कार्यशाला का निरीक्षण किया। फोरमैन ने बताया कि 99 फीसदी बसों की छोटी-बड़ी खराबियां दूर कर दी गई हैं। आरएम ने कार्यशाला से उसी बस को बाहर निकालने के निर्देश दिए पूरी तरह से फिट हों। आरएम ने बस स्टैंड का भी निरीक्षण किया। रैन बसेरा, अलाव, कर्मचारी रेस्ट रूम आदि को देखा। स्टेशन इंचार्ज प्यारेलाल को निर्देश दिए कि बस स्टैंड के अंदर ई-रिक्शा आदि को प्रवेश नहीं करना चाहिए। स्टैंड के आसपास डग्गामारी करने वाले वाहनों की सूची तैयार कर कार्रवाई के लिए आरटीओ व पुलिस अधीक्षक को भेजी जाए।

### सपा अध्यक्ष के खिलाफ प्रदर्शन,पार्टी के कई मुस्लिम पदाधिकारियों का इस्तीफा

**उरई/जालौन।** जालौन में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र मौखरी के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि देने उरई आए थे। इस दौरान वह पार्टी के कई पदाधिकारियों के घर गये, मगर सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष कमर वकील के इंतकाल के बावजूद भी उनके घर नही पहुंचे। इसको लेकर मुस्लिम समुदाय में गुस्सा है। उन्होंने मंगलवार को प्रदर्शन करते हुए अखिलेश के खिलाफनारे लगाये। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र के निधन पर श्रद्धांजलि देने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव दोपहर को उरई पहुंचे थे। श्रद्धांजलि देने के बाद अखिलेश यादव कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री इंद्रजीत यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद यादव के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीपराज गुर्जर के आवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने पहुंचे थे। इस दौरान सपा के मुस्लिम पदाधिकारियों ने सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष कमर अहमद के इंतकाल होने पर उनके परिजनों को सांत्वना देने का आग्रह किया था, मगर अखिलेश यादव उनके घर नहीं गए। विरोध के कारण देर शाम नगर उपाध्यक्ष काजी समर, नगर महासचिव शबीउद्दीन, मुहम्मद आमिर अफरीदी ने पार्टी के पद से इस्तीफा देते हुए अखिलेश यादव के खिलाफप्रदर्शन किया। आगामी नगर निकाय चुनाव में सपा के खिलाफवोट करने की बात कही। वहीं सोशल मीडिया पर भी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफमुस्लिम समुदाय में आक्रोश देखने को मिला। सोशल मीडिया से कई मुस्लिम सपाई यह कहते नजर आये कि समाजवादी पार्टी केवल मुसलमानों का वोट के लिए इस्तेमाल कर रही है। वहीं देर शाम को उरई के बजरिया में पार्टी कार्यकर्ता एकत्रित हुये, जिन्होंने सामूहिक रूप से इस्तीफा देते हुए अखिलेश यादव के खिलाफनारेबाजी की। साथ ही कहा कि विधानसभा चुनाव में 95 फीसदी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सपा का साथ देते वोट दिया, मगर पार्टी के अंदर मुस्लिम समुदाय का तिरस्कार किया जा रहा है। इसके लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सोचना होगा।

### बिजली कनेक्शन काटने पर टीम को घेरा

**उरई/जालौन।** बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटने से नाराज लोगों ने टीम को घेर लिया। धक्कामुक्की और कहासुनी होने लगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। विद्युत उपखंड अधिकारी कौशलेंद्र सिंह, जेई पैश्वनीराम, टीजीटू नरेंद्र सोलंकी की टीम आज दोपहर तकिया चौराहे पर बिजली विभाग के बकायेदारों की चेकिंग कर रही थी। टीम ने एक लाख रुपये का बिल बकाया होने पर शकीला का कनेक्शन काट दिया। इसके बाद 62 हजार के बकायेदार नियामत का भी कनेक्शन काटा गया। कनेक्शन काटने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और दोनों पक्षों में बहस होने लगी। मौके पर मौजूद भीड़ को देख एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। चौकी प्रभारी अतुल कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराया। अभियंताओं की तरफसे रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर नहीं दी गई है। कोंच संवाद के मुताबिक ग्राम सिमिरिया में 90 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। पांच के खिलाफबिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एसडीओ अनिरुद्ध कुमार मौर्य, अवर अभियंता रामू गुप्ता और जितेंद्र देव वर्मा ने सिमिरिया में शिविर लगाया। इसमें आसपास के गांवों पनयारा, अकोढ़ी, बिरगुवां बुजुर्ग के बिजली उपभोक्ताओं की भी समस्याएं सुनीं गईं और उनका निस्तारण किया। एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह ने भी शिविर में पहुंचकर समस्याएं सुनीं।

### स्काउट गाइड शिविर में साहस व विनम्रता का पाठ पढ़ाया

**डुमरियागंज।** तहसील क्षेत्र के गौहनियाराज पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को स्काउट गाइड शिविर आयोजित किया गया। बच्चों को साहस व विनम्रता का पाठ पढ़ाया गया। उनका दीक्षा संस्कार कराया गया। उन्हें अनुशासन में रहने की सीख दी गई। कार्यक्रम में बच्चों को टेंट पिचिंग, मल्टी स्टैंड, गांठ बंधन, प्राथमिक सहायता, लक्ष्मण झूला, हस्तकला ज्ञानेंद्रियों का परीक्षण आदि कराते हुए साहसी व विन्रमता का पाठ पढ़ाया गया।

# यूपी में चलेंगी बर्फीली हवाएं, राजधानी में खिली धूप

**संवाददाता**

**लखनऊ।** पश्चिमी हवाओं ने सर्दी का कहर ढाना शुरू कर दिया है। बीते 24 घंटे में लखनऊ में अधिकतम तापमान में 5 डिग्री की गिरावट हुई। जबकि रात का तापमान कोहरे के चलते 6 डिग्री सेल्सियस पर सिमट गया। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम यूपी के जिलों में घने कोहरे के कारण कोल्ड डे की चेतावनी जारी हुई है। इन शहरों में मेरठ, अमरोहा, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, संभल, शाहजहांपुर शामिल हैं। यहां आपको बता दे कि कोल्ड डे क्या होता है? दरअसल, किसी भी शहर में दो दिन लगातार न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया जाए, और अधिकतम तापमान में भी अधिकतम 6 डिग्री की गिरावट दर्ज हो, तो उसको कोल्ड डे की कैटेगरी में रखा जाता है।इसके अतिरिक्त कोहरे के लिए बरेली, रामपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, बागपत, गाजियाबाद समेत वेस्ट यूपी में अलर्ट रखा गया है। हाईवे पर संभलकर गाड़ी ड्राइव करने का सुझाव दिया गया है। सर्द हवाओं की वजह से यूपी का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस पर बना रहा। सबसे ज्यादा तापमान वाराणसी में 22.6 और प्रयागराज में 22.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यूपी में सबसे कम तापमान प्रयागराज और अयोध्या का 4.5 रहा। बुधवार सुबह राजधानी लखनऊ में धूप खिली, हालांकि गर्माहट का एहसास कम था। सर्द हवाएं लोगों को परेशान करती रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले 24 घंटे के दौरान राजधानी में घना कोहरा पड़ेगा। दोपहर में आसमान साफ रहेगा। गुनगुनी धूप निकलती रहेगी। यूपी के अधिकतर शहरों में 12 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बर्फीली हवाएं चलेंगी। लखनऊ में 5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बर्फीली हवाएं चलने की उम्मीद है। लंबी दूरी की ट्रेनें कोहरे की वजह से लेट ही चलीं। रेलवे ने कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं जारी किया। मगर ट्रेनों की टाइमिंग से औसत करने पर करीब 40ः ट्रेन लेट चलती मिली। इनमें चंडीगढ़-पाटलीपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस 12.30 घंटे लेट चली। गंगा सतलुज एक्स. 9 घंटा, हिमगिरी एक्सप्रेस करीब 9 घंटा, हावड़ा-अमृतसर पंजाब मेल 8 घंटा और बेगमपुर एक्स. करीब 7 घंटे लेट चली।

**चेतावनी**

- बीते 24 घंटे में लखनऊ में अधिकतम तापमान में 5 डिग्री की गिरावट हुई
- मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम यूपी के जिलों में घने कोहरे के कारण कोल्ड डे की चेतावनी जारी



### कोहरे ने दी दस्तक,6 डिग्री सेल्सियस से भी कम रहा तापमान

**उरई/जालौन।** जालौन में दिसंबर के अंतिम दिनों के साथ ठंड का कहर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। बुधवार को जनपद में ठंड बढ़ गई। सुबह की शुरुआत कोहरे के साथ हुई है, ऐसे में आम जनजीवन खासा प्रभावित रहा। सुबह के वक्त तापमान 6 डिग्री सेल्सियस से भी कम रहा। वहीं, जनपद के नगर पालिका और नगर पंचायत द्वारा अभी तक चौराहों पर अलाव न जलाये जाने से रिक्शा चालकों, मजदूरों व आम आदमी को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं, कोहरा किसानों के फसल के लिए लाभदायक बताया जा रहा है। जनपद में दिसम्बर के अंतिम दिनों में सर्दी लोगों के लिए परेशानी बनी रही। सुबह जब लोगों की नींद खुली और बाहर जाकर देखा तो चारों ओर कोहरा और धुंध दिखाई दी। सुबह के समय कोहरा विजिबिलिटी 4 मीटर से भी कम थी। कोहरे की धुंध करीब 8 बजे तक छायी रही। इस कारण कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से लेट रहीं। कोहरे के कारण गोरखपुर जाने वाली राप्तीसागर एक्सप्रेस 2 घंटे देरी से उरई पहुंची। वहीं, अहमदाबाद, भोपाल, इंदौर, मुंबई तथा लोकमान्य तिलक को जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस, भोपाल सुपरफास्ट, पटना इंदौर एक्सप्रेस, साबरमती एक्सप्रेस, कुशीनगर एक्सप्रेस, मुंबई एलटीटी, उद्योग नगरी भी अपने निर्धारित समय से तकरीबन ढाई घंटे की देरी से चल रही है।

## संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा दे रही भाजपा सरकार

**बांसी।** समस्त भाषाओं की जननी संस्कृत है। अति प्राचीन भाषा होने के नाते हमारे वेद, पुराण आदि धार्मिक ग्रंथ संस्कृत भाषा में ही हैं। भाजपा सरकार संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। ये बातें विधायक जयप्रताप सिंह ने कहीं। वे क्षेत्र के एकडेंगवा स्थित मुनेश्वर प्रसाद आदर्श संस्कृत महाविद्यालय पर आयोजित स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने का हर संभव प्रयास कर रही है। पूर्व की सरकारों ने इसकी अनदेखी की, जिससे इसके प्रति लोगों की रुचि कम हो गई। लेकिन अब ऐसा नहीं है। वाराणसी, अयोध्या व ऐसे संस्कृत विद्यालयों से लोग शिक्षा प्राप्त कर आईएएस, पीसीएस, पीएचडी आदि जैसे ऊंचे पद को प्राप्त कर रहे हैं। हमारे देश भारत से ही संस्कृत भाषा की उत्पत्ति हुई, लेकिन इसे




जर्मनी में सबसे अधिक पढ़ा जाता है। विद्यालय के प्रबंधक, पूर्व प्राचार्य यशदेव प्रसाद मिश्र ने कहा कि सरकार स्मार्ट फोन, स्कॉलरशिप आदि देकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन कर रही है। इस दौरान प्रधानाचार्य द्विजेंद्र मणि त्रिपाठी, कवि राकेश त्रिपाठी, प्राचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, ग्राम प्रधान प्रदीप चौरसिया, सहायक अध्यापक, बलराम प्रसाद मिश्र, डॉ. सत्येंद्र मणि त्रिपाठी, डॉ. बृजेश कुमार शुक्ल, जगदंबा प्रसाद ओझा, सेवानिवृत्त शिक्षक रामदेव शुक्ल, संजय चौहान मौजूद रहे।

## ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर रहे युवक की गला रेतकर हत्या

### घटना की सूचना के बाद एसपी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया

**सुल्तानपुर।** मुजहना महमूद पट्टी गांव में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने वाले एक युवक की मंगलवार की रात चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। बुधवार की सुबह घटना की सूचना के बाद एसपी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। पुलिस ने ईंट भट्ठा के मुंशी की तहरीर पर हत्या आरोपी फरार दंपती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणपुर निवासी प्रवेश कुमार यादव का इसी कोतवाली क्षेत्र के मुजहना महमूद पट्टी गांव में ईंट भट्ठा है। ईंट भट्ठे पर झारखंड प्रदेश के गुमला जिले के घाघरा नाथपुर थाना क्षेत्र के जमगई गांव निवासी रघु मिस्त्री (38), करम दलाय, बंदो देवी (पति-पत्नी) निवासी बेटी पतरा रोली, थाना घाघरा नाथपुर मजदूरी करते थे। पिछले मंगलवार की रात रघु मिस्त्री और करम दयाल के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि करम दयाल और बंदो देवी ने मिलकर चाकू से रघु मिस्त्री



की गला रेत कर हत्या कर दी। हत्या के बाद दंपती रात में ही ईंट भट्ठे से फरार हो गए। बुधवार की सुबह भट्ठे पर काम करने वाले अन्य मजदूरों ने इसकी सूचना भट्ठा के मुंशी मखंचू निवासी अमरेथू डढ़िया कोतवाली कादीपुर को दी। हत्या की जानकारी मिलते ही मुंशी ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद एसपी सोमेन बर्मा, एएसपी विपुल श्रीवास्तव, सीओ शिवम मिश्र भी भट्ठे पर पहुंच गए। एसपी ने मजदूरों से पूछताछ की। पूछताछ में रघु और करम दयाल के बीच रात में विवाद होने की जानकारी मिली। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

पुलिस ने मुंशी की तहरीर पर करम दयाल और उसकी पत्नी बंदो देवी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। एसपी ने बताया कि दंपती की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गई हैं। हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है।

## कोरोना से निपटने की तैयारियां मॉकड्रिल में ही धराशायी

**सुल्तानपुर।** कोरोना से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को हुई मॉकड्रिल में ही व्यवस्था धराशायी हो गई। लंभुआ सीएचसी में लगा ऑक्सीजन प्लांट चालू ही नहीं हो सका। तकनीकी खराबी दूर कर प्लांट से वार्ड तक ऑक्सीजन सप्लाई पहुंचाने की कोशिश की गई, लेकिन वह भी सफल नहीं हुई। हालांकि जिला अस्पताल में मॉकड्रिल तकरीबन सफल रही। निर्धारित 10 मिनट के भीतर मरीजों का इलाज शुरू हो गया।

सीएचसी लंभुआ परिसर में दो वर्ष पूर्व 40 लाख रुपये की लागत से ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था। डिप्टी सीएमओ डॉ. लालजी ने मंगलवार दोपहर यहां मॉकड्रिल शुरू कराई तो स्वास्थ्य कर्मियों को बड़ा झटका लगा। सीएचसी परिसर में लगा ऑक्सीजन प्लांट चालू ही नहीं हुआ।



डिप्टी सीएमओ ने पूछताछ की तो पता चला कि दो दिन से ऑक्सीजन प्लांट तकनीकी खराबी के कारण बंद है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि मॉकड्रिल की जानकारी होने के बाद भी ऑक्सीजन प्लांट क्यों नहीं दुरुस्त किया गया। फिलहाल डिप्टी सीएमओ ने विद्युत कर्मियों को मौके पर बुलाकर ऑक्सीजन प्लांट की तकनीकी खराबी दूर कराई। इसके बाद ऑक्सीजन प्लांट से वार्ड में मरीजों के बेड तक ऑक्सीजन पहुंचाने की व्यवस्था की जांच की। इस कवायद में भी सिस्टम फेल मिला। मरीजों के बेड तक ऑक्सीजन नहीं पहुंच सकी। इसके बाद दो बेड के आईसीयू कक्ष में महिला मरीज के साथ आई अर्शला (4) को बेड पर लिटाकर ऑक्सीजन देने की मॉकड्रिल की गई।

### खाद और सवारियों से भरा टेंपो पलटा, छह घायल

**बांदा।** खाद और सवारियों से भरी टेंपो कालेश्वर तिराहे पर मंगलवार देर रात बेकाबू होकर पलट गया। इसमें सवार चालक समेत छह लोग घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया है। जसपुरा थाना क्षेत्र के तड़ौरा गांव निवासी टेंपो चालक अजीत कुमार लामा गांव से 10 बोरी यूरिया और पांच सवारियों लेकर गांव जा रहा था। कालेश्वर तिराहे पर टेंपो पलट गया। टेंपो में बैठे गुड़िया (25), रेखा (28), फगुनिया (55), अरविंद (35), भोला (50) घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया है। घायल सवारियों ने बताया कि टेंपो चालक नशे में था। वह भी घायल हुआ है। जसपुरा पुलिस ने टेंपो को थाने में खड़ा कराया है।

## बिना मरम्मत नहर में छोड़ा पानी, फसल डूबी

**सिद्धार्थनगर।** सरयू नहर परियोजना के तहत बनी नहर में बिना मरम्मत पानी छोड़ने से सोमवार को शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के तालकुंडा के कई किसानों की गेहूं की फसल डूब गई। पीड़ित किसानों के मुताबिक कोई भी जिम्मेदार फसल की क्षति का जायजा लेने नहीं पहुंचा। किसानों ने नहर विभाग के लोगों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए फसल के मुआवजे की मांग की है।

शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र की तालकुंडा ग्राम पंचायत के जलापुरवा व सधुवानगर के बीच बनी सरयू परियोजना के तहत नहर में सोमवार की सुबह कर्मचारियों ने पानी छोड़ा था। लेकिन जलापुरवा के पूर्वी उत्तरी



छोर पर नहर पानी से कट गई। इससे दोनों टोलों के कई किसानों की सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल डूब गई।

किसानों रामानंद चौहान, राम नारायन, आनंद आदि ने आरोप लगाया कि सरयू नहर परियोजना के तहत बनी नहर में बिना मरम्मत पानी छोड़ने से गेहूं की फसल पानी में डूब गई है। नहर परियोजना के एसडीओ विभूति नारायण सिंह ने बताया कि पता करवाकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## हल्लौर कस्बे में आयोजित हुई मरसिया मजलिस

**डुमरियागंज।** हल्लौर कस्बे में मंगलवार को पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की बेटी हजरत फातिमा जेहरा की शहादत का गम मनाया गया। जामा मस्जिद, जन्नतुलबकी तथा बड़े इमामबाड़ा, हुसैनिया बाबुल आदि स्थानों पर मरसिया मजलिस आयोजित की गई। फातिमा जेहरा की शहादत का जिक्र सुन अकीदतमंद रो पड़े। अकीदतमंदों ने नौहा मातम कर उन्हें नजराने अकीदत श्रद्धा सुमन पेश किया। मौलाना तसदीक हुसैन, जमाल हैदर तथा काजिम करबलाई और अजीम हैदर ने कहा कि रसूले खुदा हजरत मोहम्मद साहब की वफात देहांत के बाद उनकी इकलौती बेटी शहजादी फातिमा जेहरा पर इस्लाम के दुश्मनों ने बहुत अत्याचार किया। वह ऐसी महान महिला थीं, जिन्होंने अपने छोटे से जीवन में इस्लाम और इंसानियत के लिए महान कार्य किए। मजलिस के अंत में मौलाना ने फातिमा जेहरा की शहादत को बयान किया।

## हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर पलटी श्रद्धालुओं से भरी बस, 28 घायल, दो ट्रॉमा रेफर

**सुल्तानपुर।** वाराणसी से अयोध्या रामलला के दर्शन के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में 28 श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां दो श्रद्धालुओं की हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही डीएम जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना।

महाराष्ट्र के पुणे जिले के भोसरी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर के रहने वाले श्रद्धालु



तीर्थयात्रा पर निकले हैं। वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम का दर्शन करने के बाद वे मंगलवार की देर शाम अयोध्या के लिए बस पर बैठकर निकले थे। बस बुधवार की भोर में सुल्तानपुर जिले के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के टाटिया नगर के पास पहुंची थी कि अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। तेज आवाज सुनकर टाटिया नगर पुलिस चौकी पर ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मी भागकर मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने देतोबा काशीनाथ (70), विकास पंडरनाथ पांडेय (43) निवासी शास्त्रीनगर थाना भोसरी जिला पुणे महाराष्ट्र को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, सीएमओ डॉ. डीके त्रिपाठी, सीएमएस डॉ. एससी कौशल अस्पताल पहुंच गए।

### ओड़िसा से लौटी 56 साल की महिला की रिपोर्ट आई पॉजिटिव, चंदर नगर में मिला दूसरा केस

# राजधानी में 2 नए कोरोना मरीज

**संवाददाता**

**लखनऊ।** कोरोना के घातक वेरिएंट बीएफ-7 की आहट के बीच बुधवार को 2 नए कोरोना संक्रमित मिले। बुधवार सुबह आई रिपोर्ट में प्रदेशभर में 24 घंटे में कोविड के 2 मरीज की पुष्टि हुई हैं। पॉजिटिव आए मरीजों में दोनों ही राजधानी लखनऊ के हैं। इनमें से चिनहट निवासी 56 साल की बुजुर्ग महिला हैं। वही दूसरा 48 साल का पुरूष हैं। दोनों ही मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया हैं। सीएमओ लखनऊ ने बताया कि डॉक्टरों की टीम दोनों ही मरीजों के संपर्क में हैं। उनके स्वास्थ्य की निगरानी रखी जा रही हैं। जरूरत पड़ने पर मरीजों को अस्पताल में शिफ्ट कराया जाएगा। यूपी में फिलहाल कोरोना संक्रमण के 46 एक्टिव केस हैं। 24 घंटे में 2 नए मरीजों में संक्रमण की पुष्टि के साथ ही 6 मरीज कोरोना से रिकवर भी हो गए हैं। फिलहाल सबसे ज्यादा मामलें मेरठ में हैं। यहां 7 एक्टिव केस हैं। वही लखनऊ, कुशीनगर और रायबरेली तीनों ही जगह 5-5 एक्टिव केस हैं। वही अम्बेडकर नगर और गौतम बुद्ध नगर में 4-4 मरीज हैं। इसके अलावा अमरोहा में 3 सक्रिय मरीज हैं। लखनऊ सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि 56 साल की बुजुर्ग महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई हैं। महिला ओड़िसा में भुवनेश्वर समेत तमाम शहरों में का दौरा करके लौटीं थी। इस बीच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उसे घर पर ही आइसोलेशन में रखा गया हैं। वही दूसरा संक्रमित मरीज आलमबाग के नजदीक चंदर नगर का हैं। 48 साल के पुरुष की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उसे भी घर पर ही आइसोलेशन में रखा गया हैं। हालांकि राहत की बात यह हैं कि दोनों के ही परिवार में किसी अन्य सदस्य की रिपोर्ट पॉजिटिव नही आई हैं। बीएफ-7 के संभावित खतरे के बीच सरकार भले ही मॉक ड्रिल से लेकर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दे रही हो पर कोविड वैक्सीनेशन फिलहाल राज्य में धीमी रफ्तार से ही होता दिख रहा हैं। मंगलवार को प्रदेश भर में महज 8 हजार 37 लोगों को वैक्सीन की डोज दी गई। इस दौरान बूस्टर डोज लेने वालों की संख्या 6 हजार 64 रही। इसके अलावा 648 लोगों ने पहली डोज और 1 हजार 325 ने दूसरी डोज लगवाई। प्रदेश में अब तक कुल 39 करोड़ 6 लाख 30 हजार 603 वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं।

**संक्रमण**

- प्रदेशभर में 24 घंटे में कोविड के 2 मरीज की पुष्टि हुई
- पॉजिटिव आए मरीजों में दोनों ही राजधानी लखनऊ के हैं



# डकैती में शामिल दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, सोने-चांदी के जेवरात बरामद

**हमीरपुर।** हमीरपुर के सुभाष बाजार में अली ब्रदर्स एंड संस की दुकान से सोमवार देर रात 20 लाख की डकैती की घटना का पुलिस ने 18 घंटे में खुलासा कर दिया। घटना में शामिल दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ में सिटी फॉरेस्ट से गिरफ्तार किया गया है। जिनके पैरों में गोली लगी है। उनके पास से डकैती के दौरान लूटे गए सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद कर लिए गए हैं।

कोतवाली सदर हमीरपुर क्षेत्र अंतर्गत सोमवार देर रात सुभाष बाजार के सूफीगंज चौराहा पर अलीब्रदर्स एंड संस दुकान पर बदमाशों ने दो चौकीदारों को बंधक बनाकर कटर से दुकान का सटर काटकर 15 किलो चांदी के बर्तन व 180 ग्राम सोना ले



गए थे। जिसके बाद डीआईजी वीके मिश्रा ने घटना स्थल का निरीक्षण कर खुलासे का आश्वासन दिया था।

**सफलता**

- » घटना में शामिल दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ में सिटी फॉरेस्ट से गिरफ्तार किया गया
- » घटना की गहनता से जांच के लिए 6 पुलिस टीमों को लगाया गया

एसपी शुभम पटेल ने बताया कि घटना की गहनता से जांच के लिए 6 पुलिस टीमों को लगाया गया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अभियुक्तों की पहचान की गई। सिटी फॉरेस्ट स्थित मंदिर के पास बाइक सवार संदिग्ध व्यक्तियों की ओर से पुलिस टीम पर फायरिंग की गई एवं पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्रवाई में 2 अभियुक्त फिरोजाबाद के टीटू व रवि घायल हो गए।

जिनको उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है, साथ ही बाइक सवार तीन अभियुक्त मौके से फरार हो गए। जिनकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 5 किलो चांदी का सामान जिसमें 8 चांदी की प्लेट, 14 कटोरी, 1 गदा, 2 चांदी का कलश, बिछिया, पायल, अंगूठी व कुछ सोने के आभूषण बरामद हुए। पुलिस टीमों द्वारा घटना से संबंधित सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

## हाड़ कंपाती ठंड में रात भर जागकर फसल की रखवाली कर रहे किसान

**हाथरस।** छुट्टा पशु किसानों के गले की हड्डी साबित हो रहे हैं। इनके आतंक से अन्नदाता परेशान हैं। खेतों में घुसकर छुट्टा पशु फसलों को बर्बाद कर दे रहे हैं। ऐसे में किसानों को हाड़ कंपाती ठंड में रात भर जगकर खेतों पर रखवाली करनी पड़ी रही है।

किसान 6 डिग्री तापमान में भी खेतों पर खेतों में नमी के चलते सूखे क्षेत्र के मुकाबले एक दो डिग्री सेल्सियस तापमान कम रहता है। इसलिए खेतों के निकट सर्दी का एहसास ज्यादा होता है। पेट की आग के आगे किसानों को हाड़ कंपाने वाली सर्दी में नींद और बिस्तर को छोड़ फसलों की पहरेदारी करनी पड़ रही है। किसान रात भर अलाव के सहारे खेतों में डटे रहते हैं। परिवार के लोगों की ड्यूटी शिफ्टवार लगानी पड़ रही है। किसानों ने बताया कि कड़ाके की ठंड में जब कोई व्यक्ति घर से निकलना नहीं चाहता उस वक्त किसान आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा के लिए खेत में डटे रहते हैं। किसान वीरेंद्र सिंह ने ठंड से बचने के लिए खेतों के सहारे झोपड़ी बना रखी थी, जिसमें रात को वह हल्की सी नींद पूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि नीलगाय के साथ गोवंश के झुंड खेतों को उजाड़ देते हैं। ऐसे में किसान परिवार के लोग शिफ्टों में खेतों में ड्यूटी लगाकर रखवाली करने को मजबूर हैं। किसान उदय सिंह एक हाथ में टॉर्च दूसरे में डंडा लेकर खेत में चौकन्ने दिखे। उन्होंने बताया कि 24 घंटे गेहूं की फसल की रखवाली करनी पड़ रही है।

## यूपीः सूचना आयुक्त की चल-अचल संपत्तियों की खुली सतर्कता जांच के लिए प्रशासनिक सुधार विभाग को चाहिए

**संवाददाता**

**लखनऊ।** पारदर्शिता के कानून यानि कि आरटीआई एक्ट 2005 को मजबूती से लागू कराने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर लम्बे समय से क्रियाशील पंजीकृत सामाजिक संगठन सूचना का अधिकार बचाओ अभियान (सीपीआरआई) के 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा बीते नवम्बर महीने में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भेंटवार्ता कर ज्ञापन देने का असर शायद अब धरातल पर उतर रहा है। बताते चलें कि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष तनवीर अहमद सिद्दीकी, संस्था की संरक्षिका उर्वशी शर्मा, स्वतंत्र पत्रकार जैद अहमद फारूकी, अधिवक्ता देवेश मणि त्रिपाठी,अधिवक्ता

**समाजसेवा**

- » उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भेंटवार्ता कर ज्ञापन देने का असर शायद अब धरातल पर उतर रहा

अशोक कुमार शुक्ल, समाजसेवी इं. संजय शर्मा,पत्रकार मोव सफीर सिद्दीकी और पत्रकार शम्स तबरेज ने आनंदीबेन पटेल से भेंटवार्ता करके मांग की थी कि सूचना आयुक्तों के खिलाफ राजभवन को प्राप्त शिकायतों को सूचना आयोग को भेजने पर रोक लगाई जाए और इन शिकायतों पर राजभवन स्तर पर समिति बनाकर अथवा सूबे में आरटीआई कार्यों के नोडल विभाग प्रशासनिक सुधार से प्राथमिक जांच कराकर आगे की कार्यवाहियां राज्यपाल द्वारा गुण-दोष के आधार पर की जाएँ। उर्वशी शर्मा ने बताया कि सूचना कानून की धारा 15 और 17 के अंतर्गत सूचना आयुक्तों के खिलाफ निलंबन और बर्खास्तगी जैसी कार्यवाहियों के अधिकार मात्र राज्यपाल में ही निहित हैं और क्योंकि आम जनता द्वारा सूचना आयुक्तों के खिलाफ की गई शिकायतें यांत्रिक रीति से राज्यपाल सचिवालय से प्रशासनिक सुधार विभाग से सूचना आयोग से होकर सम्बंधित आरोपी सूचना आयुक्त को ही प्राप्त हो रही थीं जो अपने खिलाफ हुई शिकायतों को पत्रवालित कर रहे थे और शिकायतकर्ताओं को प्रताड़ित कर रहे थे इसीलिए इस दोषपूर्ण प्रक्रिया को सुधारने की मांग राज्यपाल से की गई थी। उर्वशी बताती हैं कि उन्हें लगता है कि प्रतिनिधिमंडल की भेंटवार्ता के बाद प्रशासनिक सुधार विभाग ने शिकायतों को पोस्ट ऑफिस की तरह सूचना आयोग को ट्रान्सफर करने का अपना रवैया बदला है और उनके द्वारा सूचना आयुक्त हर्षवर्धन शाही के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने और सतर्कता जांच कराने की शिकायत पर स्वयं निर्णय लेकर बीती 06 दिसम्बर को पत्र जारी करके इसकी सूचना उनको दी है।

## चेकिंग करने पहुंचे बिजलीकर्मियों पर ग्रामीणों ने किया हमला

### दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, दो लाइनमैन घायल

**आगरा।** आगरा के खंदौली सीमा पर गांव बास पोहपी में मंगलवार दोपहर को चेकिंग करने गई विद्युत निगम की टीम पर ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। कर्मचारियों ने बचने की कोशिश की तो उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। मारपीट में दो लाइनमैन गंभीर घायल हो गए। मामले में हाथरस के थाना सादाबाद में तहरीर दी गई है।

सादाबाद थाने में दी तहरीर के अनुसार मंगलवार दोपहर को गांव बास पोहपी में उपखंड अधिकारी विद्युत, अवर अभियंता, टीजी टू, लाइनमैन की टीम चेकिंग के लिए पहुंची थी। एक उपभोक्ता पर नलकूप संयोजन केतकरीबन 8.69 लाख रुपये का बकाया है। कर्मचारियों ने बकायेदार का पहले कनेक्शन काट



दिया था। अब टीम उपभोक्ता के परिवार के अन्य सदस्य के नाम एक और विद्युत कनेक्शन चेक करने गई थी। अलग केबल डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। संबंधित उपभोक्ता इसके कोई कागज नहीं दिखा सका। बिजली चोरी के बारे में पूछताछ करने पर उपभोक्ता और उसके परिवार के अन्य लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने लाठी-डंडे निकाल लाए और मारपीट करने लगे। इसमें टीम के सदस्यों के चोट लगी। उपभोक्ता व उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ बिजली चोरी करने, गाली गलौज, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया गया है।

बिजली चेकिंग के लिए करने गई टीम पर एक महिला ने नहाते समय वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़िता ने बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत की है। महिला का आरोप है कि बिजली टीम घर घुस रही थी। उसकी जेठानी ने बिजली अफसरों को बाहर ही बात करने के लिए कहा, क्योंकि घर में महिलाएं नहा रही थीं। बिजली टीम के अधिकारी कर्मचारी उसकी जेठानी को धक्का मारकर घर में घुस गए। नहाते समय उसका वीडियो बना लिया। पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## वित्त विहीन कॉलेज संचालकों को दिया बोर्ड परीक्षा के नियमों का ज्ञान



**हाथरस।** डीआईओएस रीतू गोयल ने यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्र बने वित्त विहीन कॉलेजों के संचालकों के साथ अपने दफ्तर के सभागार में बैठक की। इसमें बोर्ड द्वारा जारी किए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया गया।

डीआईओएस ने कॉलेज संचालकों से कहा कि बोर्ड परीक्षा- 2023 के लिए परीक्षा केंद्र पर समस्त निर्धारित व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें। परीक्षा कक्षों में एलईडी लाइट की व्यवस्था को भी ठीक कर लिया जाए। परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की व्यवस्था पर जोर दिया गया।

परीक्षा केंद्र पर सीपी प्लस एवं दहूआ कंपनी के डीवीआर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की संपूर्ण रिकार्डिंग के लिए पर्याप्त हार्डडिस्क की व्यवस्था कर ली जाए, ताकि उसे परीक्षा समाप्ति के उपरांत कार्यालय में जमा कराया जाएगा।

## भाषण प्रतियोगिता में रितु, रजत और योगिता ने मारी बाजी

**हाथरस।** भाजपा जिला कार्यालय पर मंगलवार को अटल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें डिजिटल इंडिया, पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था, मुफ्त की राजनीति से विकास की राजनीति की ओर, युवाओं को सशक्त बनाने पर मोदी सरकार का जोर विषय पर प्रतिभागियों ने अपने विचार रखे। 18 से 35 वर्ष के युवाओं ने इसमें प्रतिभाग किया।

निर्णायक मंडल में सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह गुड्डू ,धर्म जागरण समन्वय के प्रांत संयोजक विनोद चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह भैयाजी और बृजेश वशिष्ठ रहे। अध्यक्षता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराग अग्निहोत्री ने की। अग्निहोत्री ने कहा कि यहां से जीतने वाले तीनों प्रतिभागियों की बृजक्षेत्र के 19 संगठनात्मक जिलों के प्रतिभागियों से प्रतियोगिता होगी।

वहां से जीतने वाले लोग लखनऊ में संगठनात्मक छह क्षेत्रों के तीन-तीन प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे। जहां प्रदेश स्तर पर लखनऊ में उन्हें सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजय प्रतिभागी प्रथम स्थान पर रितु गौतम, द्वितीय स्थान पर रजत चौधरी, तृतीय स्थान पर योगिता वार्ष्णेय रहीं। कार्यक्रम में नवनीत गौतम, नितिन गौतम, शुभम मंडल, अरुण उपाध्याय, अनिरुद्ध चौधरी, राघव वशिष्ठ आदि थे।

## प्रेम कुमार ने 241 मत प्राप्त कर हासिल की राशन दुकान

**भरुआसुमेरपुर।** ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग के मजरा बड़ा कछार की राशन दुकान का आवंटन का चुनाव मंगलवार को कराया गया। प्रेम कुमार मतदान में विजयी रहे। क्षेत्र के बड़ा कछार में राशन की दुकान का आवंटन मंगलवार को नायब तहसीलदार सुभाष वर्मा, ज्वाइंट खंड विकास अधिकारी उमाशंकर साहू, ब्लॉक पर्यवेक्षक रामसेवक व रामबाबू गुप्ता एवं प्रभारी एडीओ मनीष कौशिक व ग्राम प्रधान रामप्यारी निषाद की मौजूदगी में कराया गया। अधिकारियों ने रूबी, आकांक्षा व संगीता देवी के आवेदन खामियों के चलते निरस्त कर दिए। एडीओ पंचायत ने बताया कि कुल 356 लोगों ने मतदान में हिस्सा लिया। राजकुमार को 115 व प्रेम कुमार को 241 मत प्राप्त हुए।

## रोडवेज बस स्टैंड के रैन बसेरे पर ताला, रेलवे स्टेशन पर नहीं दिखे इंतजाम

हाथरस। इस समय शीतलहर का प्रकोप चल रहा है और प्रशासन लोगों को सर्दी से बचाने के लिए तमाम दावे कर रहा है, लेकिन मंगलवार को जब अमर उजाला की टीम ने शहर के कुछ सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया तो प्रशासन के इन दावों में दम नजर नहीं आया।

बस स्टैंड पर बसेरे में ताला लटका मिला और यात्री खुल को सर्दी से बचाते नजर आए तो सिटी रेलवे स्टेशन पर रैन बसेरे का इंतजाम ही नही था। मुख्य चौराहों पर अलाव भी नहीं जल रहे थे। लेबर कॉलोनी स्थित रैन बसेरे में पूरे इंतजाम तो थे, लेकिन वहां उन्हीं लोगों को ठिकाना मिल



सकता था, जिनके पास आधार कार्ड हो। शहर के रोडवेज बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा पर ताला लटका हुआ था। बस स्टैंड पर अलाव भी नहीं जल रहे थे। वहां मौजूद कुछ लोग सर्दी में ठिठुरते नजर आए। वहां मौजूद भंवर सिंह व शुभम पंवार का कहना था कि वह हरिद्वार जा रहे हैं। अभी बस भी नही आई है और यहां अलाव तक के इंतजाम नहीं हैं। रैन बसेरे पर ताला लटका हुआ है। अन्य लोग भी इसी तरह से सर्दी में ठिठुरते नजर आए। आखिर रैन बसेरे की चाभी किस पर है, इसका भी कोई पता नहीं था।

### अदालती फैसले के बाद उत्तर प्रदेश में सियासत गरमा गई

## ओबीसी आरक्षण पर सियासत तेज, आरक्षण बचाओ-लोकतंत्र बचाओ आंदोलन चलाएगी आप

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव बिना ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) आरक्षण के कराने के अदालती फैसले के बाद उत्तर प्रदेश में सियासत गरमा गई है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी से राज्य सांसद संजय सिंह ने ट्वीट कर कहा कि उत्तर प्रदेश में ओबीसी आरक्षण के लिए 2 जनवरी से आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में आरक्षण बचाओ-लोकतंत्र बचाओ आंदोलन करेगी। बता दें कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बीते मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार की नगर निकाय चुनाव संबंधी मसौदा अधिसूचना को रद्द करते हुए राज्य में बिना ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया था। इसके साथ ही पीठ ने राज्य

**आंदोलन**

- » राज्य में बिना ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया

सरकार एवं राज्य चुनाव आयोग को आदेश दिया कि पिछड़ा वर्ग की सीटों को सामान्य करते हुए स्थानीय निकाय चुनाव को 31 जनवरी 2023 तक संपन्न करा लिया जाए। न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने यह आदेश दिया था। इस फैसले से राज्य में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने का रास्ता साफहो गया था। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले में



बयान जारी करते हुए कहा कि संविधान के अनुसार ओबीसी को रिजर्वेशन दिया जाएगा। इसके लिए कानूनी विचार किया जा रहा है। जरूरत पड़ी तो सरकार सुप्रीम कोर्ट भी मामले को लेकर जाएगी। हालांकि, अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि इस मामले में आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को आरक्षण की सुविधा प्रदान किए जाने के बाद ही नगर निकाय चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि जरूरी हुआ तो सरकार मामले में उच्चतम न्यायालय में भी अपील करेगी। यह फैसला आने के बाद सपा अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा था कि आरक्षण विरोधी भाजपा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के विषय पर घड़ियाली आंसू बहा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रबंधक, प्रधानाचार्य सहित पांच के खिलाफ मुकदमा

**सरीला (हमीरपुर)।** गोहांड कस्बा स्थित गांधी इंटर कॉलेज की महिला सफाई कर्मचारी ने विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य सहित पांच लोगों पर धोखाधड़ी, छेड़खानी आदि गंभीर आरोप लगाए। उच्चाधिकारियों के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ। जरिया थाना क्षेत्र के गोहांड कस्बा स्थित एक इंटर कॉलेज में मृतक आश्रित पर महिला सफाईकर्मी की तैनाती है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में उन्होंने बताया प्रबंधक, प्रधानाचार्य, दो लिपिक व एक सफाई कर्मचारी उनकी नियम विरुद्ध डयूटी लगाते हैं। आरोप है मृतक आश्रित की नौकरी दिलाने के लिए उनसे ब्लैंक चेक लिया। जिसके माध्यम से उनके खाते से धोखाधड़ी कर छह लाख रुपये निकाल लिए। सीओ आशीष यादव ने बताया उच्चाधिकारियों के निर्देश पर तहरीर के आधार पर प्रबंधक अर्जुन सिंह, प्रधानाचार्य प्रेमपाल, लिपिक चंद्रकांत व रविंद्र व चतुर्थ श्रेणी कर्मी अर्जुन के खिलाफ छेड़खानी, धोखाधड़ी, अनुसूचित जाति उत्पीड़न आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कहा मामले की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## जापान के उप रक्षामंत्री व चेयरमैन ने किया स्थलीय निरीक्षण

**पौथिया (हमीरपुर)।** बाबा लल्ली निषाद मेमोरियल विद्यालय मोराकांदर में जापान सरकार के उप रक्षामंत्री फ्यूजीमारो सतोशी, पूर्व आईटी मंत्री व यूपी, जापान इकोनामिक, सोशल एंड इंडस्ट्रियल कमेटी के चेयरमैन नाओकाजू ताकेमोतो ने कृषि इंस्टीट्यूट खोले जाने के लिए मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण किया है। उनके साथ राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद मौजूद रहे। जापान के उप रक्षामंत्री ने कहा कि जापान सरकार के सहयोग से कृषि इंस्टीट्यूट विकसित किया जाएगा। वहीं राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने कहा कि जिले के विकास के लिए जापान सरकार का सहयोग लेकर विकास कराया जाएगा। उप रक्षामंत्री व चेयरमैन ने विद्यालय में अशोक का पौधारोपण किया। मात्र दस मिनट रुकने के बाद वापस चले गए। इस मौके पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, सत्ती दीन प्रजापति, राजेंद्र श्रीवास, चक्रवती शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## दहेज में स्पोर्ट्स बाइक ना देने पर पति ने दिया तीन तलाक, पीड़ित की मां की सदमे से मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। जहां एक शख्स ने दहेज में स्पोर्ट्स बाइक ना मिलने पर अपनी बीबी को फोन पर तीन तलाक दे दिया। अब पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की गंभीरता से जांच शुरु कर दी है।जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला लखनऊ के थाना अमीनाबाद चिकमंडी से सामने आया है। वहां की निवासी पीड़ित युवती की शादी 2021 में लहरपुर सीतापुर के मोहम्मद यूनुस से हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही उसके पति व ससुरालीजनों ने दहेज की मांग कर उसे तंग करना शुरु कर दिया। उन्होंने दहेज में स्पोर्ट्स बाइक देने या फिर खरीदने के लिए 2 लाख रुपए की मांग करने लगे। पीड़िता ने बताया कि शादी के कुछ समय बीत जाने के बाद उसका पति उसे किसी ना किसी बात लेकर तंग करने लगा। वह बहाने से उससे रुपयों की मांग करता था। जब उसने इस बात को विरोध किया पहले तो उसके पति ने उसकी पिटाई की और फिर उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता और उसके मायके वालों ने पति से समझौता कराने का बहुत प्रयास किया, उन्होंने उसे कई बार फोन भी किया लेकिन वह नहीं माना। अपनी बेटी के साथ हुई इस घटना को पीड़िता की मां सहन नहीं कर पाई और उसकी सदमे में मौत हो गई। वहीं इस मामले में डीसीपी पश्चिमी जोन चिरंजीवी नाथ सिन्हा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर 3 तलाक का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसकी सास ने उसे शादी में मिले गहने और तोहफे भी यह कहते हुए छीन लिए कि मांगने पर तुम्हारे परिवार ने दहेज नहीं दिया है, इसलिए यह गहने उसी के पास रहेंगे। बीती 4 मई को आरोपियों ने महिला की पिटाई कर उसे घर से निकाल दिया था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच के हिसाब से ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## किसान के घेर में लगी आग,छप्पर में बंधे चार मवेशी जिंदा जले

**अलीगढ।** थाना अकराबाद इलाके के गांव दुम्हेरा में मंगलवार रात किसान के घेर में अचानक आग लग गई। आग लगने से घेर में बंधे चार पशुओं की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग की सूचना पर सीओ व पनैठी चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे। पुलिस की टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया। साथ ही पीड़ित किसानों से बातचीत की। इससे पहले ही ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आग से लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, गांव दुम्हेरा निवासी पुष्पेंद्र पुत्र नेमपाल सिंह ने बताया कि कल रात में ठंड के कारण अपने मवेशियों को घेर में बांधकर घर पर सोने चले गए थे। इसके कुछ देर बाद अचानक घेर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें निकलता देख ग्रामीण एकत्र हो गए। उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि छप्पर में बंधी तीन गाय व एक भैंस आग की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। किसान ने बताया कि उसे लाखों का नुकसान हुआ है। उधर, आग की सूचना पर सीओ बरला अभय कुमार पांडेय व पनैठी चौकी इंचार्ज अंशुल शर्मा मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटना की जानकारी पीड़ित व ग्रामीणों से ली। देर रात पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल करने में जुटी थी। आग लगने का कारण भी पता किया गया। पुलिस का कहना है कि आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है, जांच की जा रही है।

## नर्सो बंधी में कब्जे को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**वाराणसी।** चतरा ब्लॉक के सिल्थम ग्राम पंचायत स्थित नर्सो बंधी में कई बीघे जमीन पर कब्जे को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। सोमवार की शाम को बंधी पर पहुंचकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बंधी प्रखंड के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बंधी को कब्जा मुक्त कराने की मांग की। विरोध दर्ज कराते हुए ग्रामीणों ने बताया कि बंधी के कई बीघे जमीन पर एक व्यक्ति का कब्जा है। वर्तमान में चल रहे मरम्मत कार्य में भी व्यापक अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने डीएम को प्रेषित पत्र में कहा है कि निर्माण कार्य की जांच कराई जाए। साथ ही बंधी पर काबिज दबंग को कब्जा से बेदखल कराया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि सिल्थम गांव में करीब चार दशक पूर्व बंधी का निर्माण हुआ था। नर्सो बंधी के नाम से इसे जाना जाता है। इसमें से चार माइनर निकाली गई है। सिल्थम के लिए जो माइनर निकली है उसके स्वीचवॉल के आगे लगभग चार फीट मिट्टी ऊंची पड़ी है, इससे माइनर में पानी नहीं आ पाता है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि वर्तमान में मरम्मत के लिए लाखों रुपये शासन स्तर से आया है बावजूद सिल्थम माइनर के हेड की मिट्टी नहीं हटाई जा रही है। बंधी के पानी पर भी पूरी तरह उसी व्यक्ति का आधिपत्य है। यही नहीं बंधी के भींटे पर लगे पेड़ भी काट कर बेच दिया जा रहा है। इसमें विभाग के अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध है। शिकायत करने पर अधिकारी फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भेज देने की धमकी दे रहे हैं। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सोढ़ा राजाराम बिंद, सुरेंद्र यादव, महेंद्र प्रसाद, प्रेमनाथ गुप्ता, राजकरन धांगर, कौशल कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य जयराम सुग्रीव ,नार सिंह, विनय कुमार आदि रहे।

## बाबतपुर ने गोरखपुर को हराकर जीता फाइनल मैच

**वाराणसी।** विकास खंड दुद्धी के महुली में चल रहे 76वां अंतरराज्यीय राजा बरियार शाह मेमोरियल फुटबॉल महाकुंभ का भव्य समापन समारोह मंगलवार को हुआ। फाइनल मुकाबले में बाबतपुर की टीम ने गोरखपुर को 1-0 गोल से हराकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। मुख्य अथिति सूबे के राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड रहे । मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल ही जीवन का राज है। खेल से ही खिलाड़ी का एवं समस्त व्यक्ति का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। इस मौके पर उन्होंने कमेटी को एक ऑडिटोरियम की सौगात दी। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सदस्य रामसकल एवं भाजपा जिलाधमयक्ष अजीत चौबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट में पांच राज्यों की 17 टीमों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट के मुख्य संरक्षक दुद्धी विधायक रामदुलार गोड़ ने कमेटी द्वारा फुटबॉल के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के सक्रिय मामले बढ़े

## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण से 141 लोग मुक्त हुए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है, जिससे अब इनकी संख्या बढ़कर 3,468 हो गयी है और सक्रिय मामलों की दर 0.1 प्रतिशत है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 220.07 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण से 141 लोग मुक्त हुए हैं, जिससे इस महामारी से अब तक निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,43,483 हो गयी है और देश में स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत है।पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण से किसी मरीज की मौत नहीं होने से मृतकों की संख्या 5,30,696 बरकरार है और मृत्युदर 1.19 फीसदी है।

**संक्रमण**

» महामारी से अब तक निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,43,483 हो गयी

» एक मरीज की मौत होने से राज्य में मृतकों की संख्या बढ़कर 26,521 हो गयी



पिछले 24 घंटे में 11 राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेश में कोरोना के नए मामले सामने आए हैं और अन्य राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में इनकी संख्या में कमी आयी है। राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना संक्रमण के 13 सक्रिय मामले बढ़े हैं, जिससे अब सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 39 हो गयी है और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 19,80,615 हो गयी है और इसी अवधि में एक मरीज की मौत होने से राज्य में मृतकों की संख्या बढ़कर 26,521 हो गयी है। केरल में 13 सक्रिय मामले घटने पर, यहां सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 1,358 रह गये हैं। कोरोना महामारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 67,55,237 हो गई है और मृतकों की संख्या 71,551 स्थिर है। कर्नाटक में कोरोना संक्रमण के 19 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 1,248 हो गयी है। इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 40,30,299 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 40,307 पर बरकरार है।

महाराष्ट्र में 11 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 165 हो गयी है। इस दौरान 15 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 79,87,972 तक पहुंच गयी है। राज्य में दो मरीजों की मृत्यु होने से, मृतकों की संख्या 1,48,415 तक पहुंच गयी है।

बिहार में कोरोना संक्रमण के 12 सक्रिय मामले बढ़े हैं, जिससे अब सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 15 हो गयी है और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 8,39,062 हो गयी है। राज्य में मृतकों की संख्या 12,302 है।

तमिलनाडु में भी चार कोरोना सक्रिय मामलों में बढ़ोतरी हुयी है, जिससे कोरोना संक्रमणों की कुल संख्या बढ़कर 55 हो गयी। इस महामारी से ठीक होने वालों की कुल संख्या 35,56,273 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 38,049 है। पंजाब में भी छह कोरोना सक्रिय मामले बढ़े हैं, जिससे इनकी कुल संख्या बढ़कर 44 हो गयी है। इस महामारी से ठीक होने वालों की कुल संख्या 7,64,866 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 19,289 बरकरार है। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में चार कोरोना सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी संख्या बढ़कर 18 हो गयी है। इस महामारी से अब तक 4,74,607 लोग मुक्त हो चुके हैं और मृतकों की संख्या 4,785 पर स्थिर है। इसके अलावा, गोवा और पश्चिम बंगाल में कोरोना के दो-दो मामले, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ़, झारखंड और मेघालय में दो-दो मामले पाये गये हैं।

राहत की बात यह है कि अरुणाचल प्रदेश, असम, दादर एवं नागर हवेली, दमन एवं दीव, लक्षद्वीप, मिजोरम, नागालैंड, मणिपुर तथा त्रिपुरा में कोरोना का एक भी सक्रिय मामला नहीं है।

## नागरिकों के प्रतिनिधित्व के लिए इमरान संसद लौटें: बिलावल





एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री एवं पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग के नेता चौधरी शुजात हुसैन ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से नागरिकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए संसद लौटने का आग्रह किया है। समाचार पत्र 'डान'में आज प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, दोनों नेताओं ने श्री खान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह अपने वर्तमान रूख पर कायम रहेंगे, न तो वे उन्हें बचा पाएंगे और न ही इससे देश को कोई लाभ होगा। रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को दोनों नेताओं ने अलग-अलग बयानों में कहा कि पाकिस्तान को आर्थिक और राजनीतिक संकट से बचाने के लिए सभी दलों को एक साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

श्री भुट्टो-जरदारी ने गढ़ी खुदा बख्श में एक संबोधन के दौरान कहा, आप घर के लिए अजनबी हो। वापस आएं और संसद में अपनी भूमिका निभाएं। आइए सुधारों के बारे में बात करें, चाहे वह राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो हो या चुनाव, अन्यथा, सरकार उन लोगों को रोकने में सक्षम नहीं होगी जो आपको 'प्रताड़ित' करना चाहते थे।

उन्होंने कहा, ÷अगर वह खुद को राजनेता और लोकतांत्रिक कहते है, तो उन्हें संसद में बैठना होगा और अपना काम करना होगा।इस बीच, इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम में श्री हुसैन ने कहा कि जिन लोगों ने श्री खान और उनकी पार्टी को चुना था, वे अपने प्रतिनिधियों के कार्यों को देख रहे हैं। संसद में नहीं आने और वेतन तथा भत्तों को नहीं लेने से कुछ फायदा नहीं होने वाला है।

## रूस के 13 एयरोफ्लोट विमान प्रतिबंधों के कारण विदेशों में जब्त : सीईओ

**मास्को ।** रूस के सबसे बड़े एयरलाइंस कंपनी एयरोफ्लोट के 357 विमानों में से 13 विमानों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण रखरखाव या उड़ान के दौरान विदेशों में जब्त कर लिया गया है। यह जानकारी कंपनी के सीईओ सर्गेई अलेक्जेंड्रोवस्की ने बुधवार को दी। उन्होंने रूसी मीडिया को एक साक्षात्कार में कहा, ÷वर्तमान में 357 विमान हमारे एयरोफ्लोट कंपनी में पंजीकृत हैं जिसमें से 13 विदेशी निर्मित विमानों को रूस के बाहर जब्त कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि अधिकांश विमानों को रखरखाव या अंतरराष्ट्रीय उड़ान के दौरान जब्त किया गया है। एयरोफ्लोट के सीईओ ने यह भी कहा कि 89 विमान बिना डबल रजिस्ट्रेशन वाले हैं लेकिन कंपनी इनकी संख्या बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा, ÷पंजीकरण और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। अंतरराष्ट्रीय परिवहन से जुड़े कई अन्य प्रतिबंध हैं। दोहरे पंजीकरण के अलावा, अमेरिकी ब्लैकलिस्ट भी हैं। अमेरिका-निर्मित घटकों वाले 30 प्रतिशत से ज्यादा विमानों के उपयोग पर प्रतिबंध हैं। लेकिन ये 30 प्रतिशत क्या है कोई भी निश्चित तौर पर नहीं जानता कि यह पैसे में है, इकाइयों में है या इंजनों में है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा, ईंधन भरने और ग्राउंड हैंडलिंग सहित विमानों की सर्विसिंग से संबंधित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध है।

**प्रतिबंध**

» 13 विमानों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण रखरखाव या उड़ान के दौरान विदेशों में जब्त कर लिया गया

» वर्तमान में 357 विमान हमारे एयरोफ्लोट कंपनी में पंजीकृत हैं




रूस द्वारा 24 फरवरी को यूक्रेन पर सैन्य अभियान चलाने के बाद से रूसी विमानन को बड़े स्तर के प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा है। यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों ने रूसी वाहकों को विमानों और उनके पुर्जों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है और यूरोप की लीज पर विमान देने वाली कंपनियों को रूस से सभी विमानों को वापस लेने के लिए बाध्य कर दिया है।

कुछ देशों ने रूस के लिए अपना हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है और विदेशों में पंजीकृत और लीज वाले विमानों को जब्त करने की धमकी दी है। मार्च में, रूसी परिवहन मंत्री विटाली सेवेलिव ने कहा था कि पश्चिमी पट्टेदारों ने रूस से अनुरोध किया है कि वह 500 से ज्यादा विमानों को वापस कर दे।

## कैरी का शतक, आस्ट्रेलिया ने कसा शिकंजा

एजेंसी

**मेलबर्न ।** एलेक्स कैरी (111) की शतकीय पारी की मदद से आस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन बुधवार को पहली पारी में आठ विकेट पर 575 रन बना कर पारी समाप्ति की घोषणा कर दी और 386 रन की बढ़त हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

दिन का खेल खत्म होने के समय दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान डीन एल्गर (0) का विकेट खोकर दूसरी पारी में 15 रन बना लिये थे। इस लिहाज से मेहमान टीम अभी भी आस्ट्रेलिया की पहली पारी के स्कोर से 371 रन पीछे है। सरेल एरवी सात और थूनिस डी ब्रुइन छह रन बना कर क्रीज पर मौजूद हैं। आज के खेल का मुख्य आकर्षण कैरी का करियर का पहला शतक रहा जिसे उन्होने 243 मिनट क्रीज पर टिक कर 149 गेंद खेल कर पूरा किया। इस दौरान उन्होने 13 बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। कैमरन ग्रीन 51 रन बना कर नाबाद वापस लौटे। दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नार्जे तीन विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे वहीं कैसिगो रबाडा ने 144 रन खर्च कर दो विकेट हासिल किये।



पहली पारी में मात्र 189 रन पर सिमटने वाली दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी की शुरूआत भी निराशाजनक रही जब पारी के दूसरे ओवर में ही पैट कमिंस ने कप्तान एल्गर को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच करवा कर पवेलियन लौटा दिया। कमिंस के पहले ओवर की तीसरी आउट स्विंगर बाल पर बल्ला अड़ाने की गलती एल्गर ने की और गेंद बल्ले का बाहरी किनारा चूमती हुयी कैरी के दस्तानों में समा गयी। बुधवार को स्टंप्स तक साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 15 रन बना लिए हैं। स्टंप्स होने के बाद सरेल एरवी 7 और थ्यूनिस डी ब्रुइन 6 रन पर नाबाद हैं। जबकि कप्तान डीन एल्गर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता कप्तान पैट कमिंस ने दिलाई।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी 575/8 पर घोषित की। जबकि साउथ अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 189 रन बनाए।

**ट्रेविस हेड की फिफ्टी, कैरी का पहला शतक**

दूसरे दिन नाबाद लौटे ट्रेविस हेड (51) ने अपना 11वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। जबकि एलेक्स कैरी (111 रन) ने पहली टेस्ट सेंचुरी जमाई। वे अपने बीते दिन के स्कोर 48 में महज 3 रन ही जोड़ सके। उन्हें एनरिक नॉर्त्या ने बोल्ड कर दिया। दूसरे छोर से एलेक्स कैरी ने अपनी पारी को 9 से बढ़कर 111 रन तक पहुंचाया। कैरी को मार्को जानसन ने कैच एंड बोल्ड किया। दूसरे दिन चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए कैमरून ग्रीन और डेविड वार्नर ने भी क्रीज में वापसी की। ग्रीन ने अर्धशतक (51 रन) जमाया, लेकिन डेविड वार्नर (200) अपने निजी स्कोर पर इजाफा नहीं कर सके।

## अश्विन-अय्यर ने किया आईसीसी रैकिंग में सुधार




एजेंसी

**दुबई।** बंग्लादेश के खिलाफ मीरपुर टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करने वाले रविचंद्रन अश्विन और श्रेयस अय्यर ने आईसीसी पुरुष टेस्ट खिलाड़ी रैकिंग में सुधार किया है। आईसीसी की ताजा रैकिंग में अश्विन एक पायदान ऊपर चढ़ कर जसप्रीत बुमराह के साथ चौथे स्थान पर आ गये है। मीरपुर टेस्ट की दूसरी पारी में 42 रन बना कर भारत को जीत का सेहरा पहनाने वाले अश्विन ने बल्लेबाजी रैकिंग में भी तीन पायदान की छलांग लगा कर 84वीं रैंक हासिल कर ली है। गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले अश्विन आलराउंडर के तौर पर हमवतन रविन्द्र जडेजा के 369 अंक से ठीक पीछे 343 अंकों के साथ जम गये हैं।

मीरपुर टेस्ट में अश्विन के साथ 71 रन की नाबाद साझीदारी करने वाले अय्यर को भी आईसीसी की ताजा रैकिंग में खासा फायदा हुआ है और वह करियर की बेस्ट 16वीं रैंक पर पहुंच गये है। अय्यर ने पहली पारी में 87 और दूसरी पारी में नाबाद 29 रन बनाये थे। भारत के शीर्ष वरीय बल्लेबाज रिषभ पंत तीन रेटिंग प्वाइंट की बढ़त के साथ छठी रैंक पर है वहीं तेज गेंदबाज उमेश यादव ने पांच पायदान की सुधार के साथ 33वीं रैंक हासिल की है। बंग्लादेश के बल्लेबाज लिटन दास को करियर की बेस्ट 12वीं रैंक मिली है वहीं मोमीनुल हक को 68वीं, जाकिर हसन को 70वीं और नुरूल हसल ने 93वीं रैंक हासिल की है।

## सेंसेक्स 17 और निफ्टी 23 अंक फिसला

**मुंबई।** वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नौ समूहों में गिरावट जबकि 11 समूहों में तेजी रहने से आज दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी पिछले लगातार दो दिनों की तेजी गंवाकर सपाट रहे। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 17.15 अंक फिसलकर 60910.28 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 9.80 अंक उतरकर 18122.50 अंक पर सपाट बंद हुआ। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। इस दौरान मिडकैप 0.23 प्रतिशत चढ़कर 25,243.33 अंक और स्मॉलकैप 0.45 प्रतिशत की बढ़त लेकर 28,645.49 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3629 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2075 में लिवाली जबकि 1407 में बिकवाली हुई वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 19 कंपनियां रहे जबकि शेष 31 लाल निशान पर रही।




बीएसई में कमोडिटीज 0.20, सीडी 0.68, ऊर्जा 1.22, एफएमसीजी 0.16, इंडस्ट्रियल्स 0.05, यूटिलिटीज 1.18, ऑटो 0.70, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.57, तेल एवं गैस 1.26, पावर 1.15 और रियल्टी समूह में 0.59 प्रतिशत की तेजी रही जबकि वित्तीय सेवाएं 0.04, हेल्थकेयर 0.39, आईटी 0.16, दूरसंचार 0.34, बैंकिंग 0.13, कैपिटल गुड्स 0.27, धातु 0.47, टेक 0.31 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.32 प्रतिशत गिर गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.75 और हांगकांग का हैंगसेंग में 1.56 प्रतिशत की तेजी रही वहीं जर्मनी का डैक्स 0.26, जापान का निक्केई 0.41 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.26 प्रतिशत गिर गया। कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 116 की गिरावट लेकर 60,811.52 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ीदेर बाद ही 60,713.77 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि लिवाली होने से यह दोपहर बाद 61,075.33 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में यह पिछले दिवस के 60,927.43 अंक के मुकाबले 0.03 प्रतिशत फिसलकर 60,910.28 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 48 अंक गिरकर 18,084.75 अंक पर खुला।

# देश-विदेश डायरी

## स्पेन में पायलट हड़ताल पर, 37 उड़ानें रद्द

**मैड्रिड।** स्पेन में सेपला यूनियन के पायलटों के हड़ताल पर जाने से एयरलाइन एयर नोस्ट्रम ने 37 उड़ानें रद्द कर दी हैं।यहां के स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्पेनिश समाचार एजेंसी ईएफई ने बताया कि पायलटों की हड़ताल 29 और 30 दिसंबर, दो और तीन जनवरी को जारी रहेगी। जिसके कारण, एयरलाइन एयर नोस्ट्रम ने कुल 289 उड़ानें रद्द कर दी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जिन यात्रियों ने पहले ही उड़ानों के टिकट खरीद लिए हैं, वे सीट उपलब्ध होने पर पूर्ण वापसी या उसी श्रेणी के मुफ्त टिकट की मांग कर सकते हैं।

## फिलीपींस में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 25 हुई

**मनीला ।** फिलीपींस में भारी बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। सरकार की आपदा एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी है। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद की आज यहां जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 26 अन्य अभी भी लापता हैं। एजेंसी ने दक्षिणी फिलीपींस में 18, मुख्य लूजोन द्वीप पर बिकोल क्षेत्र में पांच और मध्य फिलीपींस में दो लोगों की मौत की गणना की है। एजेंसी ने बताया कि बिकोल क्षेत्र में 12, मध्य फिलीपींस में 11 और दक्षिणी फिलीपींस में तीन लोग अब भी लापता हैं। नौ अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है।राष्ट्रीय मौसम ब्यूरो ने सप्ताहांत में देश के कई इलाकों में आई बाढ़ के कारण का जिक्र करते हुए बताया कि शियर लाइन पर कम दबाव का क्षेत्र बनने से भारी बारिश और भूस्खलन होता है। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात दक्षिणी फिलीपींस में मिंडानाओ द्वीप से लगभग 600 किलोमीटर पूर्व में उष्णकटिबंधीय में कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है। उन्होंने बताया कि देश के छह क्षेत्रों में बाढ़ से करीब तीन लाख 90 हजार लोग प्रभावित हुए हैं और बारिश तथा बाढ़ ने घरों, फसलों, सड़कों और पुलों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

## चिराग पासवान ने बिहार में राष्ट्रपति शासन लगाये जाने की मांग की

**नई दिल्ली ।** लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार में कानून का राज समाप्त होने का दावा करते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाये जाने की मांग की है। श्री पासवान ने बुधवार को एक ट्वीट कर कहा कि उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाये जाने की मांग की है। उन्होंने ट्वीटर पर ज्ञापन की प्रति भी साझा की है जिसमें कहा गया है कि बिहार में उत्पन्न अराजक स्थिति से लोग भयभीत हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में आपराधिक घटनाएं बढ रही हैं और प्रशासनिक संरक्षण में बेची जा रही जहरीली शराब से हजारों लोगों को जान गंवानी पड़ रही है। श्री पासवान ने कहा है कि बिहार में कानून का राज समाप्त हो गया है और बालू माफिया, शराब माफिया तथा अपराधी संरक्षित हैं। सरकार की भूमिका पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा है कि वह निष्क्रिय तथा मूकदर्शक बनी हुई है। ज्ञापन में केन्द्र सरकार से अनुरोध किया गया है कि राज्य की स्थिति को देखते हुए तथा वहां कानून का राज कायम करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने और राष्ट्रपति शासन लगाये जाने की जरूरत है।

## श्रीनगर में कुएं की सफाई कर रहे दो श्रमिकों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के लसजान क्षेत्र में मंगलवार को कुएं की सफाई कर रहे दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि व्यक्ति लासजन में कर रहे कुएं में सफाई कर रहे दो व्यक्ति संभवत- दम घुटने के कारण बेहोश हो गए। दोनों को श्री महाराजा हरि सिंह (एसएमएचएस) अस्पताल श्रीनगर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों की पहचान पुंछ के जाकिर और जम्मू संभाग के गोल रामबन निवासी तालिब के रूप में हुई है। इस सिलसिले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

## जमीन का एक इंच हिस्सा भी महाराष्ट्र को नहीं दिया जाएगा: बोम्मई

**बेलगावी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मंगलवार को कहा कि कर्नाटक की जमीन का एक इंच हिस्सा भी किसी भी कीमत पर महाराष्ट्र को नहीं दिया जाएगा और उनकी सरकार अपनी जमीन की रक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। बेलगावी मुद्दे पर महाराष्ट्र विधानसभा द्वारा प्रस्ताव पास करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री बोम्मई ने कहा कि प्रस्ताव का कोई मूल्य नहीं है और वे ऐसी चीजें इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उनका मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है और बहुत कमजोर है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक विधानसभा का संकल्प बहुत स्पष्ट है और राज्य अपने रुख में स्पष्ट है, जो संवैधानिक और कानूनी रूप से मान्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्नाटक को न्याय मिलने का भरोसा है, क्योंकि राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 के आधार पर राज्यों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा, तब से दोनों राज्यों के लोग सौहार्दपूर्ण ढंग से रह रहे हैं। महाराष्ट्र के राजनेता इस तरह की चाल के लिए जाने जाते हैं, क्योंकि वे अच्छी तरह जानते थे कि उनका मामला बहुत कमजोर है। कर्नाटक सरकार पड़ोसी राज्य में रहने वाले अपने राज्य के नागरिकों के साथ है। हम संवैधानिक और कानूनी रूप से सही हैं।

## शतरंज खिलाड़ी खादेम ने बिना हिजाब के प्रतियोगिता में भाग लिया


**दुबई।** ईरान की महिला शतरंज खिलाड़ी सारा खादेम ने एक अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिना हिजाब के हिस्सा लिया है।मीडिया रिपोर्टो के अनुसार सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों के शुरु होने के बाद किसी भी प्रतियोगिता में बिना हिजाब के दिखाई देने वाली यह पहली महिला खिलाड़ी हैं। ईरान में सितंबर के मध्य में 22 वर्षीय ईरानी कुर्द महिला महसा अमिनी की मौत के बाद हिजाब के खिलाफ प्रदर्शन की शुरूआत हुयी थी। पुलिस ने अमिनी को 'अनुचित पोशाक' के आरोप में हिरासत में लिया था। ईरान के समाचार आउटलेट ख़बरवर्ज़ेशी और एतेमाद ने सोमवार को रिपोर्ट एक में कहा कि सारा खादेम ने अल्माटी, कजाकिस्तान में फिडे वर्ल्ड रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में बिना हिजाब के बिना भाग लिया था। ईरान के सख्त ड्रेस कोड के तहत सिर पर स्कार्फ़ अनिवार्य है। दोनों आउटलेट्स द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरें टूर्नामेंट के दौरान सिर पर बिना स्कार्फ़ की हैं। ख़बरवर्ज़ेशी ने सिर पर स्कार्फ़ पहने हुए अपनी एक तस्वीर भी पोस्ट की, लेकिन बिना यह बताए कि क्या यह उसी कार्यक्रम में ली गई थी। खादम के इंस्टाग्राम पेज पर टूर्नामेंट या रिपोर्ट के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की गई थी। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ की वेबसाइट के अनुसार 1997 में पैदा हुई खादेम को दुनिया में 804वां स्थान मिला है। 25-30 दिसंबर के आयोजन के लिए वेबसाइट ने उन्हें रैपिड और ब्लिट्ज दोनों प्रतियोगिताओं में एक प्रतिभागी के रूप में सूचीबद्ध किया। इससे पहले ईरान की पर्वतारोही एल्नाज़ रेकाबी ने अक्टूबर में बिना सिर पर स्कार्फ़ के दक्षिण कोरिया में भाग लिया और बाद में कहा कि उसने अनजाने में ऐसा किया था।

## मुंबई इंडियंस ने अरुण कुमार जगदीश को बनाया सहायक बल्लेबाजी कोच

**मुंबई।** पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अरुण कुमार जगदीश को टूर्नामेंट के 2023 संस्करण से पहले सहायक बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। आईपीएल 2023 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। हाल ही में कोच्चि में इसके लिए खिलाड़ियों की नीलामी हुई है। इसमें सभी टीमों ने कुल 80 खिलाड़ी खरीदे। इसी सिलसिले में मुंबई इंडियंस ने एक और अहम कदम उठाते हुए अरुण कुमार जगदीश को टूर्नामेंट के 2023 सत्र से पहले सहायक बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। अरुण कुमार मुंबई इंडियंस के सपोर्ट स्टाफ से जुड़ेंगे जहां मार्क बाऊचर प्रमुख कोच हैं जबकि कीरोन पोलार्ड बल्लेबाजी कोच हैं। शेन बांड गेंदबाजी और जेम्स पेंमेंट फील्डिंग कोच हैं। दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज और 100 से अधिक प्रथम श्रेणी खेलों का अनुभव रखने वाले अरुण कुमार ने 1993 से 2008 तक 16 वर्षों तक कर्नाटक का प्रतिनिधित्व किया और 7208 रन बनाये हें। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में 1993 से 2008 तक कर्नाटक का प्रतिनिधित्व किया था। संन्यास लेने के बाद उन्होंने कोचिंग की ओर अपना रुख किया और कर्नाटक टीम के बल्लेबाजी कोच बने। वर्ष 2013-14 और 2014-15 में रणजी ट्रॉफी, ईरानी कप और विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक ने उनके कोचिंग के दौरान लगातार खिताब जीते। अरुण कुमार की कोचिंग में आईपीएल भी शामिल है। उन्होंने 2017 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया था। वह आईपीएल में कोचिंग में 2019-20 सीज़न के लिए पुडुचेरी के प्रमुख कोच (हेड कोच) और 2020 से यूनाइटेड स्टेट्स नेशनल क्रिकेट टीम के भी हेड कोच रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

# सर्कस के फ्लॉप होने से रणवीर का करियर मुश्किल में



पिछले साल 83 के बाद से रणवीर सिंह की कुल तीन फिल्में लगातार फ्लॉप हुई हैं। खासकर सर्कस बॉक्स ऑफिस पर बुरी चरह फ्लॉप हुई। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म रिलीज के पहले वीकेंड में महज 20 करोड़ की कमाई कर सकी है। वहीं अवतार 2 ने रिलीज के 10 दिनों में 25 करोड़ से ज्यादा कमाए हैं। रणवीर सिंह की लगातार फ्लॉप फिल्मों के चलते ट्रेड के जानकार दो ग्रुप में बंट गए हैं। एक का कहना है कि रणवीर के स्टार पावर में वो बात नहीं है। वहीं दूसरे ग्रुप का मानना है कि रणवीर सिंह बस बुरे दौर से गुजर रहे हैं। उनका बाउंस बैक मुमकिन है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने इस बारे में बात करते हुए कहा, बेशक रणवीर ने गुंडे, पद्मावत, बाजीराव मस्तानी जैसी हिट फिल्में की हैं। इन फिल्मों के फौरन बाद सिंबा और गली बॉय जैसी हिट फिल्में आईं। पर उसके बाद 83 फ्लॉप हो गई, जयेशभाई जोरदार डिजास्टर रही, सर्कस सुपर डिजास्टर हुई। ऐसे में उनकी स्टैंडिंग पर असर पड़ा है। हमारी इंडस्ट्री में एक्टर अपने लास्ट फाइड्रे से जाना जाता है। रणवीर के मामले में तीन शुक्रवार अच्छे नहीं रहे हैं। ऐसा होने की वजह तो ये है कि सर्कस अच्छी तरह से बनी नहीं थी। फिल्म 83 में लोगों को लगा कि वो शायद डॉक्युमेंट्री देख रहे हैं। जयेशभाई जोरदार तो टोटल रिजेक्ट हो गई थी। सर्कस के ट्रेलर ने ही फैंस को निराश कर दिया था। दर्शकों को शायद रणवीर की सिंबा वाली छवि चाहिए।

तरण आगे कहते हैं, दूसरी चीज ये कहना चाहूंगा कि रणवीर सिंह जरा ओवर एक्सपोज्ड भी हो गए हैं। उनके फोटोशूट से लेकर सोशल मीडिया पर उनकी स्टोरीज हो या स्न्ढ्ढम्न में उनका जाना हो। यहां उन्हें अपने फैंस से जरा मिस्ट्री बनाकर रखना चाहिए। अब जैसे रणबीर कपूर को देखिए वो ब्रह्मास्त्र के बाद नजर ही नहीं आ रहे हैं। रणवीर सिंह के फैशन सेंस से भी प्रॉब्लम खड़ी तो हुई है। लोग स्टार को देखना चाहते हैं, उसमें कॉमेडियन को नहीं।

एग्जीबिटर विषेक चौहान भी तरण की बातों से इत्तेफाक रखते हैं। विषेक कहते हैं,रणवीर एक उम्दा परफॉर्मर हैं। उनके वो काम लोगों को पसंद आए, जहां उनकी परफॉर्मेंस अच्छी थी। भंसाली की फिल्मों को छोड़ दें तो बाकी निर्देशकों के साथ उनका बॉक्स ऑफिस फीका रहा है। भंसाली ऐसे फिल्मकार हैं, जो किसी भी एक्टर के साथ हिट फिल्म दे सकते हैं। उन्होंने तो गंगूबाई काठियावाड़ी जैसी फीमेल ड्रिवेन फिल्म को भी सवा सौ करोड़ क्लब में पहुंचा दिया था।

विषेक आगे कहते हैं, रणवीर की सिंबा से अगर अजय देवगन एंगल और कॉप यूनिवर्स हटा दें तो वो फिल्म भी स्ट्रगल करती। रणवीर सिंह से बड़े स्टार तो रणबीर कपूर हैं। उनकी फ्लॉप फिल्म शमशेरा ने भी कम से कम 11 करोड़ की ओपनिंग ली थी। यहां क्रिसमस और रोहित शेट्टी के बावजूद सर्कस महज साढ़े छह करोड़ की ओपनिंग ले पई है। हालांकि कोविड के बाद से ये जरूर हुआ है कि स्टार्स अब ओपनिंग की गारंटी नहीं रहे हैं। अब लोगों को फ्रेंचाइजी चाहिए, जैसे के तौर पर भूल भुलैया 2, दृश्यम 2, अवतार 2। हालांकि ब्रह्मास्त्र पहले से प्रोपोज्ड ट्रिलजी है। रणवीर के मामले में उनकी ऑफ स्क्रीन इमेज भी प्रॉब्लम क्रिएट कर रही है। फैंस को अपने स्टार्स से एसपिरेशनल वैल्यू चाहिए। उनका स्टार ऐसा हो, जिनकी हेयर स्टाइल से लेकर ड्रेसिंग सेंस तक कॉपी हो सके। वो चीज रणवीर के मामले में कम हो रही है। साथ ही वो अलग जॉनर की फिल्में बड़े कम अंतर पर कर रहे हैं। इनके चलते दर्शक उन्हें कहां स्लॉट कर रहे, उस पर अनिश्चितता बनी हुई है। बहरहाल इंडस्ट्री से ही प्रोड्युसर व बिजनेस एक्सपर्ट गिरीश जौहर और डिस्ट्रीब्युटर अक्षय राठी अगल तर्क देते हैं। गिरीश जौहर कहते हैं,यह कहना जायज नहीं है कि वो सिर्फ एक्टर हैं और स्टार नहीं। दरअसल कोविड के बाद से ही स्टारडम की परिभाषा बदल गई है। अभी तो अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे सेलेब्स को भी ओपनिंग नहीं मिल रही है। स्टार बनने का पहला पड़ाव तो बेहतर एक्टर होना है, तो रणवीर स्टार हैं हीं। पर अब दर्शकों को सिनेमाघरों में जाने की ठोस वजह चाहिए। ये तो अमिताभ बच्चन से लेकर शाहरुख और सलमान तक के सफर में हुआ है, जब उन्हें भी लो फेज से गुजरना पड़ा। रहा सवाल उनकी ड्रेसिंग सेंस से फिल्में न चलने का तो कोई ऐसा उदाहरण दे, जहां फिल्म अच्छी हो, मगर फिल्म न चली हो।

गिरीश जौहर की बातों से डिस्ट्रीब्युटर और ट्रेड एक्सपर्ट अक्षय राठी भी इत्तेफाक रखते हैं। वो बताते हैं, उतार चढ़ाव हर एक्टर के करियर में आता है। चेन्नई एक्सप्रेस के ठीक बाद जब शाहरुख की हैरी मेट सेजल और जीरो आई तो वो नहीं चली। पर अब जब अगले साल उनकी पठान, जवान और डंकी आने को है तो देखिए फैंस उनका कितनी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ठीक ऐसे ही जब अजय देवगन की तान्हाजी हिट थी, लेकिन उनकी फिल्म रनवे 34 और थैंक गॉड नहीं चली, पर दृश्यम 2 चली। स्टार एक हद तक ही ओपनिंग दिला सकता है। उसके बाद फिल्म का अच्छा होना बहुत जरूरी है। बेशक रणवीर के करियर में भंसाली के साथ कई अच्छी फिल्में रही हैं, पर रणवीर का आगाज ही बैंड बाजा बारात से हुआ था और वो हिट रही थी।

अक्षय राठी इस बात से भी इत्तेफाक नहीं रखते हैं कि रणवीर की ड्रेसिंग सेंस से उनके फैंस को परेशानी है। अक्षय कहते हैं, %माइकल जैक्सन कमाल के परफॉरमर रहे थे। हालांकि असल जीवन में उनकी ड्रेसिंग सेंस पर भी लोगों में दो राय थीं, पर दुनियाभर की तो छोड़िए उनकी इंडिया में भी बड़ी फैन फॉलोइंग थी। तो बतौर आर्टिस्ट आप लोगों के दिलों को अपनी कला से कितना छू पाते हो, वो सबसे ज्यादा मायने रखता है न कि कपड़े। रणवीर ऐसे एक्टर हैं, जो अपने चाहने वालों का एंटरटेंमेंट करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। कंटेंट और स्टार पावर के सही तालमेल से फिल्में हिट होती हैं

अक्षय एक और उदाहरण देते हुए कहते हैं, %सलमान की वॉन्टेड से पहले लगभग 11 से 12 फिल्में फ्लॉप रही थीं। शाहिद कपूर की विवाह, जब वी मेट के दौरान और आगे आई फिल्में फ्लॉप रही थीं, पर उन्होंने कबीर सिंह से कमबैक किया। यानी कई बार मामला सिर्फ कंटेंट या स्टार पावर का नहीं होता है। बात होती है कंटेंट और स्टार पावर की भागीदारी की। दोनों के सही तालमेल से बात बनती है।

# विक्रांत सिंह राजपूत और शिल्पी राज का गाना ‘राजा हमका भी गोवा घुमाई दा’ रिलीज



अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत का भोजपुरी गाना ‘राजा हमका भी गोवा घुमाई दा’ रिलीज हो गया है। राजा हमका भी गोवा घुमाई दा गाना को शिल्पी राज ने आवाज दी है। इस गाने में विक्रांत सिंह राजपूत और आकांक्षा दुबे की केमेस्ट्री नजर आ रही है।मिनी लाइव भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर गाना ‘राजा हमका भी गोवा घुमाई दा’ रिलीज किया गया है। विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा, ÷नए फ्लेवर और कलेवर का है हमारा गाना ‘राजा हमका भी गोवा घुमाई दा’, जिसे जरूर देखें। यह गाना भोजपुरी म्यूजिक लवर्स को इंटरटेनमेंट का नया अंदाज देगा। मेरी कोशिश हमेशा से रही है कि मैं स्टीरिओ टाइप चीजों से अलग काम करूं। यही वजह है कि टीवी हो या फिल्म या फिर म्यूजिक, मैं हर जगह क्रिएटिव काम करना पसंद करता हूं। आप मेरे इस गाने को ही देख लीजिए। आपको यकीनन पसंद आने वाली है। गौरतलब है कि गाना ‘राजा हमका भी गोवा घुमाई दा’ का लिरिक्स और म्यूजिक विकास मिश्रा का है। कोरियोग्राफर दिलीप मिस्त्री और दीपा मिस्त्री हैं। डीओपी फिरोज खान हैं।निर्देशक आलोक सिंह हैं। कन्सेप्ट बृजेश कश्यप, मनोज टाइगर और आलोक सिंह का है।

# क्रिसमस के बाद न्यू ईयर सेलिब्रेट करने निकले जैकी-रकुलप्रीत





बॉलीवुड के पॉपुलर कपल जैकी भगनानी और रकुलप्रीत सिंह को हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। सोशल मीडिया पर कपल का एक वीडियो सामने आया है, जिसे देख लग रहा है कि दोनों न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के लिए कहीं रवाना हो रहे हैं। इस दौरान रकुलप्रीत व्हाइट-आरेंज आउटफिट में नजर आईं। वहीं ग्रीन शर्ट और ब्लू जींस में दिखाई दिए। हाल ही में रकुलप्रीत को जैकी के बर्थडे पार्टी में स्पॉट किया गया था। रकुल और जैकी काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। रकुल ने साल 2021 में जैकी के बर्थडे के मौके पर अपने रिलेशनशिप को पब्लिक किया था। तब से लेकर अभी तक कपल एक दूसरे को डेट कर रहे हैं।

# शादी के लहंगे की फिटिंग से लेकर राहा की डिलीवरी,साल के अंत में आलिया भट्ट ने शेयर की अपनी 2022 की जर्नी



**आलिया भट्ट ने 2022 की जर्नी की कुछ अनदेखी फोटोज का एक वीडियो शेयर किया**

एक्ट्रेस आलिया भट्ट के लिए साल 2022 काफी खास रहा। एक्ट्रेस ने इस साल 4 ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। इसके अलावा उन्होंने बॉयफ्रेंड रणबीर कपूर संग शादी की और फिर एक प्यारी-सी बेटी राहा कपूर को जन्म दिया है। इसी बीच आलिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक प्यारा सा वीडियो शेयर किया है। जल्द ही 2023 की शुरुआत होने वाली है। इससे पहले आलिया ने अपनी 2022 की जर्नी की कुछ अनदेखी फोटोज का एक वीडियो शेयर किया है। आलिया के इस वीडियो में उन्होंने अपना 29वां बर्थडे, बर्लिन फेस्टिवल, हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन की शूटिंग, शादी के लहंगे की फिटिंग, हल्दी के लुक से लेकर प्रेग्नेंसी में वॉक करने, स्विमिंग करने और राहा को जन्म देने के बाद की पहली फोटो भी वीडियो में शेयर की है। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, %तस्वीरें जो कभी ग्राम (इंस्टाग्राम) तक नहीं पहुंची%। आलिया के इस वीडियो पर फैंस अपना जमकर प्यार लुटा रहे हैं।बौलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट का इंडियन हो या वेस्टर्न, हर फैशन सुर्खियों में रहता है. हालांकि कई बार वह अपने फैशन के चलते ट्रोलिंग का शिकार हो जाती हैं. बीते दिनों एक्ट्रेस अपने लहंगे के कारण ट्रोलिंग का शिकार भी हो चुकी हैं. हालांकि फैंस को आलिया के लहंगे का कलेक्शन बेहद पसंद हैं, जिसके चलते आज हम आपके लिए लेकर आए हैं आलिया भट्ट के लहंगे कलेक्शन की झलक. इन लहंगों को आप दोस्त की शादी हो या फैमिली में रिसेप्शन, किसी भी पार्टी ओकेशन पर ट्राय कर सकती हैं.शादी में लहंगों के कई कलर औप्शन मौजूद हैं. लेकिन आलिया भट्ट का रौयल ब्लू लहंगा आज भी फैंस को बेहद पसंद आता है. बीते दिनों एक्टर रणबीर कपूर के साथ फोटोज शेयर करते हुए आलिया ने रौयल ब्लू कलर का लहंगा पहने नजर आईं थीं. वहीं इस लुक के साथ गोल्डन ज्वैलरी पहने वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं. आलिया भट्ट का ये लुक आज भी फैंस को काफी पसंद आता है, जिसके चलते वह इस लुक को कौपी करते हुए नजर आते हैं।

# तुनिषा के अलावा दूसरी लड़की को डेट करता था शीजान

**पुलिस ने की सीक्रेट गर्लफ्रेंड की पहचान, व्हाट्सएप चैट और वॉयस रिकॉर्डिंग भी रिकवर की गई**



टीवी एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा सुसाइड केस में गिरफ्तार शीजान मोहम्मद खान की एक सीक्रेट गर्लफ्रेंड का खुलासा हुआ है। पुलिस का कहना है कि उन्होंने शीजान की सीक्रेट गर्लफ्रेंड का पता लगा लिया है। अभी तक उससे पूछताछ नहीं की है। पुलिस अब एंजाइटी के मुद्दे पर तुनिषा शर्मा के परिवार से पूछताछ करेगी। वहीं तुनिषा की मां विनीता शर्मा का बयान दोबारा लिया जाएगा।

दरअसल तुनिषा ने 24 दिसंबर को शूटिंग के सेट पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। तुनिषा के खुदकुशी करने के कुछ ही घंटे के बाद उनकी मां की शिकायत पर उनके को-स्टार शीजान मोहम्मद खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। शीजान पर खुदकुशी के लिए उकसाने का केस दर्ज कर चार दिनों के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस ने नए अपडेट में बताया गया है कि वालीव पुलिस ने शीजान के फोन से व्हाट्सएप चैट और रिकॉर्डिंग को रिट्रीव कर लिया है। उन्होंने सभी चैट को स्कैन किया है। पुलिस को शीजान और तुनिषा के बीच चैट में कुछ भी गलत या संदिग्ध नहीं पाया। हालांकि उन्होंने अभी तक तुनिषा का फोन अनलॉक नहीं किया है।

सूत्रों का दावा है कि पुलिस रिकॉर्डिंग के दौरान शीजान बार-बार अपने बयान बदल रहा है। उन्होंने इस बारे में बात करते हुए आगे कहा, %शीजान के सभी बयान कैमरे पर रिकॉर्ड किए जा रहे हैं। ब्रेकअप के पीछे धर्म में मतभेदों के बारे में बात करने के बाद, शीजान अब दावा कर रहा है कि वो अपने करियर पर ध्यान देना चाहता था और इसलिए उसने तुनिषा से ब्रेकअप कर लिया। वालीव पुलिस कोर्ट से आज शीजान की रिमांड को आगे बढ़ाने का अपील करेगी।

सूत्र ने आगे बताया, पुलिस ने घटना के दिन शूट के फुटेज को कस्टडी में ले लिया है ताकि ये समझ सकें कि शूटिंग के दौरान तुनिषा के साथ कुछ गलत तो नहीं हुआ।

तुनिषा अपने को-स्टार शीजान खान के साथ रिलेशनशिप में थीं। एक्ट्रेस की मौत के बाद पुलिस ने शीजान को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि पुलिस ने दावा किया कि पूछताछ में शीजान ने उम्र और धर्म की वजह से तुनिषा के साथ ब्रेकअप की बात मानी है। उसने बताया है कि तुनिषा भी अलग होना चाहती थी। साथ ही शीजान ने ये भी खुलासा किया कि तुनिषा ने पहले भी आत्महत्या करने की कोशिश की थी, लेकिन उस समय उन्होंने तुनिषा को बचा लिया था।

## मीडिया पर फूटा रीम शेख का गुस्सा, अंतिम संस्कार पर तुनिषा शर्मा की मां का वीडियो बनाने पर हुई नाराज

कल टीवी एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा पंचतत्व में विलीन हो गई। उनके अंतिम संस्कार पर टीवी की कई बड़ी हस्तियां उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंची थी। मीडिया ने सभी सितारों को इस दौरान अपने कैमरा में कैद किया। ऐसे में अपनी खास दोस्त तुनिषा को आखिरी अलविदा कहने टीवी एक्ट्रेस रीम शेख भी वहां मौजूद रही। लेकिन अब एक्ट्रेस मीडिया से इतनी खफा हैं कि उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकली है। दरअसल, ये मौका बहुत ही नाजुक था लेकिन इस बीच जिस तरह से मीडिया ने तुनिषा शर्मा की मां के साथ बर्ताव किया वो रीम शेख को जरा भी बर्दाश नहीं हुआ। जिसके बाद एक्ट्रेस ने दुखी होकर एक पोस्ट शेयर किया और अंतिम संस्कार पर तुनिषा की बेसुध मां का वीडियो निकालने पर मीडिया को फटकार लगाई। आपको बता दें, श्मशान घाट पर तुनीषा की मां वनीता शर्मा का रो-रोकर बुरा हाल हो रखा था। वो बेहोशी की हालत में थी और इस दौरान तुनिषा के दोस्त और इंडस्ट्री के साथी उनकी मां को संभालते हुए नजर आए। हालांकि मीडिया उस वक्त भी वीडियो बनाता रहा, जिसे देख अब रिम ने एक लम्बा पोस्ट किया है। जिसमे लिखा है, श्आज हमने एक हंसी खोई है। जिंदगी से भरे इंसान को खोया है, जो हमें इतनी जल्दी छोड़कर चला गया। उसे यूं जाने देना दिल तोड़ देने वाला था। एक एक्टर होने के नाते हमारी जिंदगी एक खुली किताब की तरह है और हम इस बात की तारीफ करते हैं कि मीडिया हमेशा हमारे सुख-दुख का हिस्सा रहा है।

## महंगे तेल छोड़िए, इस तरह घर पर बनाकर लगाएं बालों का तेल, मिलेंगे गजब के फायदे

आजकल की भागदौड़ वाली जिंदगी में लोगों के खानपान और लाइफस्टाइल में काफी बदलाव आया है। इसके चलते लोग सेहत पर ज्यादा ध्यान नहीं दे पा रहे। कम उम्र में ही लोगों के बाल झड़ने लगते हैं और सफेद भी होने लगते हैं, कई महिलाएं ऐसी समस्या से जूझ रही हैं। कमजोर और रुखे बालों के पीछे कई सारे कारण हो सकते हैं, जैसे खराब खान-पान, ज्यादा हेयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल और बालों पर बिल्कुल भी ध्यान ना देना। ऐसे बालों को और भी ज्यादा देखभाल कि जरुरत होती है। अगर आप भी ऐसी समस्या से जूझ रही हैं तो आपको कुछ टिप्स दे रहे हैं, जिससे आपके बाल काले, घने और चमकदार होगें। आईए जानते हैं 4 ऐसे तेल के बारे में जिसे आप घर पर बना सकते हैं....

**करी पत्ता का तेल**

इस तेल को बनाने के लिए एक कटोरी में नारियल का तेल लें और उसे गर्म कर लें। अब इसमें ताजा या फिर सूखे करी पत्ते डालकर पका लें। इस तेल को ठंडा करके शीशी में भर लें और बालों की मालिश करने के लिए इस्तेमाल करें। ये तेल हेयर ग्रोथ के साथ-साथ बालों को लंबे समय तक काला बनाए रखता है।

**प्याज का तेल**

बालों के लिए प्याज बेहतरीन साबित होता है। बिना किसी केमिकल के घर पर ही प्याज का तेल तैयार करने के लिए कटोरी में नारियल के तेल को गर्म करें और इसमें प्याज को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर डालें।

# बदलते दौर में मील रिप्लेसमेंट

बदलते दौर में जब महिलाएं घरगृहस्थी के दायरे से निकल कर हाईटेक समाज में जगह बना रही हैं, तो ऐसे में खुद के लिए वक्त निकाल पाना कठिन होता जा रहा है. वक्त के साथसाथ समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है. चुस्तदुरुस्त और फिट दिखना अब बेहद जरूरी है. स्वस्थ तनमन, खूबसूरत काया, स्लिम फिगर, आकर्षक बनावट को बनाए रखने के लिए प्रोटीन, फाइबर, विटामिंस, मिनरल्स, कार्बोहाइड्रेट व फैट को परफेक्ट और नियंत्रित मात्रा में लेने की जरूरत है. इस के लिए प्रतिदिन 3 वक्त के खाने के लिए पूरा दिन खाने का सामान जुटाने में बिताना होगा जो संभव नहीं. ऐसे में महिलाओं को लेना होगा एक ऐसा विकल्प, जो बिना ज्यादा वक्त लिए उन की खूबसूरती और अच्छे स्वास्थ्य को बरकरार रख सके. प्रोटीन, विटामिन आदि पदार्थों का सही मात्रा में सेवन गोलियों, ड्रिंक्स, पाउडर आदि के रूप में होता है. इंस्टेंट एनर्जी देने वाले मील रिप्लेसमेंट आइटम्स ज्यादा महंगे नहीं होते हैं. धीरेधीरे ये और सस्ते होते जाएंगे. न खाना पकाने का झंझट, न टेबल तैयार करने की चिंता, न ही बैठ कर खाते हुए कहीं जाने में देर हो जाने की फिक्र और पोषण का पूरा वादा।

**टाइनी टेबलेट्स**



ये भूख का एक ‘मैजिक सोल्यूशन’ हैं. छोटीछोटी गोलियों के रूप में ये टेबलेट्स कमाल की पोषक तत्त्व होती हैं. भूख लगने पर ये टेबलेट्स आहार में लिए जाने वाले सभी महत्त्वपूर्ण पोषक तत्त्वों के साथ पेट भरती हैं. जी हां, ये पिल्स मील रिप्लेसमेंट हैं यानी भोजन के विकल्प के रूप में ली जाने वाली गोलियां. एक पोषक डाइट की तरह इन में प्रोटीन, मिनरल, मल्टीविटामिन व अन्य पोषक पदार्थों के साथ केवल जरूरत के अनुसार कार्बोहाइड्रेट और बिलकुल नाम मात्र का फैट मौजूद होता है. इस में अनुमानित कैलोरी करीब 1,200 होती है, हालांकि इस की मात्रा कंपनी पर निर्भर करती है. तीनों वक्त केवल मील रिप्लेसमेंट पिल्स पर निर्भर रहना भी सेहत के हित में नहीं है. मील रिप्लेसमेंट टेबलेट डाइट पिल्स का पर्याय नहीं हैं।

**2. पावर पाउडर**

पावर पाउडर उन लोगों के लिए है, जो व्यस्त रहने के कारण ठीक प्रकार से अपने खानपान पर ध्यान नहीं दे पाते. चुस्तदुरुस्त, आकर्षक शरीर की चाहत पूरी करने हेतु एक वक्त के भोजन के बदले लिया जाने वाला मील रिप्लेसमेंट पाउडर जूस, दूध या पानी के साथ लिया जा सकता है. इस पाउडर में प्रोटीन की काफी बढ़ी हुई मात्रा लगभग 20 से 25 ग्राम तक, कम कार्बोहाइड्रेट, कम फैट और प्रचुर मात्रा में विभिन्न मिनरल व विटामिन होते हैं. आमतौर पर इस के एक बार के सेवन से 200 से 600 कैलोरी मिलती है. यह कई फ्लेवर्स में उपलब्ध है।

**3. सेहतमंद शेक**

रेडी टू ड्रिंक पेय पदार्थ केवल पैकेट से खोल कर पीए जा सकते हैं, जैसे कोल्ड ड्रिंक्स, पैक्ड जूस या पानी की बोतल. इन की गुणवत्ता कम नहीं होती. बौडी बिल्डर या नियमित जिम जाने वालों के लिए तो अभी भी अलग तरह के न्यूट्रिशियस शेक आते हैं, जो मील रिप्लेसमेंट नहीं होते हैं, बल्कि भोजन के साथ लिए जाने वाले सप्लीमेंट होते हैं. इन में शुगर की मात्रा ज्यादा होने की वजह से कैलोरी काफी ज्यादा होती है।